CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK1 User: cci Time: 01-09-2026 23:13 Color:

महानगर > मुंबई > शनिवार, 10 जनवरी 2026 > पौष 21, शक संवत 1947, माघ कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 77, संख्या 9 > मूल्य ₹6.00 > पेज 14+2* > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।




## लैंड फॉर जॉब्स केस में लालू के खिलाफ आरोप तय

▶ देखें अंदर



## ED के छापों के खिलाफ कोलकाता में ममता का मार्च

▶ देखें अंदर



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: c-suman.v Time: 01-09-2026 23:04 Color:

संवाद

# नवभारत टाइम्स


नवभारत टाइम्स । मुंबई । शनिवार, 10 जनवरी 2026

## दूर रहे अमेरिका

### फिर आम ईरानी नागरिक सड़कों पर हैं

**ईरान में** महंगाई के खिलाफ आम लोगों का विरोध-प्रदर्शन धीरे-धीरे तेहरान बनाम वॉशिंगटन होता जा रहा है। इस्लामिक देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का संबोधन डॉनल्ड ट्रंप के लिए चेतावनी है, जो जरूरत पड़ने पर ईरान में दखल देने की बात कह चुके हैं।

**पश्चिम के प्रतिबंध ।** ईरान की समस्या बहुत हद तक पैदा की हुई है। 1979 की क्रांति में शाह के पतन और इस्लामिक गणराज्य की स्थापना के समय से ही ईरान को पश्चिमी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। इस समय भी परमाणु हथियारों के कार्यक्रम पर रोक नहीं लगाने के आरोप में अमेरिका और यूरोप ने ईरान पर कई तरह के प्रतिबंध लाद रखे हैं। कुछ इन पाबंदियों और कुछ सरकारी नीतियों की वजह से ईरान की इकॉनमी आज डूबने के कगार पर पहुंची हुई है।



महंगाई से नाराजगी

**आर्थिक संकट ।** सरकारी आंकड़े बताते हैं कि ईरान में महंगाई दर 42% हो गई है। खाने-पीने के दाम बेतहाशा बढ़े हैं और जरूरी चीजों के दाम में 110% तक की बढ़ोत्तरी हुई है। ईरान के पास दुनिया के कुल तेल भंडार का 9-10% है, लेकिन अमेरिका ने उस पर यह कहते हुए कड़े प्रतिबंध लाद रखे हैं कि इन पैसों का इस्तेमाल परमाणु हथियार विकसित करने में होता है।


**जनता में असंतोष ।** दशकों की इन पाबंदियों की वजह से ईरान को कभी संभलने का मौका नहीं मिला। पश्चिम की दुश्मनी खामेनेई से है, पर भुगतना जनता को पड़ रहा है। ऊपर से कट्टरता, शासन व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं, मानवाधिकार का उल्लंघन जैसे आरोप भी हैं, जिनके विरोध में हर कुछ वक्त बाद ईरानी सड़कों पर उतरे नजर आते हैं। साल 2022 में भी ऐसे ही उग्र प्रदर्शन हुए थे, जब हिजाब न पहनने के आरोप में एक युवती को हिरासत में लिया गया था और उसकी मौत हो गई थी।

**हालात बिगड़ेंगे ।** ताजा विरोध-प्रदर्शन देश के अधिकतर हिस्सों तक फैल चुके हैं। खबरों के मुताबिक, 45 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इंटरनेट बंद है और आम ईरानियों की सुरक्षा को लेकर पूरी दुनिया में चिंता है, लेकिन संप्रभु देश के मामलों में अमेरिका को कूदने का अधिकार नहीं है। पिछले साल जून में अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर एयर स्ट्राइक की थी, लेकिन उसका कोई फायदा नहीं निकला। इससे पहले भी कई उदाहरण हैं, जहां अमेरिकी हस्तक्षेप से हालात और बिगड़े ही। ईरान का फैसला वहां की जनता ही करे तो अच्छा होगा।

## अंतर्दृष्टि

## खुद के भीतर झांकें, तो सामने आएगा अलग सच

**इंसान बार-बार** यह कहता है कि वह खुश रहना चाहता है। वह खुशी खोजता है रिश्तों में, उपलब्धियों में, यात्राओं में, मनोरंजन में और बाहरी सफलताओं में। पर यदि हम थोड़ी देर ईमानदारी से भीतर झांकें, तो एक अलग सच सामने आता है। हम वास्तव में हर समय खुश रहना नहीं चाहते। हम बस यह चाहते हैं कि कोई हमें समझ ले। कोई हमारी उलझन को देख ले, हमारे मौन को सुन ले और हमारे भीतर चल रहे संघर्ष को बिना जज किए स्वीकार कर ले। दुख का सबसे बड़ा कारण जीवन की कठिनाई नहीं होती, बल्कि यह अनुभव होता है कि हमारी बात कोई सुन नहीं रहा। हम बोलते बहुत हैं, पर कह नहीं पाते। और जब कह नहीं पाते, तो भीतर एक भारीपन जमने लगता है। अक्सर हम कहते हैं कि फलां व्यक्ति खुश नहीं है, जबकि सच्चाई यह होती है कि वह व्यक्ति कुछ कहना चाह रहा होता है, जिसे कोई सुन नहीं रहा होता। जब किसी की पीड़ा को बार-बार हल्के में लिया जाता है, जब उसके प्रश्नों को टाल दिया जाता है, जब उसकी भावनाओं को कमजोरी कह दिया जाता है, तो वह व्यक्ति धीरे-धीरे खुद से कटने लगता है। वह बाहर से मुस्कराता है, पर भीतर से सिकुड़ जाता है। समस्या यह भी है कि हम खुद को भी समझने का समय नहीं देते। हम अपने ही भीतर उठ रही भावनाओं से भागते हैं। जब हम खुद को नहीं समझते, तो दूसरों से समझे जाने की अपेक्षा कैसे कर सकते हैं। समझा जाना केवल सहमति नहीं होता। कोई आपसे सहमत न भी हो, फिर भी वह आपको समझ सकता है। समझे जाने का मतलब यह है कि कोई आपकी स्थिति को महसूस करने की कोशिश करे। यह एक मानवीय जरूरत है, जो उम्र, पद या सफलता से कम नहीं होती। शायद इसीलिए बड़े पदों पर बैठे लोग भी भीतर से खाली महसूस करते हैं।



सुंदर चंद ठाकुर

हमारे समाज में खुशी को लक्ष्य बना दिया गया है। हर कोई कहता है कि खुश रहो। पर कोई यह नहीं सिखाता कि पहले खुद को समझो। खुशी परिणाम है, समझ प्रक्रिया है। जब समझ आती है, तो खुशी अपने आप जन्म लेती है। जब दो लोग एक दूसरे को समझने लगते हैं, तो शिकायतें कम हो जाती हैं। आध्यात्मिक दृष्टि से भी देखा जाए, तो स्वयं को समझना ही आत्मा की ओर पहला कदम है। जब हम अपने विचारों, भय और इच्छाओं को बिना विरोध के देख पाते हैं, तब भीतर एक गहरी स्वीकार्यता जन्म लेती है। यही स्वीकार्यता हमें दूसरों के प्रति भी करुणामय बनाती है। शायद जीवन का सबसे बड़ा अभ्यास यही है कि हम सुनना सीखें। पहले खुद को, फिर दूसरों को। हम हर समय खुश रहना नहीं चाहते। बस यह जानना चाहते हैं कि हम जैसे हैं, वैसे ही स्वीकार किए जा सकते हैं। और जब यह अनुभूति भीतर गहराती है, तो खुशी कोई लक्ष्य नहीं रह जाती, वह जीवन की स्वाभाविक अवस्था बन जाती है।

## ऑफ़ दि ट्रैक


## बस 10 मिनट!

दिलीप लाल

**आमतौर पर** लंबे समय तक व्यायाम करने की सलाह दी जाती है। लेकिन न्यूकैसल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के एक नए अध्ययन से पता चला है कि सिर्फ 10 मिनट का भी तेज व्यायाम ऐसे जैविक बदलाव शुरू कर सकता है, जो कैंसर, विशेष रूप से आंत (बॉवेल) के कैंसर के खतरे को कम करने में मददगार हो सकते हैं। रस्सी कूदना, तेज साइक्लिंग, तैराकी, फुटबॉल या बास्केटबॉल जैसे खेल जोरदार व्यायाम के अच्छे उदाहरण हैं। इस तरह की एक्सरसाइज से रक्त में कुछ खास जैविक अणुओं की मात्रा बढ़ जाती है। ये अणु डीएनए की मरम्मत की प्रक्रिया को सक्रिय करते हैं और कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि से जुड़े संकेतों को दबाते हैं। अपनी स्टडी में वैज्ञानिकों ने पाया कि करीब 1,300 जीनों की गतिविधि में बदलाव देखा गया और कैंसर कोशिकाओं की आक्रामकता से जुड़े जीन कमजोर पड़ गए। यह अध्ययन इंटरनैशनल जर्नल ऑफ कैंसर में प्रकाशित हुआ है। इसमें 50 से 78 वर्ष की आयु के 30 ऐसे लोग शामिल थे, जो अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त थे। सभी प्रतिभागियों ने लगभग 10 मिनट का तेज व्यायाम किया, जिसके बाद उनके रक्त में मौजूद प्रोटीन का विश्लेषण किया गया। भविष्य में इन्हीं जैविक प्रभावों के आधार पर कैंसर से जुड़े नए उपचार विकसित किए जा सकते हैं।

### AI प्रोग्राम LLM की मदद से खोजे जा सकते हैं अनसुलझे जवाब

# AI साइंस को देगा नई ख़ुशख़बरी



AI Image

**इक्कीसवीं सदी** की पहली चौथाई कुछ अद्भुत खबरों के साथ पूरी हो रही है। प्लूटो से ग्रह का दर्जा छीन लिए जाने के बाद हमारे सौरमंडल का सबसे दूरवर्ती ग्रह नेप्च्यून ही रह गया है। लेकिन दिसंबर 2025 के आखिरी हफ्ते में जापानी खगोलशास्त्रियों ने इन्फ्रारेड इमेजिंग वाले दो सैटेलाइटों से 1983 और 2006 में खींची गई सौरमंडल के बाहरी हिस्सों की तस्वीरों की तुलना करके बताया है कि इन तस्वीरों में कोई चीज इन्हीं 23 वर्षों में अपनी जगह से हटी हुई दिख रही है। धरती की 7 से 17 गुना वजनी यह निपट बर्फीली चीज सौरमंडल का नवां ग्रह हो सकती है।



चंद्रभूषण

**AI एजेंट्स का दौर ।** तकनीकी की सबसे बड़ी खबरें अभी आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से जुड़ी हैं। AI एजेंट्स का दौर शुरू हो चुका है। AI एजेंट्स यानी साइंटिफिक रिसर्च में काम आने वाले ऐसे AI प्रोग्राम जो कई लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (LLM) की मदद से अनसुलझे सवालों के भरोसेमंद जवाब खोज लें। ऐसी कोशिशें भारत समेत कई देशों में आज भी जारी हैं। बड़ी बात यह कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से वैज्ञानिक खोज जैसी कोई घटना शायद 2026 में सुनने को मिल जाए। बात इसके बहुत करीब पहुंच चुकी है।

**कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश ।** 2016 के पेरिस जलवायु समझौते में 2035 तक दुनिया का कुल कार्बन उत्सर्जन उस समय की तुलना में आधे पर ला देने की बात थी। यह लक्ष्य हासिल होने की उम्मीद कम है, लेकिन 2025 में सौर पैनलों और पवन चक्कियों से दुनिया ने उतनी ही बिजली बनाई, जितनी कोयले और गैस से। यही नहीं, दुनिया का 35 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जित करने वाले मुल्क चीन ने अपने उत्सर्जन का बढ़ना रोक दिया है। यानी रास्ता खुलने लगा है।

**केमिकल लेप से बिजली ।** पेरोव्स्काइट नाम के केमिकल के लेप से सौर बिजली बनाने पर चल रहा काम काफी समय से दुविधा में घिरा था। कारण यह कि खुले में नमी और धूप यह केमिकल ज्यादा देर तक बर्दाश्त नहीं कर पाता। फिर सिलिकॉन पैनल वाले पारंपरिक तरीके और पेरोव्स्काइट को मिलाकर कुछ नया करने के प्रयोग दुनिया भर में शुरू हुए। लेकिन 2025 में ऐसे टैंडेम सेल्स की बिजली उत्पादन क्षमता का स्तर 34 प्रतिशत से भी ऊपर ले जाकर चीनियों ने बाजी मार ली। यह सेल कम धूप में भी बिजली बना लेता है और इसका साथ देने के लिए दो सस्ती, सुरक्षित और कॉम्पैक्ट बैटरियों की खोज 2025 की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**क्वांटम कंप्यूटर ।** 2035 का एक लक्ष्य फ्रांस में चल रहे प्रायोगिक फ्यूजन एनर्जी प्रॉजेक्ट को तब तक 500 मेगावाट क्षमता वाले पावरहाउस की शक्ल देने का रहा है। बीते दिसंबर में जर्मनी की एक लैब ने अपने यहां दस करोड़ डिग्री सेल्सियस वाला फ्यूजन प्लाज्मा आधा घंटा टिका लिया, जिसका कुछ सेकंड ठहर जाना भी बड़ी बात मानी जाती रही है। ऐसा तीसरा लक्ष्य क्वांटम कंप्यूटर्स से जुड़ा है। इससे जुड़े कई ब्रेकथ्रू इस साल चर्चा में रहे, जिनमें माइक्रोसॉफ्ट की मायोराना-1 क्वांटम चिप को सबसे क्रांतिकारी पहल समझा गया। बहरहाल, बात तो तब है जब क्वांटम कंप्यूटर अपनी असाधारण क्षमताओं के साथ कामकाजी दायरे में आ जाएं।

**सेल्फ हीलिंग इन्फ्रा ।** एक बहुत बड़ी खोज सेल्फ हीलिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में हुई है। कोई बड़ा पुल या इमारत या ऑयल पाइपलाइन या कोई विशाल मशीन अपने निर्माण के समय भीतर रह गई छोटी-मोटी दरारों के चलते या किसी और अनदेखी खराबी से कम समय में बर्बाद हो जाती है तो समाज का बहुत नुकसान होता है। एक अनुमान है कि दुनिया को अभी हर साल इस मद में ढाई लाख करोड़ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ रहा है। अभी इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), सेल्फ हीलिंग मटीरियल और कंट्रोल्ड रिलीज मेकेनिज्म की मदद से इस समस्या को निर्मूल करना संभव हो गया है। आप ढांचे पर सिर्फ एक महंगा पेंट लगाकर उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतामुक्त हो जाएंगे।

**चंद्र अभियानों में तेजी ।** साल 2026 को चंद्र अभियानों का साल भी कहा जा रहा है। नासा का आर्टेमिस-2 मिशन इस साल ओरियन स्पेसक्राफ्ट से अपने चार अंतरिक्षयात्रियों को दस दिन के एक अभियान में चंद्रमा का चक्कर लगाने भेज रहा है। चीन भी अपने कामयाब चंद्र अभियानों की श्रृंखला में चांग ई-7 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने की तैयारी में है जिसका मकसद होगा वहां पानी तलाशने का अभियान आगे बढ़ाना। रही बात भारत की तो हमारा गगनयान इंसानी शरीर पर अंतरिक्ष यात्रा के प्रभावों को समझने के लिए जनवरी से मार्च के बीच कभी भी एक रोबॉट सवार को लेकर अंतरिक्ष में जा सकता है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

**2026 में संभावनाएं**

- सेल्फ हीलिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर से उम्मीदें
- पुलों और इमारतों को मिलेगी नई जान
- कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश के आसार




## हरियाणा ने कैसे किया कमाल

**साल 2011 की जनगणना में सेक्स रेश्यो में सबसे फिसड्डी रहे हरियाणा की स्थिति अब काफी सुधर गई है। राज्य में 2011 में प्रति 1,000 लड़कों पर 834 लड़कियां थी, जो साल 2025 में बढ़कर 923 हो गई। जानते हैं कि कैसे आया बदलाव।**

**5 पॉइंट**

**1 देश के बराबर**
सेक्स रेश्यो के मामले में हरियाणा अब देश से कदमताल कर रहा है। तीन जिलों की उपलब्धि खास उल्लेखनीय है। पंचकूला में 1,000 लड़कों पर 971, फतेहाबाद में 961 और पानीपत में 951 लड़कियां हैं।

**2 अभियान का असर**
बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ अभियान के तहत 2015 से अब तक 65,000 कन्या भ्रूणों को बचाया जा चुका है। जन्म से पूर्व लिंग जांच मामलों में 1,375 मेडिकल प्रैक्टिशनर और अल्ट्रासाउंड सेंटर पर FIR हुई है।

**3 ऑनलाइन निगरानी**
सरकार ने हर जिले के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर का वट्सऐप ग्रुप बनाया। इसकी लगातार मॉनिटरिंग होती है। अस्पतालों में प्रेग्नेंसी टेस्ट कराने वाली महिलाओं को 12 अंकों की यूनिक आईडी दी जाती है। इससे प्रेग्नेंट महिलाओं का रजिस्ट्रेशन 37% बढ़ गया।

**4 सहेली परियोजना**
हरियाणा में पिछले साल अप्रैल से सहेली परियोजना चलाई जा रही है। इसके तहत 1 बेटी वाली प्रेग्नेंट महिला की खास देखरेख की जाती है। एक साल में ही प्रेग्नेंसी की शुरुआत में अबॉर्शन दर 57% तक घट गई।

**5 जागरूकता और इनाम**
फर्जी लिंग जांच केंद्रों और भ्रूण हत्या करने वालों की खुफिया जानकारी देने पर सरकार 1 लाख रुपये का इनाम देती है। ऐसी सूचना देने वालों को सरकार ने पिछले 10 बरसों में 5 करोड़ रुपये बांटे। प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र

# अरावली को हर हाल में बचाना होगा

*अरावली रेंज की 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को इसका हिस्सा न मानने के अपने ही आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। अरावली संरक्षण में जुटे एक्टिविस्ट और पर्यावरणविद् इसका स्वागत कर रहे हैं। लेकिन उन्हें चिंता है कि अब एक्सपर्ट कमिटी तय करेगी कि अरावली का हिस्सा क्या है और क्या नहीं। उनका मानना है कि अरावली को परिभाषित करने की जरूरत नहीं है, बल्कि इसके पूर्ण संरक्षण और बचाव की दरकार है। **पूनम गौड़** ने अरावली पर्वतमाला से जुड़े पूरे विवाद पर पीपल फॉर अरावली की फाउंडर मेंबर और अरावली विरासत जन अभियान की सदस्य नीलम अहलूवालिया से बातचीत की:*



NBT सप्ताह का इंटरव्यू

नीलम अहलूवालिया

**■ सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की नई परिभाषा पर रोक लगा दी है। आपकी इस पर क्या राय है?**

फैसले का हम स्वागत करते हैं। लेकिन अब एक्सपर्ट कमिटियां तय करेंगी कि अरावली का हिस्सा क्या है और क्या नहीं? अरावली को परिभाषित करने की जरूरत नहीं है। उसके पूर्ण संरक्षण और बचाव की जरूरत है, क्योंकि यह पहले ही खनन और रीयल एस्टेट की वजह से बहुत बर्बाद हो चुकी है।

**■ क्या स्टे के बाद विवाद थम जाएगा?**

नहीं, अरावली को जब तक पूरी तरह संरक्षण नहीं मिलता, तब तक विवाद रहेगा। लंबे समय से अरावली को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं। अवैध खनन समेत कई मुद्दे हैं, जिनके खिलाफ लोग आवाज उठा रहे हैं। आंदोलन जारी रहेगा।

**■ सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की जिस नई परिभाषा को मंजूरी दी, उस पर क्या विवाद है?**

20 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली अरावली की नई परिभाषा को मंजूरी दी। इसमें उन्हीं पहाड़ियों को अरावली मानने की बात थी जो 100 मीटर या इससे अधिक ऊंची हो। यानी 100 मीटर से कम ऊंची पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं रहेंगी। अरावली का गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में काफी हिस्सा कम ऊंचाई वाला ही है। नई परिभाषा से यह क्षेत्र कानूनी संरक्षण के दायरे में नहीं आता।

**■ इसका क्या और कितना असर पड़ता?**

हरियाणा का फॉरेस्ट कवर देश में सबसे कम है। यह सिर्फ 3.6% है। नई परिभाषा से यह और अधिक सिमट सकता है। राज्य में ज्यादातर जंगल अरावली की कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों के आसपास ही हैं। ये पहाड़ियां 100 मीटर से ऊंची नहीं है। नई परिभाषा से अरावली में माइनिंग और रीयल एस्टेट कंपनियों की पहुंच आसान हो जाएगी। राजस्थान और गुजरात में भी अरावली के कई इलाके खनन आदि के लिए खुल जाएंगे।

**■ अब यहां से आगे अरावली विरासत जन अभियान का क्या रुख होगा?**

अरावली विरासत जन अभियान जारी रहेगा। अब हमारी मांग पूरी तरह सहभागी और पारदर्शी प्रक्रिया के लिए है। हम ऐसी प्रक्रिया नहीं चाहते जो केवल एमिकस (Amicus), सरकार और अदालत तक सीमित होकर रह जाए। गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में अरावली रेंज में रहने वालों का इस निर्णय में शामिल होना जरूरी है। अरावली बची तो उनकी रोजी-रोटी सुरक्षित रहेगी। चारों राज्यों में फैली अरावली रेंज के समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले असर का भी अध्ययन होना चाहिए। यह अध्ययन मरुस्थल बनने के खिलाफ हमारी ढाल, वॉटर रिचार्ज जोन, जलवायु नियामक, प्रदूषण सोखने वाले स्रोत और वन्यजीव आवास को खनन, रीयल एस्टेट, अतिक्रमण, कचरा डंपिंग और उसे जलाने से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए जरूरी है। इसमें आसपास बसे लोगों की सेहत और रोजी-रोटी को हुए नुकसान को भी शामिल करना चाहिए।

> गुजरात, राजस्थान और हरियाणा में अरावली रेंज की गोद में रहने वाले लोगों की आजीविका पर खनन व स्टोन क्रशिंग से काफी असर पड़ा है। अरावली बची तो उनकी रोजी-रोटी भी सुरक्षित रहेगी। हमारी एक मांग यह भी है कि चारों राज्यों में फैली अरावली रेंज का समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले असर का अध्ययन होना चाहिए। इसके आसपास बसे लोगों की सेहत और कमाई को हुए नुकसान को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए।

**■ क्या अरावली रेंज से लोगों को आजीविका मिल रही है?**

अरावली के आसपास बसे लोग आजीविका के लिए इस पर निर्भर हैं। वे इन छोटी पहाड़ियों पर मवेशी चराते हैं। दक्षिण हरियाणा और राजस्थान में अरावली के आसपास पानी की कमी से खेती घटी है। खनन से लोगों में त्वचा, लीवर और किडनी की समस्याएं बढ़ रही हैं। दमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मनरी डिजीज (COPD), TB जैसी बीमारियां हो रही हैं। अरावली पर मिलने वाली औषधियां कम हो गईं। पहाड़ों पर ब्लास्ट की वजह से लोगों के मकान दरक रहे हैं।

**■ अरावली को अब तक कितना नुकसान हुआ?**

पिछले कुछ दशकों में 692 किलोमीटर में फैली अरावली पर्वत रेंज में 12 बड़ी दरारें खुल गईं। ये दरारें राजस्थान में अजमेर से झुंझुनू और हरियाणा में महेंद्रगढ़ तक फैली हैं। इससे थार की धूल दिल्ली-NCR पहुंच रही है और यहां प्रदूषण बढ़ रहा है। नई परिभाषा से अरावली की और अधिक पहाड़ियां नष्ट होंगी।

www.nbt.in

## क़मीज़ पर ऐसे चढ़ी हरी जैकेट

**खुद अपनी आंख से**

सरस्वती रमेश

बात कई साल पुरानी है। इंडिया हैबिटेट सेंटर में कोई गोष्ठी चल रही थी। अपनी सहेली के साथ मैं भी वहां पहुंची थी। एक सत्र पूरा हुआ तो चाय-नाश्ते के लिए ब्रेक हुआ। बाहर खुले में खाने-पीने का इंतजाम था। दिसंबर की ठिठुरती शाम थी। गर्म कपड़े पहनने के बावजूद हमें रह-रह कर कंपकंपी छूट जाती। तभी हमारी नजर वहां घूमते वेटर्स पर गई। ऐसी सर्दी में भी वे एक पतली सिंथेटिक कमीज पहनकर नाश्ता सर्व कर रहे थे। उनकी ठिठुरन का मैं अंदाजा लगा सकती थी। लेकिन उन्हें वहां कोई नहीं देख रहा था। जैसे उन बड़े ओहदे वाले लोगों में उनका कोई अस्तित्व ही न हो। क्या लोगों का रसूख भीतर के इंसान को अंधा बना देता है? क्यों उन्हें किसी की ठिठुरन दिखाई नहीं देती? तभी मेरी सहेली ने एक वेटर को रोककर पूछा, 'इस पतली- सी शर्ट में तुम्हें ठंड नहीं लग रही?'

'लग रही है। लेकिन यही हमारा ड्रेस कोड है। इसके ऊपर हम स्वेटर नहीं पहन सकते,' वेटर बोला। सहेली को यह बात बिल्कुल पसंद नहीं आई। उसने कैटरिंग मैनेजर का पता पूछा और ऊपर जाकर बात करने लगी। मैनेजर ने हमें टालना चाहा। मगर सहेली अड़ गई। बोली, 'जैसे भी हो उन्हें गर्म कपड़े पहनाओ। उन्हें भी ठंड लगती है। ड्रेस कोड कोई विदेशी प्रोटोकॉल तो नहीं, जिसे तोड़ा न जा सके?' मैनेजर को अहसास हो गया कि जिद्दी औरत है, मानेगी नहीं। बोला, 'ठीक है मैडम, हम जल्द ही इनको गर्म कपड़े दिलाएंगे। हमें थोड़ा समय दो।' खाना खाने के बाद हम दूसरा सत्र अटेंड कर घर वापस आ गए। मगर उसने दो-तीन वेटर्स के फोन नंबर ले लिए। बाद में कई दिनों तक उनसे फोन करके पूछती रही कि उन्हें गर्म कपड़े मिले या नहीं। हर बार उनका जवाब 'ना' होता। सहेली ने वापस कैटरिंग मैनेजर को फोन लगाकर शिकायत की। मैनेजर ने फिर वही आश्वासन पकड़ा दिया। कई बार फोन लगाना पड़ा।

आखिर हफ्ते भर बाद लवकुश का वट्सऐप मेसेज हमारे मोबाइल पर फ्लैश हुआ। लवकुश यानी उस दिन मिला भोली आंखों वाला वेटर। उसने फोटो भेजी थी जिसमें वह और उसके साथी सफेद कमीज पर गाढ़ी हरी जैकेट पहने खड़े थे। फोटो के साथ उन्होंने एक संदेश भी भेजा था- बड़े शहरों में लोग मॉल, बाजार, चमकती कारें, सुंदर सड़कें और करीने से सजे रेस्तरां देखते हैं। हम जैसे लोगों पर कभी किसी का ध्यान नहीं जाता। पहली बार किसी ने हमारे बारे में इस तरह सोचा। बता नहीं सकते कि हम आपके कितने शुक्रगुजार हैं। हम आपको जिंदगी भर याद रखेंगे। शुक्रिया मैम।

संदेश पढ़कर सहेली भावुक हो गई। आखिर उनको यह खुशी देने में क्या खर्च हुआ था? जरा सी बात और थोड़ा सा समय। पर उनके चेहरे पर आई मुस्कुराहट बहुत बड़ी थी। हमारे प्रयास से कहीं बड़ी।

## चलते-चलते...

**दक्षिण अफ्रीका** में मिले 60,000 वर्ष पुराने तीरों पर जहर के अवशेष पाए गए हैं। ये अब तक के सबसे पुराने विषैले हथियार हैं। Science Advances में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, इन तीरों पर पाए गए विषैले तत्व Boophone disticha पौधे से प्राप्त हुए थे। इसका उपयोग आज भी पारंपरिक शिकारी करते हैं। तब लोगों में हथियार निर्माण की जटिल समझ थी।

## रीडर्स मेल

**▸ वेनेजुएला बनाम ट्रंप**

NBT में प्रकाशित लेख 'वेनेजुएला में घुसकर फंस गए ट्रंप' पढ़ा। इसमें लेखक ने सच कहा है। अमेरिका के इस घटनाक्रम की तुलना 2003 के ईराक में हुए आक्रमण से की जा रही है। अमेरिका ने तब ईराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन पर सामूहिक विनाश के हथियार छिपाने का आरोप लगाया था, जो कभी मिले ही नहीं, लेकिन सद्दाम को फांसी दे दी गई थी। अब वेनेजुएला में वही पैटर्न दोहराया गया। अमेरिका ने वेनेजुएला ऑपरेशन केवल वहां के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी के लिए नहीं किया, बल्कि अपनी शक्ति, भय, अंतरराष्ट्रीय कानून, ऊर्जा, राजनीति और वैश्विक संतुलन का एक साथ परीक्षण भी किया है। वैश्विक राजनीति का संकेत बताता है कि कानून जहां कमजोर हो ताकत निर्णायक होती जा रही है। कल इसी तर्ज पर कोई और देश भी लपेटे में आ सकता है।

**-अंजनी कुमार दाधीच, ईमेल से**

**▸ पेयजल न हो अशुद्ध**

देश में डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों से हर साल होने वाली मौतें और बीमारियां न केवल स्वास्थ्य संकट हैं, बल्कि शासन-प्रशासन की प्राथमिकताओं पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न भी हैं। यह विडंबना है कि नागरिकों को आज भी शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इससे भी अधिक चिंताजनक यह है कि त्रासदियों के बावजूद राज्य सरकारों की नींद मौतों की आहट से ही टूटती है। देश का सबसे स्वच्छ शहर कहलाने वाला इंदौर इस विरोधाभास का जीवंत उदाहरण है। स्वच्छता रैंकिंग में अव्वल रहने वाला यह शहर अशुद्ध पेयजल से हुई मौतों के कारण सुर्खियों में आया, तब जाकर व्यवस्था थोड़ी हिली। लेकिन वास्तविकता यह है कि पेयजल आपूर्ति अब भी न तो राज्यों की प्राथमिक सूची में है और न ही योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता दिखती है।

**-सुभाष बुड़ावन वाला, ईमेल से**

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMARTH User: dinesh.chakravarty Time: 01-09-2026 22:53 Color:



## फटाफट खबरें

### BCCL के IPO को जोरदार रेस्पॉन्स

■ पीटीआई, नई दिल्ली: कोल इंडिया की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL) का IPO शुक्रवार को बोली शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर पूरा भर गया। दिन खत्म होते-होते इसे कुल 8 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब किया गया। यह साल 2026 का पहला मेनबोर्ड आईपीओ है, जो 13 जनवरी को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए 21 रुपये से 23 रुपये प्रति शेयर का भाव तय किया है।

### AIF निवेशकों के लिए नियम आसान

■ पीटीआई, नई दिल्ली: शेयर बाजार रेगुलेटर सेबी (Sebi) ने शुक्रवार को अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (AIF) के तहत निवेशकों को मान्यता प्राप्त निवेशक का दर्जा देने के नियमों को आसान बना दिया है। अब इन्वेस्टमेंट मैनेजर अपनी खुद की जांच-परख के आधार पर निवेशकों के साथ निवेश का करार कर सकते हैं और बाकी जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अब निवेशक को औपचारिक मान्यता प्रमाणपत्र मिलने तक रुकने की जरूरत नहीं होगी।

### ट्रेडिंग में बदलाव, सेबी का सुझाव

■ पीटीआई, नई दिल्ली: बाजार रेगुलेटर सेबी ने शुक्रवार को शेयर बाजारों में ट्रेडिंग से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव का प्रस्ताव रखा है। सेबी ने सुझाव दिया है कि ट्रेडिंग, प्राइस बैंड, सर्किट ब्रेकर, ब्लक और ब्लॉक डील की जानकारी, ट्रेडिंग का समय और मार्जिन ट्रेडिंग जैसी तमाम चीजों के लिए जो अलग-अलग नियम बने हैं, उन सबको मिलाकर एक कर दिया जाए। इससे इक्विटी और कमोडिटी दोनों मार्केट के लिए एक ही 'मास्टर फ्रेमवर्क' तैयार होगा।

### फर्जी GST नोटिस, CBIC का अलर्ट

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) ने शुक्रवार को कारोबारियों को भेजे जा रहे फर्जी GST नोटिस को लेकर अलर्ट जारी किया है। CBIC ने लोगों को सलाह दी है कि विभाग की तरफ से मिलने वाले हर नोटिस पर दिए गए DIN नंबर की जांच CBIC पोर्टल पर जाकर जरूर करनी चाहिए।

# UPI से निकाल सकेंगे PF का पैसा

## मार्च से पहले आएगा EPFO का मोबाइल ऐप, सरकार कर रही है तैयारी

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com



AI Image

■ नई दिल्ली : एंप्लॉयीज प्रॉविडेंट फंड ऑर्गनाइजेशन (EPFO) के सब्सक्राइबर्स को इस साल कई सहूलियतें मिलने जा रही हैं। श्रम मंत्रालय ने EPFO में अनिवार्य रूप से होने वाले अंशदान के लिए बेसिक सैलरी की सीमा 15000 रुपये से बढ़ाकर 25000 रुपये महीने करने का बजट प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के पास भेजा है। वहीं, सब्सक्राइबर्स के लिए फंड निकालने में सहूलियत के लिए EPFO फरवरी अंत तक ATM जैसी व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। इसी साल मार्च तक EPFO अपना मोबाइल ऐप भी जारी करने की तैयारी में है।

**श्रम मंत्रालय का बजट प्रस्ताव, EPFO में अनिवार्य अंशदान के लिए बेसिक सैलरी की सीमा 25000 रुपये**

#### ATM के जरिए निकासी

EPFO में फैसले करने वाली शीर्ष इकाई सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की श्रम मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में अक्टूबर में बैठक हुई थी। इसमें यह फैसला किया गया था कि प्रॉविडेंट फंड सर्विसेज को कोर बैंकिंग सॉल्यूशंस से जोड़ा जाएगा।

सूत्रों ने बताया, "इसके तहत फरवरी अंत तक UPI के जरिए ATM से क्लेम की निकासी की सुविधा शुरू हो जाएगी। EPFO 2.0 के तहत इस पर काम हो रहा है।'

#### बेसिक सैलरी की लिमिट बढ़ेगी!

EPFO में अनिवार्य अंशदान से जुड़ी बेसिक सैलरी की सीमा 2014 में 6500 रुपये से बढ़ाकर 15000 रुपये महीने की गई थी। सूत्रों ने बताया, "श्रम मंत्रालय ने फाइनैंस मिनिस्ट्री को कई बजट प्रस्ताव दिए हैं। उनमें यह भी है कि अनिवार्य अंशदान की लिमिट बढ़ाकर 25000 रुपये कर दी जाए। पूरी उम्मीद है कि वित्त मंत्री इसे हरी झंडी दिखा देंगी।' कानूनी प्रावधानों के तहत 20 से अधिक कर्मचारियों वाली फर्म के लिए पीएफ के तहत अंशदान जरूरी है। कर्मचारी की सैलरी का कम से कम 12% और इतना ही हिस्सा एंप्लॉयर की ओर से अनिवार्य रूप से PF में जाता है।

#### एंप्लॉयर्स को बढ़ाना होगा योगदान

बेसिक सैलरी की लिमिट बढ़ाने पर एंप्लॉयर्स को कॉन्ट्रिब्यूशन बढ़ाना पड़ेगा। इससे पहले एंप्लॉयर्स की ओर से इसका विरोध होता रहा है। एक अधिकारी ने कहा, 'यह विकल्प भी है कि इसमें कर्मचारियों को इजाजत दे दी जाए कि वे इस सीमा से ऊपर के वेतन में से जितना हिस्सा चाहें पेंशन और रिटायरमेंट बेनेफिट के लिए कॉन्ट्रिब्यूट कर सकते हैं। अभी EPFO से एग्जेम्प्टेड कैटिगरी वाली और अपना पीएफ ट्रस्ट चलाने वाली इकाइयों में वॉलंटरी पीएफ का विकल्प है।'

#### क्या करना होगा?

- यह सुविधा शुरू होने पर ATM में UPI का विकल्प चुनना होगा।
- UAN और OTP वेरिफिकेशन के बाद सब्सक्राइबर्स के जो बैंक खाते होंगे, उनकी जानकारी सामने आएगी।
- इसके बाद अलग-अलग मकसद के लिए अंशदान क्लेम की जो लिमिट है, उसके हिसाब से ही अमाउंट क्लेम किया जाएगा, यह सब्सक्राइबर के यूपीआई आईडी से जुड़े बैंक खाते में ट्रांसफर हो जाएगा।
- सूत्रों ने बताया, 'EPFO 3.0 के सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर अपग्रेडेशन का काम चल रहा है। मार्च अंत तक EPFO का अपना मोबाइल ऐप भी लॉन्च करने की तैयारी है।'

# 5वें दिन गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी 1% लुढ़के



AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन बिकवाली का दबाव बना रहा। सेंसेक्स-निफ्टी करीब 1% तक लुढ़क गए। सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और 604.72 अंक गिरकर 83,576.24 पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 193.55 अंक (0.75%) गिरकर 25,683.30 पर बंद हुआ। पिछले पांच दिनों में सेंसेक्स कुल 2,185 अंक और निफ्टी 645 अंक तक टूट चुका है।

**सेंसेक्स 604.72 अंक और निफ्टी 193.55 अंक गिरा**

स्मॉलकैप और मिडकैप में भी भारी गिरावट रही। सेक्टर की बात करें तो रियल्टी, पावर, टेलीकॉम और ऑटो सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा मार पड़ी। वहीं IT, एनर्जी और सरकारी बैंकों के शेयरों में थोड़ी रौनक दिखी। वहीं, विदेशी निवेशकों ने गुरुवार को 3,367 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। DIIs ने करीब 3,701 करोड़ रुपये की खरीदारी की। जानकारों का कहना है कि अमेरिका द्वारा टैरिफ (आयात शुल्क) बढ़ाने की आशंका से निवेशक सहमे हुए हैं। इसके अलावा भारत-अमेरिका ट्रेड डील टलने की खबरों ने बाजार का मूड खराब किया।

#### चांदी के भाव में उछाल

राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत 6,500 के बढ़त के साथ 2,50,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं, सोने की मांग बढ़ने से इसकी कीमत भी 1,200 रुपये चढ़कर 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, इससे पिछले कारोबारी दिन चांदी में भारी गिरावट देखी गई थी और यह 12,500 रुपये टूटकर 2,43,500 रुपये पर आ गई थी। बुधवार को चांदी ने 2,56,000 रुपये प्रतिकिलो का अपना रेकॉर्ड लेवल छुआ था।

# कर्ज में डूबी Vi को केंद्र से राहत



AI Image

■ पीटीआई, नई दिल्ली: कर्ज में डूबी टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन-आइडिया (Vi) ने शुक्रवार को बताया कि सरकार ने पिछले बकाया को चुकाने के लिए, सालाना भुगतान की सीमा (Cap) तय कर दी है। अब अगले छह साल तक कंपनी को हर साल सिर्फ 124 करोड़ रुपये चुकाने होंगे, जिससे कंपनी के पास कैश की कमी की समस्या दूर होगी। कंपनी ने बताया कि मार्च 2032 से मार्च 2035 के बीच यह सालाना भुगतान और कम होकर 100 करोड़ रुपये रह जाएगा। इसके बाद, अडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (AGR) का जो भी बाकी बकाया होगा, उसे मार्च 2036 से अगले छह सालों में बराबर किस्तों में चुकाना होगा। इससे पहले 31 दिसंबर को सरकार ने कंपनी के पुराने बकाया के भुगतान पर आंशिक रोक लगाने को मंजूरी दी थी।

**छह साल तक कंपनी को हर साल 124 करोड़ रुपये चुकाने होंगे**

# FTA पर भारत-EU के बीच ब्रसल्ज में मंथन



AI Image


कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने EU ट्रेड कमिश्नर मारो सेफकोविच से की बातचीत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने ब्रसल्ज में EU के ट्रेड कमिश्नर मारो सेफकोविच से शुक्रवार को बात की। गोयल ने कहा कि प्रस्तावित समझौते के अहम पहलुओं पर चर्चा हुई। उन्होंने इस एग्रीमेंट में किसानों और छोटे उद्यमियों के हितों का ध्यान रखने की बात भी कही।

दोनों पक्षों में बातचीत के अब तक 16 दौर हो चुके हैं। हालांकि EU के कार्बन टैक्स सहित कुछ नियमों को लेकर पेच फंसा हुआ है। अमेरिकी टैरिफ के बीच EU से FTA इस मायने में अहम है कि यह भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। दोनों का द्विपक्षीय व्यापार 136 बिलियन डॉलर से ज्यादा का है। भारत के कुल निर्यात का करीब 17% हिस्सा EU जाता है।

बातचीत के लिए ब्रसल्ज गए गोयल ने कहा, 'हम दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद FTA के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में मैंने EU के ट्रेड एंड इकनॉमिक सिक्योरिटी कमिश्नर मारो सेफकोविच से बात की। इसमें हमने प्रस्तावित समझौते के अहम क्षेत्रों पर चर्चा की। हमने नियमों पर आधारित ट्रेडिंग फ्रेमवर्क और एक ऐसी मॉडर्न इकनॉमिक पार्टनरशिप के लिए प्रतिबद्धता दोहराई, जिससे किसानों और MSME के हितों की रक्षा हो, साथ ही भारत के उद्योग ग्लोबल सप्लाई चेन से अच्छी तरह जुड़ सकें।' इससे पहले इसी हफ्ते कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने EU के अधिकारियों से ब्रसल्ज में बातचीत की थी।

# इक्विटी MF में निवेश 6% घटा, गोल्ड ETF का जलवा कायम



AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के चलते दिसंबर महीने में इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 6% गिरकर 28,054 करोड़ रुपये रहा। वहीं छोटे निवेशकों ने SIP (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए निवेश का नया रेकॉर्ड बना दिया है।

AMFI की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इंडस्ट्री की कुल संपत्ति भी नवंबर के 80.80 लाख करोड़ रुपये से घटकर दिसंबर में 80.23 लाख करोड़ रुपये रह गई। इसकी सबसे बड़ी वजह Debt स्कीम्स से बड़े पैमाने पर पैसा निकाला जाना रहा।

#### SIP का जादू कायम

दिसंबर में SIP के जरिए निवेश 31,000 करोड़ रुपये के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह नवंबर में 29,445 करोड़ रुपये था। आनंद राठी वेल्थ के जॉइंट CEO फिरोज अजीज ने बताया कि साल 2025 में कुल SIP निवेश 3.34 लाख करोड़ रुपये रहा, जो दिखाता है कि लोग भरोसेमंद निवेश कर रहे हैं।

#### सोने की चमक बढ़ी

दिसंबर में गोल्ड ETF में 11,647 करोड़ रुपये का भारी निवेश आया। नवंबर में यह सिर्फ 3,742 करोड़ रुपये था। साल 2025 में सोने ने 70% से ज्यादा का शानदार रिटर्न दिया है।

#### Debt फंड में निकासी


डेट म्यूचुअल फंड (Debt) से 1.32 लाख करोड़ रुपये की भारी निकासी हुई। विशेषज्ञों का कहना है कि साल के अंत में कंपनियां टैक्स भरने और अपने बिजनेस की दूसरी जरूरतों के लिए पैसा निकालती हैं, इसलिए दिसंबर में ऐसी निकासी होना सामान्य बात है।

#### कितना निवेश?

- गोल्ड ETF : 11,647 करोड़*
- फ्लेक्सी-कैप : 10,019 करोड़
- मिड-कैप : 4,176 करोड़
- लार्ज-मिडकैप : 4,094 करोड़
- स्मॉल-कैप : 3,824 करोड़
- लार्ज-कैप : 1,567 करोड़
- SIP निवेश : 31,000 करोड़
- डेट फंड से निकासी : 1.32 लाख करोड़ (*नोट: रुपये में)


# डिजिटल फ्रॉड, हिडन चार्ज पर गवर्नर ने बैंकों को चेताया

- डिजिटल फ्रॉड रोकने के लिए बैंक आएं साथ: RBI गवर्नर
- कहा, ग्राहकों की सुरक्षा और भरोसे को रखें सबसे ऊपर
- फर्जी खातों, संदिग्ध लेन-देन पर निगरानी की जरूरत



AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को बैंकों सहित तमाम वित्तीय संस्थानों से कहा कि वे नियमों को केवल खानापूर्ति की तरह न अपनाएं, बल्कि उनके पीछे छिपे असल मकसद और भावना को समझें। डिजिटल फ्रॉड पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने इस पर लगाम लगाने के लिए सबको मिलकर काम करने पर जोर दिया।



RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा

यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गवर्नर ने कहा कि डिजिटल माध्यम से लोगों तक बैंकिंग पहुंचाना और सुविधाएं देना आसान हुआ है। लेकिन सुरक्षा का इंतजाम न होना, ग्राहकों से छिपे हुए चार्ज वसूलना, उन्हें पूरी जानकारी न देना और कर्ज वसूली के गलत तरीके अपनाने के नुकसान भी हो सकते हैं।

मल्होत्रा ने कहा कि डिजिटलाइजेशन से बैंकिंग का दायरा बढ़ा है और काम में तेजी आई है, लेकिन साथ ही इसने रिस्क को भी बढ़ा दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि बैंकों को आपस में तालमेल बिठाना चाहिए ताकि फर्जी खातों (म्यूल अकाउंट्स) और संदिग्ध लेन-देन का समय रहते पता लगाया जा सके। डेटा के इस्तेमाल पर उन्होंने कहा कि अब ऐसी तकनीक तैयार की जानी चाहिए जिससे हर समय बैंकों की निगरानी हो सके।




कानपुर। मेरठ। आगरा। गाजियाबाद। अलीगढ़। सहारनपुर। मथुरा। सतना। रीवा। छिंदवाड़ा। दतिया। खंडवा। अलवर। सीकर। धौलपुर। कोटा। अजमेर। भीलवाड़ा। पलवल। मेवात। जींद। सोनीपत। चंबा। कांगड़ा। कुल्लू। मंडी। सिरमौर। पिथौरागढ़। रुद्रपुर। बेगूसराय। भागलपुर। भोजपुर। सिवान

## फटाफट खबरें

### यूपी: भाई की बलि दी, फांसी की सजा

■ NBT न्यूज, बहराइच: नानपारा के परसा अगैय्या गांव में तीन साल पहले चचेरे भाई की बलि देने के दोषी अनूप वर्मा को ACJM-4 सुनील प्रसाद ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई। उसका बेटा अक्सर बीमार रहता था। इस चक्कर में वह तांत्रिकों के संपर्क में आ गया था। 23 मार्च 2023 को उसने चचेरे भाई विवेक वर्मा (10) घर में अकेले पाकर हत्या कर दी थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल फावड़ा भी बरामद कर लिया था।

### MP: बांधवगढ़ में एक बाघ मृत मिला

■ भाषा, उमरिया: मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में स्थित बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य के भीतर एक कुएं में बाघ का शव मिला है। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अभयारण्य में पिछले दो दिनों में बाघ की मौत का यह दूसरा मामला है। इससे पहले बुधवार को बांधवगढ़ बाघ अभयारण्य के कथली बीट क्षेत्र में एक मादा बाघ शावक का शव मिला था। इसके किसी जंगली जानवर से संघर्ष के बाद मारे जाने की आशंका जताई गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गांव से इस पुराने कुएं से तेज दुर्गंध आ रही थी। अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघ की मौत पांच से छह दिन पहले हो चुकी थी।

### संदिग्ध मांस मिलने पर हंगामा, 3 अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, मथुरा: थाना हाइवे की अजय नगर कॉलोनी में बने एक गोदाम में शुक्रवार सुबह बड़ी मात्रा में संदिग्ध मांस मिलने की सूचना पर हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इससे पहले गोदाम में मौजूद लोगों ने आग लगा दी। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाया। छापेमारी के दौरान पुलिस को गाड़ी में भरा हुआ बड़ी मात्रा में मांस और कुछ खालें मिलीं।

# वाराणसी में गंगा के ऊपर बनी टेंट सिटी अवैध: NGT

## गंगा और सहायक नदियों पर नहीं बन सकेगी टेंट सिटी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वाराणसी में** गंगा नदी के ऊपर पर बनाई गई टेंट सिटी को नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने अवैध करार दिया है। NGT की प्रिंसिपल बेंच ने कहा है कि यह टेंट सिटी पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन करते हुए चलाई गई। यह फैसला 8 जनवरी 2026 को तुषार गोस्वामी बनाम भारत संघ मामले में सुनाया गया।

बेंच की अध्यक्षता जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव ने की, जबकि एक्सपर्ट मेंबर डॉ ए सेंथिल वेल भी बेंच में शामिल थे। NGT ने कहा कि वाराणसी में प्रवेग कम्युनिकेशंस (इंडिया) लि. और निराण कंपनी ने गंगा नदी के ऊपर और फ्लड प्लेन में टेंट सिटी बनाई थी। इसके लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से कोई इजाजत नहीं ली गई थी। इसके अलावा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संचालन की मंजूरी भी नहीं ली गई। जांच में सामने आया कि नदी के ऊपर स्थायी सीवेज संरचनाएं बनाई गई थीं। इससे प्रदूषण का खतरा पैदा हुआ। ये गतिविधियां मनोज मिश्रा बनाम डीडीए मामले में दिए गए उसके पुराने आदेशों और गंगा प्राधिकरण आदेश, 2016 के क्लॉज 4, 6 और 42 का उल्लंघन हैं। ऐसे में ट्रिब्यूनल ने दोनों टेंट सिटी चलाने वालों पर प्रति इकाई 17,12,500 रुपये का एनवायरमेंटल कंपनसेशन सही ठहराया। यह जुर्माना 15 जनवरी से 31 मई 2023 के बीच हुए उल्लंघन के लिए लगाया गया था।



AI Image


#### 3 महीने के अंदर रकम वसूलने को कहा

NGT ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण विभाग को आदेश दिया है कि तीन महीने के भीतर यह रकम जरूर वसूल की जाए। आगे कभी गंगा नदी या उसकी सहायक नदियों के तट, फ्लड प्लेन या नदी के ऊपर कोई भी टेंट सिटी बनाई नहीं की जाएगी।

#### गंगा से सिर्फ 90 मीटर दूर बाउंड्री वॉल

जांच में यह भी पाया गया कि प्रवेग कम्युनिकेशंस ने अस्सी घाट के सामने करीब 20 हेक्टेयर इलाके में टेंट सिटी बनाई थी। इसकी बाउंड्री वॉल गंगा से सिर्फ 60 मीटर दूर थी। गंगा में नहाने के लिए एक स्थायी स्ट्रक्चर बनाया गया था और 8, 16 और 40 सीटर की तीन मीटर बोट भी चलाई जा रही थीं। दो फेज में बनी इस टेंट सिटी में 58 और 82 टेंट थे। इनमें अलग बाथरूम, टॉयलेट और अन्य बुनियादी सुविधाएं मौजूद थीं। निराण कंपनी ने भी अस्सी घाट के सामने करीब 10 हेक्टेयर में टेंट सिटी बनाई थी। इसकी बाउंड्री भी गंगा से करीब 60 मीटर दूर थी। यहां नहाने के लिए स्थायी स्ट्रक्चर बनाया गया था। 4 चरण में कुल 120 टेंट लगाए गए थे। NGT ने इन सभी निर्माणों को पर्यावरण नियमों के खिलाफ माना है।

# रामलला के भोग की खाद्य सुरक्षा टीम करेगी जांच, मिलेगा शुद्धता से निर्माण का सर्टिफिकेट



NBT न्यूज, अयोध्या: श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान रामलला को रोजाना लगने वाले भोग प्रसाद की खाद्य सुरक्षा विभाग फरवरी महीने से एफएसएसएआई मानक पर जांच करेगा। भोग प्रसाद के निर्माण के किचन की जांच के लिए दिल्ली से टीम आएगी जो इसकी शुद्धि का सर्टिफिकेशन करेगी। यह जानकारी खाद्य सुरक्षा के सहायक आयुक्त ।।मानिक चंद्र सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि रामलला के भोग प्रसाद की फूड सेफ्टी जांच के मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से पिछले माह वार्ता हुई थी तो उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के बाद इसके लिए सहमति दी थी। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में दिल्ली से विशेष टीम आएगी जो भोग प्रसाद में इस्तेमाल सामग्री, भोग प्रसाद बनाने की प्रक्रिया का निरीक्षण करेगी। इसके साथ ही स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच भी की जाएगी। भंडारियों, रसोइयों के हेल्थ जांच की जांच होगी कि उन्हें कोई स्किन डिजीज टीबी या कोई संक्रामक रोग तो नहीं है। जांच के बाद भोग प्रसाद निर्माण की शुद्धता का सर्टिफिकेट मिलेगा।

# 'संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बना UP'

## लखनऊ में अशोक लेलैंड के EV प्लांट का सीएम ने उद्घाटन किया

- 18 महीने में तैयार हुआ प्लांट
- सितंबर 2023 में हुआ था एमओयू
- जनवरी 2024 में ट्रांसफर हुई जमीन
- 2500 EV बसें बनेंगी हर साल

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सरोजनीनगर में अशोक लेलैंड के इलेक्ट्रिक वीइकल (EV) प्लांट का उद्घाटन किया। प्लांट में हर साल 2500 EV बसों का निर्माण करेगा। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साल 2017 के पहले यूपी की अराजकता किसी से छिपी नहीं थी और निवेशक पलायन कर रहे थे, लेकिन आज यूपी असीमित संभावनाओं को परिणाम में बदलने वाला प्रदेश बन गया है। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीएम की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में यूपी आर्थिक विकास का पर्याय बन चुका है। यह EV प्लांट प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।



> साल 2017 के पहले यूपी पहचान का मोहताज और उपद्रव से ग्रसित था, लेकिन आज यूपी उत्सव का प्रदेश है।
> – योगी आदित्यनाथ, सीएम

> मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत@2047 का जो लक्ष्य तय किया है, उसका रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही जाएगा।
> – राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

**दोगुना होगी क्षमता:** सीएम योगी ने कहा कि EV प्लांट की मैन्युफैक्चरिंग क्षमता अभी 2500 यूनिट प्रति वर्ष है। इसे 5000 यूनिट प्रतिवर्ष तक बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आज यूपी के सभी 75 जिलों में निवेश हो रहा है। देश में एक्सप्रेस-वे का 55% सिर्फ यूपी में है। देश में पहली रैपिड रेल भी यूपी में ही शुरू होगी।

**बढ़ेगी युवाओं की स्किल:** प्रदेश के युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए हिंदुजा ग्रुप राज्य सरकार के साथ एमओयू करेगा। इसके तहत EV प्लांट में हर साल 10 हजार युवाओं को स्किल डिवेलपमेंट की ट्रेनिंग दी जाएगी। सीएम ने कहा कि EV सेक्टर नई स्किल, नई तकनीक व नए भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ITI, पॉलिटेक्निक और इंजिनियरिंग संस्थान भी इस दिशा में युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

SBI
तृतीय-पक्ष प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट सेंटर, मादाम कामा रोड, मुंबई – 400021
शुद्धिपत्र-2
तृतीय-पक्ष लाइफसाइकल मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन की खरीद
कृपया हमारे रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए आमंत्रण संख्या SBI:TPM:CC:EOI:2025-26:01, दिनांक 05.12.2025 देखें और शुद्धिपत्र-01 दिनांक 26.12.2025 को जारी किया गया। शुद्धिपत्र-2 अपलोड किया गया है और इसे बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर प्रोक्योरमेंट न्यूज के तहत एवं ई-प्रोक्योरमेंट एजेन्सी पोर्टल https://etender.sbi/SBI/ पर देखा जा सकता है। प्री-बिड प्रश्नों का उत्तर बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in पर अपलोड कर दिया गया है।
बोलियाँ जमा करने की संशोधित अंतिम तिथि एवं समय 19.01.2026 को 16:00 बजे तक, सिर्फ https://etender.sbi/SBI/ के माध्यम से ऑनलाइन।
दिनांक: 09.01.2026 उप महाप्रबंधक (विक्रेता प्रबंधन, नॉन-आईटी)

विज्ञापन संख्या 3/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
टेलीकम्युनिकेशन्स कंसलटेंट्स इंडिया लिमिटेड में
निदेशक (परियोजना)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
30 जनवरी, 2026 (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
09 फ़रवरी, 2026 (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in में लॉग इन करें।

रेल पहिया कारखाना/बेला
(जिला - सारण), बिहार - 841221
ई-निविदा जेम सूचना सं. एस/आर डब्ल्यू पी/जेम/ए.डी.पी.टी./ई./2025-26/02 दिनांक: 08.01.2026, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/रेल पहिया कारखाना/बेला, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वेबसाइट https://mkp.gem.gov.in/market के माध्यम से निम्न मदस सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन जेम (ई. खुली निविदा) आमंत्रित करते हैं। सभी निविदाओं के बन्द होने का समय 14:00 बजे है। (1) निविदा सं.: GEM/2025/B/7050256, सामग्री का संक्षिप्त विवरण: Ferro Silicon to Specn. No. RWF/M/Specn.-1/004/2016 alt 'M', मात्रा: 800 MT, निविदा बन्द होने/खुलने की तिथि: 31/01/2026 at 14:00 Hrs., 1. वेबसाइट का पता, जिस पर निविदा की पूर्ण जानकारी एवं जहां से निविदा डाउनलोड किया जा सकता है, https://mkp.gem.gov.in/market है। 2. बोली प्रस्तुत करने वाले भावी कंपनियों/बोलीदाता को ऊपर की निविदा के संबंध में शुद्धिपत्र, स्पष्टीकरण सहित अद्यतन जानकारी प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त वेबसाइट के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक रेल पहिया कारखाना, बेला
आरडब्ल्यूपी/सीपीआरओ/ए डी पी टी/2025–26/16

सार्वजनिक सूचना
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि "ओम साई आपार्टमेंट को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड" के सदस्य मैसर्स स्वस्तिक ऑफिस्टैक्स के. प्राइवेट लिमिटेड ने वाणिज्य बिल्डिंग, प्लेन स्ट्रीट रोड, चौपाटी, मुंबई-400007 के फ्लैट पर स्थित दुकान संख्या 4 और शेयर सर्टिफिकेट संख्या 043 में उल्लेखित शेयर संख्या 101 से 105 वाले 5 इक्विटी शेयर, जो उक्त सोसाइटी द्वारा जारी किए गए हैं, उनके ग्राहकों को बेचने और हस्तांतरित करने पर सहमति व्यक्त की है।
उपरोक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई बिक्री, गिरवी, उपहार, लीज, ग्रहणाधिकार, अधिकार, विरासत, पट्टा, स्वामित्व, कुर्की या किसी अन्य प्रकार से कोई भी आपत्ति रखने वाला या कोई अधिकार, हक या हित का दावा करने वाला व्यक्ति एतद्द्वारा अपेक्षित है कि वह इस नोटिस की तारीख से 15 दिनों के भीतर लिखित में और उसके प्रमाण सहित, अधोहस्ताक्षरी, जिसका कार्यालय 301-ए, प्रसन्न चैम्बर्स, ओपेरा हाउस, मुंबई-400 004 पर है, को सूचित करें। यदि कोई दावा प्राप्त नहीं होता है तो बिक्री पूरी कर ली जाएगी और यदि कोई दावा प्राप्त होता है तो उसे त्याग कर दिया गया माना जाएगा।
नारायण गांधी एंड कं. के लिए
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स
हस्ताक्षर
स्थान: मुंबई (एन.डी. गांधी)
दिनांक: 10/01/2026 प्रोप्राइटर

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए निम्नलिखित निविदा सं. के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, खुलने की नियत तारीख 30.01.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, बयाना राशि: (1) एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-100, दिनांक 08.01.2026; [illegible] के ऑटो सेक्शन में [illegible] एसएसडीएल का प्रावधान; रु. 4,19,17,564.50; रु. 3,59,600/-। (2) एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-101, दिनांक 08.01.2026; झारसुगुड़ा के साथ संलग्न मंडल प्रभारी सम्बलपुर एवं बिलासपुर में ट्रेन मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस) का प्रावधान; रु. 5,84,80,403/-; रु. 4,42,400/-। (3) एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-102, दिनांक 08.01.2026; बनाबुरुआ जंक्शन-राउरकेला, [illegible] में टीसीआर(पी) के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य; रु. 81,85,985.52; रु. 1,63,700/-। (4) एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-103, दिनांक 08.01.2026; [illegible] तथा बाबुरुकेला स्टेशन के बीच आईबीएस के प्रावधान के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य; रु. 2,25,15,638.09; रु. 2,62,600/-। (5) एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-104, दिनांक 08.01.2026; सिंगल लाइन ब्लॉक उपकरणों के स्थान पर एक्सल काउंटर द्वारा ब्लॉक प्रूविंग तथा ब्लॉक पैनल का प्रावधान; रु. 1,82,11,841.92; रु. 2,41,100/-। (6) एसटी-सीकेपी-ओटी-25-26-105, दिनांक 08.01.2026; कॉमन एसडीएच सिस्टम के प्रतिस्थापन के लिए ओएफसी बिछाना एवं ई1 कनेक्टिविटी का प्रावधान; रु. 4,57,07,294.80; रु. 3,78,500/-। समापन अवधि: क्रमांक 1, 3 एवं 4 के लिए 15 (पंद्रह) महीने, क्रमांक 2 के लिए 06 (छह) महीने तथा क्रमांक 5 एवं 6 के लिए 12 (बारह) महीने। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखें जा सकते हैं। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्यक होना चाहिए तथा आवश्यक रूप से आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (PR-1047)

## फटाफट खबरें

### 28 जनवरी से होगा संसद का बजट सत्र

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : संसद का बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा। पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2026-27 का बजट 1 फरवरी 2026 यानी रविवार को पेश कर सकती हैं।

### बंगाल के राज्यपाल को धमकी, गिरफ्तार

■ भाषा, कोलकाता : पश्चिम बंगाल पुलिस ने राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को जान से मारने की धमकी भरा ईमेल भेजने के आरोप में गुरुवार देर रात सॉल्ट लेक इलाके से आरोपी को पकड़ लिया। लोक भवन के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी ने लोक भवन के व्हाट्सऐप नंबर पर भी धमकी भेजी थी। घटना की रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेज दी गई है।

### 'मोदी सरकार की विदेश नीति पेंडुलम'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : चीनी कंपनियों पर पिछले 5 वर्षों से लगे प्रतिबंधों को हटाने की खबरों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति 'वाइल्ड पेंडुलम' की तरह है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चीन को लेकर खुद सेना गंभीर चेतावनी दे चुकी है, इसके बावजूद सरकार का चीनी कंपनियों को भारतीय सरकारी ठेकों में बोली लगाने की अनुमति देने पर विचार करना नीतिगत यू-टर्न है।

### MP के पूर्व गृहमंत्री की बेटी की मौत

■ आईएएनएस, इंदौर : इंदौर के रालामंडल में तेजाजी नगर बाईपास के समीप शुक्रवार सुबह भीषण सड़क हादसे में मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री बाला बच्चन की बेटी प्रेरणा समेत 3 लोगों की मौत हो गई। प्रेरणा एक कार में सफर कर रही थी, जिसे ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक, कार सवार किसी फंक्शन से लौट रहे थे। हादसा कम विजिबिलिटी या तेज रफ्तार की वजह से सुबह-सुबह हुआ।

# केंद्र का हथियार है ED: ममता कुछ छिपाने की कोशिश: BJP

■ भाषा, कोलकाता/नई दिल्ली

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री और TMC प्रमुख ममता बनर्जी ने राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के कार्यालय और इसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर ईडी की छापेमारी के खिलाफ कोलकाता में शुक्रवार को निकाले गए मार्च का नेतृत्व किया। प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और उस पर विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक प्रतिशोध के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। वहीं, बीजेपी ने ईडी की छापेमारी के दौरान ममता बनर्जी के आचरण की लेकर शुक्रवार को निंदा की।

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी TMC की रणनीति को चोरी करने के लिए ईडी केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी के राजनीतिक हथियार के रूप में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी द्वारा आई-पैक के कार्यालय और उसके प्रमुख प्रतीक जैन के आवास पर गुरुवार को छापेमारी के दौरान उनका वहां पहुंचना गलत नहीं था।

> छापे के दौरान संवेदनशील सामग्री हटाने की कोशिश हुई: BJP

ममता बनर्जी ने 10 किलोमीटर लंबे विशाल विरोध मार्च के बाद यहां आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने छापेमारी स्थल पर विशुद्ध रूप से तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष के रूप में हस्तक्षेप किया था, न कि मुख्यमंत्री के रूप में। वहीं, बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने नई दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी को ईडी के अधिकारियों को धमकाने और छापेमारी के दौरान उनसे दस्तावेज छीनने के लिए आरोपी बनाया जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ममता बनर्जी की बर्बर कार्रवाई की परिस्थितियां संदिग्ध हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता के कृत्यों से संकेत मिलता है कि उन्होंने कुछ संवेदनशील चीज को बचाने की कोशिश की, जिससे वह और उनकी पार्टी कोयला तस्करी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में फंस सकती है। वहीं, ममता ने छापेमारी के संबंध में ईडी के खिलाफ दो शिकायत दर्ज कराई है।



ममता ने कोलकाता में ED के खिलाफ मार्च का नेतृत्व किया।

## गृहमंत्री ऑफिस के बाहर TMC का धरना

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कोलकाता में ED की कार्रवाई के विरोध में TMC के 8 सांसदों ने शुक्रवार सुबह दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यालय के बाहर धरना दिया। प्रदर्शन कर रहे सांसदों को कुछ ही देर में दिल्ली पुलिस ने वहां से हटा दिया और बस में बैठाकर ले गई। इस कार्रवाई के बाद टीएमसी ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र कुचलने और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। धरने में शामिल सांसदों में डेरेक ओ'ब्रायन, सतांब्दी रॉय, महुआ मोइत्रा, बापी हलदार, साकेत गोखले, प्रतिमा मंडल, कीर्ति आजाद और शर्मिला सरकार शामिल थे। ये सभी सांसद कोलकाता में राजनीतिक सलाहकार कंपनी आई-पैक पर ईडी के छापे के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार ईडी का इस्तेमाल अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कर रही है। ईडी को आई-पैक पर छापे के लिए भेजा गया, ताकि टीएमसी की राजनीतिक रणनीति से जुड़े दस्तावेज, हार्ड डिस्क और सामग्री जब्त की जा सके। सांसद कीर्ति आजाद ने कहा कि बीजेपी बंगाल का अपमान कर रही है, इसका जवाब जनता देगी।

> पुलिस TMC के 8 सांसदों को बस में बैठाकर ले गई।

### ममता ने TMC सांसदों के खिलाफ कार्रवाई की निंदा

■ भाषा, कोलकाता : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दिल्ली में गृह मंत्रालय के कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन के दौरान पार्टी सांसदों के साथ हुए कथित बर्ताव की निंदा की और इसे शर्मनाक, अस्वीकार्य और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला करार दिया। ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'चुने हुए प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करने पर सड़कों पर घसीटना गर्व नहीं है अहंकार है।'

### ED के छापे को लेकर सुनवाई टली

■ भाषा, कोलकाता: कलकत्ता HC ने आई-पैक के ऑफिस और उसके निदेशक प्रतीक जैन के आवास पर ईडी की रेड से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई शुक्रवार को अदालत कक्ष के भीतर अनियंत्रित भीड़ के कारण 14 जनवरी तक स्थगित कर दी। ईडी ने ममता और राज्य सरकार के अधिकारियों को प्रतिवादी बनाया है। TMC ने केंद्र के खिलाफ अर्जी दी है।

### ED ने CBI जांच का किया अनुरोध

■ भाषा, नई दिल्ली : ईडी ने आई-पैक के खिलाफ छापेमारी के दौरान कथित तौर पर बाधा डालने को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और अन्य के खिलाफ सीबीआई जांच का अनुरोध करते हुए HC का रुख किया है। याचिका में दावा है कि तलाशी अभियान पर सरकारी तंत्र का पूर्ण नियंत्रण हो गया।

### 'दस्तावेजों का मिसयूज रोके HC'

■ भाषा, कोलकाता : TMC ने कलकत्ता HC में ईडी की छापेमारी के खिलाफ याचिका दायर कर आई-पैक के कार्यालय और इसके प्रमुख के आवास पर तलाशी के दौरान जब्त दस्तावेजों के दुरुपयोग और प्रसार पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। TMC ने आरोप लगाया है कि ईडी ने चुनाव से जुड़े संवेदनशील, गोपनीय राजनीतिक डेटा को जब्त कर लिया है।

# छत्तीसगढ़ में 18 महिलाओं समेत 63 नक्सलियों ने डाले हथियार

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : देश को इस साल 31 मार्च तक नक्सल मुक्त करने वाले अभियान के तहत शुक्रवार को छत्तीसगढ़ में इस साल नक्सलियों का सबसे बड़ा सरेंडर हुआ। इसमें 18 महिलाओं समेत 63 नक्सलियों ने हथियार डाल दिए। अधिकतर नक्सली 19 से 45 साल की उम्र के हैं। इनमें से 36 पर एक करोड़ से अधिक का इनाम था। इससे पहले सात जनवरी को छत्तीसगढ़ के सुकमा में 26 नक्सलियों ने सरेंडर किया था। जल्द कुछ और सरेंडर होने की उम्मीद है। कुछ टॉप कमांडरों के परिवारों और दोस्तों से संपर्क कर उनके सरेंडर की कोशिश की जा रही है।




नक्सलियों ने दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा इलाके में सरेंडर किया।

छत्तीसगढ़ पुलिस में बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि यह सरेंडर दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा में हुआ है। इस साल देश के किसी भी राज्य में नक्सलियों के आत्मसमर्पण में यह सबसे बड़ा है। लगातार मुठभेड़ से नक्सलियों के हौसले पस्त हो रहे हैं। सरकार की नीति साफ है, सरेंडर करो, वरना एक्शन के लिए तैयार रहो। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में इनकी डिविजनल कमिटी का अहम सदस्य और कालाहांडी एरिया कमिटी का चीफ सचिव पाकलू उर्फ रैनू (45), पश्चिम बस्तर डिविजन छात्र संगठन अध्यक्ष मोहन उर्फ संजय (32), भैरमगढ़ एरिया कमिटी सचिव सुमित्रा उर्फ द्रौपदी (30), मिलिट्री कंपनी नंबर-10, सात और एक के अहम कैडर हुंगी उर्फ अंकिता (28), सुखराम ताती (20) और पोंदू मड़काम (19) भी शामिल हैं। ये लोग पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स पर हमले करने के साथ ही संगठन में युवाओं को भर्ती करने के लिए प्रेरित करते थे।

- इस साल देश के किसी भी राज्य में नक्सलियों के आत्मसमर्पण में यह सबसे बड़ा मामला है।
- इन नक्सलियों पर 36 पर एक करोड़ से अधिक का था इनाम, जल्द और सरेंडर की उम्मीद।

# सबरीमला सोना चोरी में मुख्य पुजारी गिरफ्तार

■ भाषा, तिरुवनंतपुरम

**सबरीमला सोना** चोरी मामले में विशेष जांच टीम (SIT) ने शुक्रवार को यहां भगवान अयप्पा मंदिर के मुख्य पुजारी कंडारारू राजीवरू को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, राजीवरू से सुबह अज्ञात स्थान पर पूछताछ की गई और दोपहर में उनको SIT दफ्तर ले जाकर गिरफ्तारी औपचारिक रूप से दर्ज की। वहीं, आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने सबरीमला में सोना चोरी के संबंध में PMLA के तहत मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्य पुजारी कंडारारू राजीवरू की गिरफ्तारी मुख्य आरोपी उन्नीकृष्णन पोट्टी और त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष पद्मकुमार के बयानों के आधार पर की गई। एसआईटी ने पाया कि राजीवरू के पोट्टी के साथ घनिष्ठ संबंध थे और उन्होंने मंदिर में द्वारपालक (संरक्षक देवता) की प्लेटों और श्रीकोविल (गर्भगृह) के द्वार के फ्रेम की प्लेटों पर दोबारा परत चढ़ाने की सिफारिश की थी।



AI Image

- SIT गठित होने के बाद बाद इस मामले में यह 11वीं गिरफ्तारी।
- मामले में ईडी की भी एंट्री, मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर शुरू की जांच।

अधिकारियों ने बताया कि बाद में जब त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने दोबारा 'प्लेटिंग' के लिए उनकी अनुमति मांगी, तो राजीवरू ने मंजूरी दे दी। एसआईटी के अधिकारियों ने बताया कि राजीवरू से पहले भी पूछताछ की जा चुकी है। सोना चोरी प्रकरण की जांच के लिए केरल हाई कोर्ट की ओर से एसआईटी गठित किए जाने के बाद मामले में यह 11वीं गिरफ्तारी है।

# शाह ने शुरू किया NSG का नैशनल IED डेटा प्लैटफॉर्म

■ भाषा, गुड़गांव : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को एक राष्ट्रीय डिजिटल आईईडी डेटा प्रबंधन मंच की शुरुआत की, जो आतंकवाद के खिलाफ अगली पीढ़ी के सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करेगा और देश में होने वाले सभी प्रकार के बम विस्फोटों के खिलाफ एक व्यापक प्रतिरोधक होगा।



अमित शाह

राष्ट्रीय आईईडी डेटा प्रबंधन प्रणाली को संघीय आतंकवाद-रोधी कमांडो बल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) द्वारा गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU), IIT दिल्ली, NIA और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) की मदद से विकसित किया गया है। यह सभी प्रकार के बम विस्फोटों का सटीक अध्ययन करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और मशीन लर्निंग उपकरणों से लैस है।

केंद्रीय मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये एक लिंक के माध्यम से इस मंच का उद्घाटन किया। यह केंद्र मानेसर स्थित NSGw छावनी में स्थित है।

# आवाकाई-अमरावती फेस्टिवल ने दिखाई आंध्र की संस्कृति

Akhilesh.Chandra
@timesofindia.com

■ विजयवाड़ा: आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आवाकाई-अमरावती फेस्टिवल के जरिए तेलुगु सिनेमा, साहित्य, संस्कृति और फूड की झलक पेश की गई। तीन दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल की गुरुवार को शुरुआत हुई। पहाड़ियों की गोद में बसे विजयवाड़ा में यह आयोजन कृष्णा नदी के पुन्नामी घाट और भवानी द्वीप पर हुआ। इसकी शुरुआत पुन्नामी घाट पर कृष्णा नदी की आरती के साथ हुई।

फेस्टिवल में लोक नृत्य, लाइव म्यूजिक और स्टोरी टेलिंग के अलावा कई प्रस्तुतियों ने एक मंच पर आकर लोगों का मन मोहा। फेस्टिवल में मार्शल आर्ट, कठपुतली बनाने और नगाड़ा पर वर्कशॉप भी रखे गए थे। साथ ही आंध्र प्रदेश के अलग-अलग खानों के कई स्टॉल भी मौजूद थे। आवाकाई, आंध्र प्रदेश में अचार को कहते हैं, जो सरसों तेल और आम के साथ दूसरी चीजों के साथ मिलाकर बनाया जाता है।

फेस्टिवल के आयोजक संजीव के. रॉय कहते हैं, इसका मकसद लोगों को तेलुगु सांस्कृतिक जड़ों से दोबारा जोड़ना है। सिनेमा, साहित्य और आर्ट के जरिए रोजगार के मौके बनाकर आंध्र के आर्थिक विकास में योगदान दिया जा सकता है। यंग लोग इनोवेशन के जरिए यह काम कर सकते हैं।



तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में कई प्रसिद्ध कलाकार, कला और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाली टीमें हिस्सा ले रही हैं।

- आवाकाई, आंध्र प्रदेश में अचार को कहते हैं, जो सरसों तेल और आम के साथ दूसरी चीजों के साथ मिलाकर बनाया जाता है।
- फेस्टिवल में दिखी नई क्रिएटिविटी, जिनमें हाथी की कठपुतली भी है, जो पारंपरिक कठपुतलियों से अलग है।

**सीएम नायडू ने कहा- ये कार्यक्रम तेलुगु परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए:** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने फेस्टिवल की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार तेलुगु परंपरा, संस्कृति और पहचान को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है। आवाकाई-अमरावती फेस्टिवल का मकसद तेलुगु सिनेमा, संस्कृति और खाने की समृद्ध परंपरा को पूरी दुनिया में पहुंचाना है। उन्होंने आवाकाई को आंध्र प्रदेश की पहचान और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया। नायडू ने कहा कि कोई भी आंध्र प्रदेश के खाने और सिनेमा को पीछे नहीं छोड़ सकता। क्रिएटिविटी के जरिए विकास की ऊंचाई तक पहुंचा जा सकता है। साथ ही यह भी कहा कि देश में पीपीपी मॉडल पर सबसे ज्यादा काम (32%) उनके राज्य में हो रहा है।



**जब EU के एंबेसडर ने किया राजामौली का जिक्र :** भारत में यूरोपीय यूनियन (EU) के एंबेसडर हर्वे डेल्फिन भी गुरुवार को सीएम के साथ फेस्टिवल में मौजूद थे। हर्वे ने बाहुबली फिल्म के डायरेक्टर एस. एस. राजामौली का जिक्र किया। साथ ही बाहुबली और RR जैसी फिल्मों का नाम भी लिया। उन्होंने नाटू-नाटू गाने के बारे में कहा कि वह इसे पूरा तो नहीं समझते, लेकिन इसकी बीट को एंजॉय करते हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश के साथ मिलकर काम करने की भी बात कही।

### माइथोलॉजी और OTT पर भी हुई बात

शुक्रवार को दूसरे दिन फेस्टिवल में विजयवाड़ा के भवानी द्वीप पर सिनेमा के साथ-साथ भारतीय माइथोलॉजी और कई तरह की कठपुतलियों पर बात हुई। वक्ताओं ने कहा कि अच्छी क्रिएटिविटी के लिए क्रिएटर का जड़ों और अपनी संस्कृति से जुड़ा होना जरूरी है तभी बढ़िया काम हो सकता है। माइथोलॉजी के सेशन में निष्कर्ष निकला कि पौराणिक कहानियां कभी भुलाई नहीं जा सकेंगी। पीढ़ियां उनसे जुड़ी रहेंगी। OTT के सेशन में इसके कंटेंट, बिजनेस और डेटा का जिक्र हुआ। पुष्पा और RR फिल्मों की बात हुई। इस सेशन में कहा गया कि कुछ कहानियां सिर्फ OTT मीडियम के जरिए कही जा सकती हैं। फिल्मों के माध्यम से उन्हें बयां नहीं किया जा सकता। वक्ताओं ने यह भी कहा कि OTT और थिएटर एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते हैं।

# अश्लील फोटो बनाने, एडिट करने से रोक रहा ग्रोक

■ एपी, लंदन : एलन मस्क का एआई चैटबॉट 'ग्रोक' लोगों की अश्लील तस्वीरें जारी करने के बाद हुए वैश्विक विरोध के कारण अब ज्यादातर यूजर्स को अश्लील फोटो बनाने या एडिट करने से रोक रहा है। मस्क के सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' के जरिये उपयोग किए जाने वाले चैटबॉट ने पिछले कुछ हफ्तों में उन यूजर्स के अनुरोधों को अस्वीकार किया है, जिनको गलत माना जा सकता है। इनमें तस्वीरों को एडिट कर अश्लील बनाना शामिल है। पिछले दिनों दुनियाभर की सरकारों ने इस प्लैटफॉर्म की निंदा कर जांच शुरू कर दी थी शुक्रवार को, 'ग्रोक' फोटो में बदलाव के रिक्वेस्ट पर संदेश जारी कर रहा था कि यह सुविधा सब्सक्रिप्शन लेने वालों के लिए है। इन सुविधाओं के लिए शुल्क देना होगा। हालांकि, 'ग्रोक' के यूजर्स की संख्या सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है, लेकिन कुछ दिनों पहले की तुलना में 'ग्रोक' से बनाए जाने वाले अश्लील फोटो की संख्या में कमी आई है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व और शौर्य यात्रा में भी लेंगे हिस्सा

■ NBT रिपोर्ट: पीएम मोदी अगले कुछ दिन अपने गृहक्षेत्र गुजरात में होंगे। 12 जनवरी को पीएम जर्मनी के चांसलर, फ्रेडरिक मर्ज के साथ अहमदाबाद में मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी के निमंत्रण पर जर्मनी के चांसलर 12-13 जनवरी 2026 को भारत की आधिकारिक यात्रा पर होंगे। चांसलर मर्ज की भारत की यह पहली आधिकारिक यात्रा होगी। दोनों नेता 12 जनवरी को सुबह साबरमती आश्रम जाएंगे। उसके बाद लगभग 10 बजे वे साबरमती रिवरफ्रंट पर अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव में भाग लेंगे। इसके बाद सुबह गांधीनगर के महात्मा मंदिर में द्विपक्षीय बैठकें होंगी।

> अगले कुछ दिन पीएम होंगे गुजरात में, 12 जनवरी को जर्मन चांसलर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे

इससे पहले पीएम मोदी मोदी 10-11 जनवरी को गुजरात के सोमनाथ की यात्रा पर रहेंगे। पीएम इस दौरान सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भी हिस्सा लेंगे। पीएम 10 जनवरी को शाम लगभग 8 बजे ओंकार मंत्र का जाप करेंगे और उसके बाद सोमनाथ मंदिर में ड्रोन शो का अवलोकन करेंगे। पीएम 11 जनवरी को सुबह शौर्य यात्रा में भाग लेंगे। यह एक औपचारिक शोभा यात्रा है जो सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले अनगिनत योद्धाओं को श्रद्धांजलि देने लिए आयोजित की जाती है। इसके बाद, पीएम का सोमनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना का भी कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री वहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे।

इसके बाद 11 जनवरी को वो राजकोट का दौरा करेंगे और कच्छ एवं सौराष्ट्र क्षेत्रों के लिए वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगे। पीएम इस दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

# ग्रीनलैंड पर हमारी नज़र: MEA

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**विदेश मंत्रालय** ने सोमालीलैंड को मान्यता देने पर कहा कि भारत सोमालिया के साथ हमारे पुराने संबंध हैं। हम मानते हैं कि उस देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना जरूरी है। इजराइल सोमालिया से अलग हुए क्षेत्र सोमालीलैंड को मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ग्रीनलैंड को लेकर चल रही गतिविधियों को लेकर कहा कि हम नजर बनाए हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के मिनियापोलिस में अमेरिकी अधिकारी की ओर से एक महिला की हत्या किये जाने पर भी चिंता जताई। हाल के दिनों में शक्सगाम घाटी में हुए चीनी निर्माण को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा कि शक्सगाम घाटी भारतीय इलाका है।

> वेनेजुएला के बाद ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर दावा किया है, जिससे तनाव बढ़ा है



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, MEA


# 'अमेरिका के साथ ट्रेड डील में दूसरे देशों जैसी छूट देना मुश्किल'

## कई देशों ने US के लिए खोले हैं एग्री और डेयरी सेक्टर

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: अमेरिका के कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के राजी होने की जो बातें कहीं हैं, उनमें पूरी सच्चाई नहीं है। कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक सीनियर अधिकारी ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह दूसरे देशों ने अमेरिका के लिए अपने कृषि और डेयरी सेक्टर खोले हैं और दूसरी शर्तें स्वीकार की हैं, भारत वैसा नहीं कर सकता क्योंकि यह किसानों के लिए संवेदनशील मामला है।

अधिकारी ने कहा, भारत का हमेशा से स्पष्ट रहा है कि समझौता दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद हो और इसी आधार पर पिछले कुछ समय में कई देशों के साथ ट्रेड एग्रीमेंट किए गए हैं। अमेरिका से भी बातचीत में कुछ मामले बेहद संवेदनशील हैं। ट्रंप सरकार पर उसके किसान समर्थकों का बड़ा दबाव है, जिसके चलते ट्रेड डील के जरिए अमेरिका मक्के, सोयाबीन और डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए दुनियाभर में बाजार तैयार कर रहा है। उसका जोर इस बात पर भी है कि डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए उसके सर्टिफिकेट को ही मान लिया जाए, जबकि अमेरिका में दुधारू पशुओं को मांसयुक्त चारा भी दिया जाता है।



FILE

**ब्रिटेन ने क्या दिया? :** टैरिफ के ऐलान के बाद अमेरिका की पहली ट्रेड डील ब्रिटेन के साथ मई में हुई। अमेरिका ने ब्रिटेन पर टैरिफ घटाकर 10% करने की हामी भरी। ब्रिटेन ने अमेरिका से आने वाले बीफ पर 20% टैरिफ खत्म किया। हालांकि अमेरिका में हार्मोन ट्रीटमेंट वाले मीट के ब्रिटेन में आयात पर सवाल उठे हैं।

**वियतनाम ने क्या दिया? :** दूसरी डील 2 जुलाई को वियतनाम से की। उस पर 46% के बजाय 20% टैरिफ लगाई। वियतनाम ने अमेरिकी चीजों के ड्यूटी फ्री इंपोर्ट की हामी भरी। इसमें फूड और एग्री प्रोडक्ट्स भी शामिल हैं। वह अमेरिकी का सर्टिफिकेशन मानने को भी तैयार हुआ।

**इंडोनेशिया ने क्या दिया?:** इंडोनेशिया पर टैरिफ 32% से घटाकर 19% किया गया। इस बात पर राजी हुआ कि 99% से ज्यादा अमेरिकी चीजों पर कोई टैरिफ नहीं लगाएगा।

**जापान ने क्या दिया?:** जापान के साथ 4 सितंबर को ट्रंप ने 15% टैरिफ वाले एग्जिक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। जापान ने अपना एग्रीकल्चर सेक्टर पहली बार अमेरिकी कंपनियों के लिए पूरी तरह खोला। अमेरिकी गाड़ियों और चावल के मामले में भी ऐसा ही किया।

**साउथ कोरिया ने क्या दिया?:** साउथ कोरिया से US की ट्रेड डील 29 अक्टूबर को हुई। इससे अमेरिकी टैरिफ 25% से 15% पर आ गया, लेकिन बदले में कोरिया ने कहा कि वह सालाना 50 हजार अमेरिकी गाड़ियां आयात करने की लिमिट खत्म करेगा और वहीं के सेफ्टी स्टैंडर्ड्स भी स्वीकार कर लेगा।

# सब डील कर रहे, भारत पीछे: US मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने एक पॉडकास्ट में बताया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अभी तक क्यों नहीं हो पाया? उन्होंने कहा, हमने ब्रिटेन से कहा कि उन्हें आने वाले दो शुक्रवार तक इसे पूरा करना होगा, क्योंकि कई अन्य देशों के साथ भी समझौते हो रहे हैं। आप जानते हैं जो पहले आता है वह पहले पाता है। राष्ट्रपति ट्रंप समझौते चरणबद्ध तरीके से करते हैं। उन्होंने कहा, जो (देश) पहले चरण पर सौदा करता है, उसे सबसे बेहतरीन शर्तें मिलती हैं।

> कहा, मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया, इसलिए डील नहीं हो सकी

कहा कि ब्रिटेन के साथ हुए समझौते के बाद ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से कहा कि अगली डील भारत से होगी। लुटनिक ने कहा, हमने भारत को तीन हफ्ते का समय दिया। यह साफ होना चाहिए कि यह ट्रंप का समझौता है। वही अंतिम निर्णय लेते हैं इसलिए मैंने कहा, आपको मोदी को शामिल करना होगा। आपको मोदी से राष्ट्रपति को फोन करवाना होगा। भारत को ऐसा करने में असहजता महसूस हुई, इसलिए मोदी ने फोन नहीं किया। उस शुक्रवार के बाद अमेरिका ने इंडोनेशिया, फिलीपीन और वियतनाम के साथ समझौतों की घोषणा की। बाद में भारत माना, पर तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# कांग्रेस-विजय की नज़दीकियां, DMK से दूरी या रणनीतिक दबाव?

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : तमिल ऐक्टर विजय की फिल्म जन नायगन को सेंसर सर्टिफिकेट न मिलने के मुद्दे पर कांग्रेस का मुखर विरोध अब केवल अभिव्यक्ति की आजादी तक सीमित नहीं रह गया है। यह विवाद धीरे-धीरे तमिलनाडु की जटिल राजनीति और संभावित नए गठबंधनों की ओर इशारा करने लगा है। खासकर तब, जब विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम (TVK) ने कांग्रेस को अपना स्वाभाविक सहयोगी बताया है।

> 'जन नायगन' विवाद के बीच कांग्रेस ने विजय को समर्थन दिया।



ऐक्टर विजय

TVK के प्रवक्ता फेलिक्स जेराल्ड का यह बयान कि विजय और राहुल गांधी के बीच दोस्ती है और कांग्रेस के साथ गठबंधन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। इसके बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा जन नायगन के समर्थन में जिस तरह से केंद्र सरकार और सीबीएफसी पर हमला बोला गया, उसने इस नजदीकी को और साफ कर दिया है।

दिलचस्प बात यह है कि यह घटनाक्रम ऐसे समय पर सामने आया है, जब कांग्रेस और डीएमके के बीच सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत तय समय-सीमा (15 दिसंबर) के बावजूद अंतिम रूप नहीं ले पाई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस का विजय के समर्थन में आना केवल वैचारिक नहीं बल्कि रणनीतिक कदम भी हो सकता है ताकि डीएमके पर दबाव बनाया जा सके और वैकल्पिक राजनीतिक रास्ते खुले रखे जाएं।

### ऐक्टर विजय की फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट वाले आदेश पर मद्रास हाई कोर्ट ने लगाई रोक

■ भाषा, चेन्नै: मद्रास हाई कोर्ट ने केंद्रीय फिल्म सर्टिफिकेशन बोर्ड (CBFC) को ऐक्टर विजय की फिल्म 'जन नायगन' को सेंसर सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश देने वाले आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। चीफ जस्टिस मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और जस्टिस जी. अरुल मुरुगन की बेंच ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एआरएल सुंदरेशन और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित) द्वारा सीबीएफसी की अपील के आधार को स्पष्ट करने और मामले पर बहस करने के बाद यह रोक लगाई। इससे पहले एकल पीठ ने फिल्म को सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश दिया था। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 21 जनवरी के लिए लिस्ट कर दी।

### संभावित गठबंधन से किसको किससे क्या फायदे?

कांग्रेस के लिए विजय का समर्थन तमिल अस्मिता, युवा मतदाताओं और लोकप्रिय संस्कृति से जुड़ने का अवसर देता है, वहीं टीवीके के लिए कांग्रेस जैसा राष्ट्रीय दल राजनीतिक विश्वसनीयता और संगठनात्मक ताकत ला सकता है। हालांकि, डीएमके के साथ कांग्रेस का पुराना गठबंधन और राज्य की मौजूदा सत्ता संरचना इस संभावित नए समीकरण को आसान नहीं बनने देती। कुल मिलाकर जन नायगन की सेंसरशिप से शुरू हुआ विवाद अब तमिलनाडु की राजनीति में नए गठबंधनों, पुराने रिश्तों और दबाव की राजनीति का प्रतीक बनता जा रहा है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMKHEL User: cci Time: 01-09-2026 22:31 Color:



NBT GOOD न्यूज़

**मुस्कान: एंग्ज़ायटी कम करने में मददगार**
जब आप मुस्कुराते हैं, तो शरीर में तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन्स कम होते हैं। यह दिमाग को तुरंत शांत कर घबराहट (एंग्ज़ायटी) दूर करने का आसान और प्राकृतिक तरीका है।

### विचार

अगर आप सफल होना चाहते है, तो घिसे-पिटे रास्तो के बजाय नए और अनछुए रास्तो को चुने। कामयाबी वही मिलती है जहा कोई न पहुचा हो।
– जॉन डी. रॉकफेलर
(John D. Rockefeller)

### ज़रा हंस लें

पप्पू एक उलटे रखे गिलास को गौर से देखते हुए बोला, 'यार गप्पू, ये गिलास भी कितना अजीब है, इसका तो मुह ही नही है।' गप्पू ने गिलास उठाकर नीचे से देखा और बोला, 'हा यार, इसका तो तला भी नही है।'

### कविता : कोशिश

कोशिशो के काफिले,
हो, गर कुव्वत पर तेरे,
जीत की चारो तरफ,
सजती रहेगी महफिले,

रुक गया, गर झुक गया,
तो हार होगी सामने,
ना कोई आगे बढ़ेगा,
दामन तेरा ये थामने,

टूटे भी तलवार गर,
ना हौसले तेरे पस्त हो,
आगे बढ़ने की लगन मे,
बस, परदये तेरे मस्त हो,

पूजती दुनिया उसी को,
जो परम पे आज है,
जो गिरा, गिरकर उठा,
उसी के सिर पे ताज है,

जो गिर गया ना उठ सका,
और मुह के बल लेटा रहा,
वो किस्मत का वास्ता दे,
बस वक्त को खोता रहा।

– ज्ञानेन्द्र कुमार शर्मा, NBT रीडर

पॉज़िटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

मलेशिया के मंदिरों को लगभग रोज़ भेजी जाती हैं मालाएं

# इश्क हो या इबादत... फूलों के लाल 'ताजमहल' पर दिल हार रही दुनिया

AM Shudhagar



तमिलनाडु से हर हफ्ते 1,000 मालाएं मलेशिया भेजी जाती हैं

Senthil.Kumaran@timesofindia.com

■ चेन्नै: आगरा के सफेद ताजमहल से अलग, तमिलनाडु के होसुर का यह ताजमहल लाल रंग का है। ताजमहल गुलाब की मालाएं, जो भगवान मुरुगन के भक्तो में बेहद लोकप्रिय है, लगभग रोज मलेशिया के बटू मलाई मुरुगन मंदिर भेजी जाती है। किसान वी. सुरेश बताते है कि इसका रंग गहरा लाल, पंखुड़िया मखमली और खुशबू लाजवाब होती है। यह प्यार और खूबसूरती का प्रतीक है और साल भर स्थानीय और विदेशी बाजारो मे मांग मे रहता है। ताजमहल ही नही, बोरडो, रेडकॉर्विटी, एलाजी और रॉयल सर्कस जैसी किस्मे भी सिंगापुर, मलेशिया और पश्चिम एशिया भेजी जाती है। मालाएं छह तरह के फूलो से बनाई जाती है।




होसुर की 70% मालाएं मंदिरों, शादियो और रैलियो मे जाती है। हर हफ्ते 1,000 मालाएं मलेशिया भेजी जाती है। होसुर का मौसम फूलो की खेती के लिए उपयुक्त है। 150 एकड़ में फैली खेती रोज दो मिलियन गुलाब देती है, वैलेंटाइन पर संख्या 10 मिलियन तक बढ़ जाती है। सामान्य दिनो मे गुलाब 20 रुपये, फरवरी मे दोगुने से ज्यादा बिकता है।

# 70 साल का इतिहास, 4000 साइन और 'इमली' की जीत

Priyanka.Dasgupta@timesofindia.com

■ कोलकाता : स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पारुल मुखर्जी की ओर से लगाए गए 70 साल से ज्यादा पुराने इमली के पेड़ को शहरवासियो ने आखिरकार कटने से बचा लिया है। इसकी रक्षा के लिए 'इमली वृक्ष ग्रुप' बनाया गया था, जिसने रीडिवेलपमेंट प्लान के तहत पेड़ को हटाने या नुकसान पहुचाने के खिलाफ लड़ाई शुरू की थी। शनिवार को वन विभाग के अधिकारियो ने ग्रुप के सदस्यो को बताया कि डिवेलपर देबाशीष सरकार ने पेड़ नही काटने का आश्वासन दिया है। यही नही, वहा मुखर्जी की याद मे एक स्मारक भी बनाया जाएगा।




शहर के विद्यासागर कॉलोनी मे इस इमली के पेड़ को स्वतंत्रता सेनानी पारुल मुखर्जी ने लगाया था। हाल ही मे एक रीडिवेलपमेंट प्लान के तहत पेड़ को काटने की बात उठी तो शहरवासी विरोध मे आ गए। कलाकारो और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओ के बीच यह चर्चा का विषय बन गया था। बरनाली दास, मधुछन्दा, समता विश्वास और अन्य कलाकारो ने पेड़ को बचाने के लिए इसके नीचे प्रदर्शन किए। ग्रुप ने इमली ट्यून्स नाम से यूट्यूब चैनल शुरू किया और अधिकारियो को पत्र भी लिखे गए।



### साइन की ऑनलाइन याचिका, बनाई डॉक्युमेंट्री

हाल ही मे, 4 हजार से अधिक लोगो ने एक ऑनलाइन याचिका पर साइन किए थे। इसमें कोलकाता नगर निगम (KMC) से पेड़ काटने पर रोक लगाने का आदेश जारी करने की अपील की गई थी। देबलीना के निर्देशन मे इस पेड़ पर 'तिलितिकलार बंधुरा' नाम की डॉक्युमेंट्री भी बनाई गई। इसके जरिये शहरीकरण के बीच ग्रीनरी के महत्व को बताया गया था। पिछले साल कोलकाता इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल मे इस डॉक्युमेंट्री को खूब सराहा गया था।

### आम लोगों से ही बदलाव संभव


'इमली वृक्ष ग्रुप' के आंदोलन पर सवाल भी उठे। डिवेलपर ने आरोप लगाया था कि पेड़ बचाना ग्रुप के लोगो के लिए एक धंधा है। लेकिन, डॉक्युमेंट्री निर्माता देबलीना ने इन आरोपो को खारिज करते हुए कहा, "उनके लिए पेड़ केवल एक जीवन नही, बल्कि लाखो जिंदगियो के बराबर है।" ग्रुप से जुड़ी समता विश्वास का कहना था कि अक्सर हमसे पूछा जाता है कि एक पेड़ बचाकर क्या हासिल कर सकते है? लेकिन इस पेड़ को बचाना यह दिखाता है कि जब आम लोग एक साथ आते है और कदम उठाते है, तो बदलाव वास्तव मे आ सकता है।

# 16 साल के वीर ने एरियल स्पोर्ट्स में भारत को दिलाया पहला गोल्ड

Aarushi.Mehrishi@timesofindia.com



■ मुंबई: पिछले साल दिसंबर मे हंगरी के बुडाओर्स शहर मे वर्ली के रहने वाले 16 साल के वीर महरोत्रा ने इतिहास रच दिया है। पोल एंड एरियल स्पोर्ट्स वर्ल्ड चैंपियनशिप मे वीर ने जूनियर बी एमेच्योर मेन (15 से 17 साल) कैटिगरी मे गोल्ड मेडल जीतकर भारत को इस प्रतियोगिता मे पहली बार पोडियम पर पहुचाया। मुंबई लौटते ही इसका असर भी दिखने लगा। जहा वीर पिछले 8 साल से ट्रेनिंग ले रहे है, उस राजमुद्रा लोके एरियल आर्ट इंडिया सेंटर मे हाल ही मे एक 12 साल का बच्चा अपने माता-पिता के साथ एडमिशन लेने पहुचा। उसका कहना था कि अगर वीर ऐसा कर सकता है तो मै भी कर सकता हू।





एक ऐसा खेल जिसे अक्सर सर्कस या सीमित फिटनेस एक्टिविटी समझ लिया जाता है, वीर के लिए यह गोल्ड मेडल अब एक बड़ी पहचान बन गया है। वीर की इस कहानी की शुरुआत तब हुई, जब उनकी मां ने एक फेस्टिवल मे एरियल परफॉर्मेंस देखी और उन्हें इसमें दाखिला दिलाया। 8 साल की उम्र मे वीर ने कलाकारो को करीब 20 फीट की ऊंचाई से सिर्फ कपड़े के सहारे हवा मे झूलते देखा। वीर कहते है कि ताकत और कहानी को एक साथ दिखाने वाला यह खेल उन्हें पहली नजर मे ही भा गया। कोच राजमुद्रा लोके की देखरेख मे वीर की ट्रेनिंग शुरू हुई। गोल्ड जीतने के लिए वीर ने 'ओकोडाइल पोज' मे महारत हासिल की। इस पोज मे खिलाड़ी एक कोहनी के सहारे शरीर को सीधा रखते हुए जमीन से करीब 14 फीट ऊपर संतुलन बनाता है। वीर बताते है कि पहली बार इस पोज को करते समय वह करीब 5 फीट नीचे गिर गए थे। आज भी उनकी कोहनी पर उस मेहनत के निशान है।

### इस खेल में खर्च भी एक बड़ी समस्या है

*यह खेल इंडियन पोल स्पोर्ट्स एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है लेकिन इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन जैसे बड़े संस्थानो का समर्थन अभी नही है। बाहर खिलाड़ी 30 फीट ऊंची छत वाले स्टूडियो मे ट्रेनिंग करते है, जबकि भारत मे 18 फीट की जगह मिलना भी मुश्किल है। कोचिंग, खास उपकरण और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट मे जाना ज्यादातर खुद के खर्च पर ही होता है।*

# सर्दियों की ठिठुरन में अपनों सा खयाल!



मथुरा मे ठंड का स्वागत कुछ इस तरह ही रहा है। गरम कंबल, हैलोजन की रोशनी, पुआल का बिस्तर और ढेर सारे प्यार के साथ वाइल्डलाइफ SOS की टीम इन रेस्क्यू किए गए हाथियो की कर रही स्पेशल केयर

दिल की सेहत को बेहतर और तनाव कम करता है हाई इंटेंसिटी डांस

# डायबिटीज़ से लड़ाई में डांस दे रहा साथ

■ टीएनएन, चेन्नै

**सिर्फ 10** मिनट का हाई इंटेंसिटी डांस दिल की सेहत और मांसपेशियो की ताकत बढ़ा सकता है और तनाव कम कर सकता है। यह बात मद्रास डायबिटीज रिसर्च फाउंडेशन (एमडीआरएफ) की 12 हफ्ते की पायलट स्टडी मे सामने आई है, जो शहर के दो स्कूलो मे की गई। इस पहल मे कुछ लड़कियो की मांए भी शामिल हुई। एमडीआरएफ ने 'धाहव' नाम से एक खास हाई-इंटेंसिटी



इंटरवल ट्रेनिंग (HIIT) डांस प्रोग्राम तैयार किया है, जिसे भारतीय संस्कृति के मुताबिक बनाया गया है। इसके लिए 11 से 71 साल की उम्र की महिलाओ और स्कूली लड़कियो से 1,000 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन मिल चुके है। रोज ऑनलाइन क्लासेज और हफ्ते मे एक बार ऑफलाइन सेशन मे फोक डांस, फिल्मी गानो और पॉपुलर म्यूजिक के स्टेप्स को छोटे लेकिन तेज डांस लूप्स मे शामिल किया जाता है। डायबिटीज विशेषज्ञ और इंटरनैशनल डायबिटीज फेडरेशन के फिजिकल एक्टिविटी वर्किंग ग्रुप की प्रेजिडेंट-इलेक्ट डॉ. आर. एम. अंजना ने कहा, "यह एक क्लिनिकल प्रयोग के तौर पर शुरू हुआ था और अब इसके अच्छे नतीजे सामने आ रहे है।"

# कैसे विंबलडन की कहानी में रचा-बसा गुजरात?



अंजार प्लांट मे काम करती महिलाएं

Hritik.Joshi@timesofindia.com

■ कच्छ: जब टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 2006 मे अपना चौथा विंबलडन खिताब जीता, तो वह ट्रॉफी के साथ चैंपियनशिप मे इस्तेमाल हुए पारंपरिक ग्रीन-पर्पल तौलिया भी साथ ले गए। तब फेडरर ने कहा था, "मै ये तौलिए अपने साथ ले जा रहा हू। अब तो मेरे पास इनका एक बड़ा कलेक्शन हो चुका है। यह एक अच्छा तोहफा है।'




इसके बाद आया साल 2009। लंदन मे विंबलडन के सेंटर कोर्ट मे हजारो दर्शको की तालियो के बीच फेडरर तौलिए से अपना पसीना पोछ रहे है। लेकिन इस बार 100 पर्सेंट कॉटन से बना यह टेरी टॉवल उनके हाथो मे कही और से नही बल्कि गुजरात के वापी मे वेलस्पन के कारखाने से सीधे पहुचा है, जहा दुनियाभर से ट्रको, जहाजो मे लदकर रुई की कई वैरायटी एक छत के नीचे आती है और फिर बड़ी-बड़ी मशीनो मे उछल-कूद करती हुई लंबा धागा बनकर निकलती है। इसी फैब्रिक से फिर बेडशीट्स और तौलिए बनते है।

वेलस्पन वर्ल्ड (Welspun World) भारत के सबसे बड़े व्यापारिक समूहो मे से एक है, जो बेडशीट्स से लेकर वॉटर टैंक तक का एक्सपोर्ट करता है। खास बात यह है कि वेलस्पन ने 2006 मे ब्रिटेन की प्रीमियम तौलिए बनाने वाली कंपनी क्रिस्टी को खरीदा था, जो 1987 से खास तौर पर विंबलडन के तौलिए बनाती आ रही थी। आज वही तौलिए पिछले 17 सालो से वेलस्पन के वापी प्लांट मे तैयार हो रहे है।

वापी से करीब 650 km दूर कच्छ के अंजार स्थित वेलस्पन के प्लांट मे कंपनी ने फेडरर के हस्ताक्षर वाला तौलिया सहेज कर रखा है। प्लांट मे असिस्टेंट जनरल मैनेजर मितेश मोदी बताते है कि कंपनी अमेरिका, मिस्र और इजराइल जैसे देशो से कॉटन की अलग-अलग वैरायटी मंगाती है और उनसे अलग-अलग क्वॉलिटी के प्रोडक्ट तैयार किए जाते है। विंबलडन के टॉवल वापी प्लांट मे इंडिया की कॉटन सीड वैरायटी DCH से तैयार होते है।

### सॉफ्ट होने के साथ जल्दी सूख भी जाते हैं ये तौलिए

**कंपनी के प्रशासनिक** विभाग के हेड मेजर (रिटायर्ड) रोशन के अनुसार, 'विंबलडन के तौलिए, जिनकी भारतीय बाजारो मे कीमत करीब 1800 से 2000 रुपए होती है, टूर्नामेंट से कुछ महीनो पहले ही बनने शुरू होते है।' इन तौलियो को प्लेयर्स मैच के दौरान पसीना पोछने के लिए इस्तेमाल करते है। विंबलडन हर साल अपने क्लासिक ग्रीन-पर्पल रंग के अलावा एक सीजनल थीम वाले तौलिए भी रिलीज करता है। इनके तौलियो की खासियत यह है कि ये सॉफ्ट होने के साथ-साथ बहुत जल्दी सूख भी जाते है। हर प्लेयर को कोर्ट मे दो तौलिए मिलते है, लेकिन कई खिलाड़ी जैसे नोवाक जोकोविच, इन्हे रिपटेक मानते है कि वे इन्हें अपने साथ ले जाने से रोक नही पाते।

# पंचामृत दे रहा बचपन को अमृत

**पॉकेट मनी से पोषण: IIT कानपुर के स्टूडेंट्स करते है जरूरतमंद बच्चों के खाने की फंडिंग**

Praveen.Mohta@timesofindia.com



मेस बिल मे हर महीने 20 रुपये ज्यादा देकर स्टूडेंट्स 230 बच्चो को हफ्ते मे 5 दिन पौष्टिक खाना खिला रहे है

■ कानपुर : भूखे पेट पढ़ाई नही होती, इस बात को समझते हुए IIT कानपुर के छात्रो ने एक मिसाल पेश की है। मेस बिल मे हर महीने महज 20 रुपये ज्यादा देकर ये स्टूडेंट्स 230 गरीब बच्चो को हफ्ते मे 5 दिन पौष्टिक खाना खिला रहे है। यह पहल न केवल बच्चो का पेट भर रही है, बल्कि उन्हे पढ़ाई से भी जोड़ रही है। आईआईटी कानपुर कैंपस के आसपास काफी ऐसे परिवार रहते है, जिन्हे दो वक्त की रोटी के लिए काफी मेहनत करनी होती है। इन परिवारो के बच्चो को पढ़ाने के लिए 1964 मे ही कैंपस मे ऑपर्च्युनिटी स्कूल की शुरुआत की गई थी। इस स्कूल मे आसपास के साधारण परिवारो के बच्चे मुफ्त मे पढ़ते है।




समय बीतने के साथ स्कूल से जुड़े लोगो ने नोटिस किया कि कई बच्चे पढ़ाई पर फोकस नही कर पाते है। इसकी वजह बच्चो का भूखे पेट रहना है। कई बच्चे घर से टिफिन तो लाते है, लेकिन गर्मी और बारिश मे खाना खराब हो जाता है। कुपोषण के शिकार कई बच्चे कई बार क्लास मे ही बेहोश हो जाते थे। जब यह बात आईआईटी कैंपस मे पहुंची तो गंभीर सोच-विचार हुआ। समस्या के समाधान के लिए 2024 मे एक पहल की गई। प्रोफेसरो के प्रोत्साहन पर हॉस्टल-5 के स्टूडेंट्स ने ऑपर्च्युनिटी स्कूल के बच्चो को बढ़िया खाना उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया। प्रस्ताव रखा गया कि बच्चो को राजमा-चावल, छोले-चावल और कढ़ी-चावल उपलब्ध कराया जा सकता है। सामूहिक रूप से खाना बनने पर लागत भी कम आएगी। हिसाब जोड़ा गया तो रोज का खर्च सिर्फ 3000 रुपये आया। पूरे महीने का हिसाब जोड़ा गया, तो हॉल-5 के 600 स्टूडेंट्स के हर महीने के मेस बिल मे सिर्फ 20 रुपये का अतिरिक्त सहयोग देना था। सहमति बनी और 230 बच्चो को जुलाई 2024 को पहली बार ताजा और गर्मागर्म खाना परोसा गया। बाद हॉल-1,3 और 8 के अलावा गर्ल्स हॉस्टल-1 तक पहुंची तो वहा के रेजिडेंट्स भी सहयोग देने के लिए तुरंत तैयार हो गए। इससे बच्चो को हफ्ते मे 5 दिन बढ़िया भोजन मिलने लगा।

### अब पढ़ाई के साथ-साथ भरता है पेट

इस पहल का नाम 'पंचामृत' रखा गया। पंचामृत यानी दूध, दही, घी, चीनी और शहद से बना मिश्रण। इसका असर यह हुआ कि बच्चे अब ज्यादा सेहतमंद और एक्टिव रहते है। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. चेतना मिश्रा के अनुसार यह सामुदायिक सहयोग का बेहतरीन उदाहरण है। स्कूल के इंचार्ज प्रो. टी.के. गुहा ने बताया कि स्टूडेंट्स को ऑनलाइन शीट भेजकर इस पहल पर आपत्तियां मांगी जाती है, लेकिन कोई आपत्ति नही आती। स्टूडेंट्स पंचामृत के लिए काफी सकारात्मक रहते है।


# बासी चावल की कांजी में छिपा सेहत का राज़!



■ NBT रिपोर्ट, चेन्नै: तमिलनाडु और कई राज्यो मे पारंपरिक रूप से खाया जाने वाला पझाया सोरु कांजी यानी मिट्टी के बर्तन मे रात भर भिगोया हुआ बासी चावल अब डॉक्टरो की मान्यता भी पा चुका है। चेन्नै के स्टेनली मेडिकल कॉलेज की रिसर्च बताती है कि यह गर्भवती महिलाओ और खून की कमी से जूझ रही लड़कियो के लिए खास फायदेमंद है। रिसर्च मे पाया गया कि 100 ग्राम पके चावल मे आयरन लगभग 3.4 मिलीग्राम होता है, लेकिन मिट्टी के बर्तन मे 12 घंटे भिगोने के बाद यह 73.91 मिलीग्राम तक बढ़ जाता है, जो गर्भवती महिलाओ की रोज की जरूरत से दोगुना है। छह महीने तक खाली पेट इसका सेवन पेट की गंभीर बीमारियो मे भी लाभकारी पाया गया। इसमे लैक्टोबैसिलस जैसे अच्छे बैक्टीरिया और 200 से अधिक पोषक तत्व मौजूद है। तमिलनाडु सरकार इसे किशोरियो की डाइट मे शामिल करने की योजना बना रही है।

# शाही मेहमानों का विंटर वेकेशन


Winter Vacation PTI




कानपुर के नवाबगंज जूलॉजिकल पार्क मे लकड़ी के शहतीरो पर आराम फरमाते नीलम, टोनी, पीताम्बरी, जैसी गुनगुनी धूप मे आराम फरमा थकान मिटा रहे है। ये तेंदुए सर्दी के अलसाए दिन मे जंगल की शान की तस्वीर उकेर रहे है।

## मनोरंजन



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: cci Time: 01-09-2026 23:16 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

## जब हुआ था पहला विश्व हिंदी सम्मेलन


आज विश्व हिंदी दिवस है। पहली बार इसकी घोषणा 2006 में हुई थी। आज ही के दिन 1975 में नागपुर में पहला 'विश्व हिंदी सम्मेलन' हुआ था, जिसमें 30 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया था। आज ही के दिन 1949 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी गूंजी थी। आज का दिन हिंदी के प्रचार और इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए समर्पित है। 2026 की थीम इसे तकनीक और AI से जोड़ने पर केंद्रित है।

# NBT



## भविष्य में हिंदी होगी एक ग्लोबल भाषा

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में हिंदी अत्याधुनिक और ग्लोबल भाषा बनेगी। यह दुनिया की 3-4 सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से होगी और करीब 2 अरब लोग इसे बोल या समझ रहे होंगे। हिंदी तकनीक, विज्ञान, AI और स्पेस रिसर्च की सशक्त भाषा होगी। यह पूरी तरह बराबरी की भाषा बनेगी, जिसमें जेंडर-न्यूट्रल शब्द आम होंगे। हिंदी का नया रूप हाइब्रिड होगा, जिसमें संस्कृत, उर्दू, लोकभाषाओं और तकनीकी सरलता का संतुलन दिखेगा।



AI Images

## ईरान में महंगाई और आर्थिक बदहाली के खिलाफ तेज़ हुआ प्रदर्शन

# खामेनेई बोले, हम पीछे नहीं हटेंगे ट्रंप ने कहा, वो देश छोड़ सकते हैं



ट्रंप को खुश करने के लिए प्रदर्शनकारी अपनी ही सड़कों को बर्बाद कर रहे हैं। *-अयातुल्ला अली खामेनेई*

ईरान के दूसरे सबसे बड़े शहर मशहद पर अब प्रदर्शनकारियों का कब्जा हो गया है। *- डॉनल्ड ट्रंप*



## 'हज़ारों ईरानियों के खून से सने हैं ट्रंप के हाथ'

**ईरान में** विरोध प्रदर्शनों के बीच सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शुक्रवार को स्पष्ट और सख्त संदेश दिया कि इस्लामिक गणराज्य किसी भी हालत में पीछे नहीं हटेगा। सरकारी टीवी पर प्रसारित भाषण में 86 वर्षीय खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों को 'विदेश समर्थित तत्व' करार दिया और कहा कि उनका उद्देश्य ईरान को अस्थिर करना है। खामेनेई ने विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति के हाथ हजारों ईरानियों के खून से सने हैं। उन्होंने 12 जून को हुए अमेरिकी हमलों का हवाला देते हुए कहा कि उन हमलों में उनके देशवासियों की मौत हुई और यह साबित करता है कि ट्रंप की नीति और हस्तक्षेप निर्दयी है। खामेनेई ने साफ संकेत दिए हैं कि अब सुरक्षा बल सख्त कार्रवाई के लिए तैयार है। शुक्रवार को तेहरान में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए खामेनेई ने प्रदर्शनकारियों पर तीखा हमला बोला और कहा कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को खुश करने के लिए 'अपनी ही सड़कों को बर्बाद कर रहे हैं।' खामेनेई ने ट्रंप को 'ईरानियों के खून से सने हाथों वाला व्यक्ति' बताया। खामेनेई ने ट्रंप को चेतावनी देते हुए कहा कि इतिहास में घमंडी और तानाशाह शक्तियां अपने शिखर पर ही गिर गईं।

> सुरक्षाबल सख्त कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार

### 'तत्परता और एकता बनाए रखें युवा'

देशभर में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शन को देखते हुए अपने समर्थकों को एकजुट रहने का संदेश देते हुए खामेनेई ने कहा कि प्रिय युवा, अपनी तत्परता और एकता बनाए रखें। एकजुट राष्ट्र किसी भी दुश्मन को परास्त कर सकता है।

### 'बाहरी ताकत कमज़ोर नहीं कर सकती'

खामेनेई ने यह भी याद दिलाया कि इस्लामिक गणराज्य सैकड़ों हजारों सम्मानित लोगों के खून से सत्ता में आया और कोई भी बाहरी या आंतरिक ताकत इसे कमजोर नहीं कर सकती। ईरानी सत्ता प्रतिष्ठान विरोध प्रदर्शनों के आगे नहीं झुकेगा।

## कई शहरों में हुईं हिंसक झड़प

बढ़ती महंगाई, आर्थिक बदहाली और जीवन-यापन की लागत में तेज इजाफे के खिलाफ भड़का आंदोलन राजधानी तेहरान समेत देश के कई बड़े शहरों तक पहुंच गया है। हजारों लोग सड़कों पर उतर आए हैं। ईरानी नेता खामेनेई ने कहा है कि हम पीछे हटने वाले नहीं है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अगर ईरानी सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों को मारते हैं, तो अमेरिका कड़ा जवाब देगा। (इनपुट: AP/CNN/BBC/ET)

AFP



बढ़ते विरोध के बाद ईरानी सरकार ने देश में इंटरनेट और अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन सेवाएं बंद कर दी हैं।

### '47 साल से मरी हूं': विरोध की गूंज

प्रदर्शनों के बीच एक बुजुर्ग महिला का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें महिला प्रदर्शनकारी खून से सने चेहरे के साथ सड़कों पर मार्च करती दिखती है। वह चिल्लाकर कहती है, 'मुझे डर नहीं लगता, मैं 47 साल से मरी हुई हूं।' यह वाक्य 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ईरान में लागू धार्मिक शासन की ओर इशारा करता बताया गया है।

### रजा पहलवी की वापसी की उठी मांग

ईरान में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के बीच कई प्रदर्शनकारी रजा पहलवी (Reza Pahlavi), ईरान के अंतिम शाह के निर्वासित पुत्र की वापसी की मांग कर रहे हैं। पहलवी ने खुद लोगों से सड़कों पर उतरने की अपील की है। 65 वर्षीय पहलवी ने 1979 की क्रांति के बाद अमेरिका में शरण ली। अब अपने देश के भविष्य में सक्रिय भूमिका निभाने की ओर बढ़ रहे हैं। पहलवी ने अपने परिवार की व्यक्तिगत त्रासदियों और लंबे निर्वासन से अनुभव प्राप्त किया। हाल के वर्षों में उनका रुख अधिक निर्णायक और सार्वजनिक हुआ है। पहलवी कहते हैं कि वह अतीत की बहाली नहीं है, बल्कि सभी ईरानियों के लिए लोकतांत्रिक भविष्य सुनिश्चित करने की कोशिश है।



रजा पहलवी

## प्रदर्शन करने वालों को मारा तो जवाब देंगे: ट्रंप

**ईरान में** तेज होते विरोध प्रदर्शनों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई मौजूदा संकट के बीच देश छोड़ने की योजना पर विचार कर रहे हैं। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने संकेत दिया कि खामेनेई के पास प्लान-बी है और वह रूस या किसी अन्य देश में शरण लेने की सोच सकते हैं। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह ईरान में जारी प्रदर्शनों पर नजर रखे हुए हैं और क्या उन्होंने यह खबर पढ़ी है कि खामेनेई मास्को जाने की योजना बना रहे हैं, तो उन्होंने साफ कहा कि हां, मैं इसे बहुत करीब से देख रहा हूं। वह कहीं जाने की सोच में हैं। ईरान में भारी संख्या में लोग सड़कों पर उतरकर मौजूदा शासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। इंटरव्यू के दौरान ट्रंप ने ईरानी सरकार को सख्त चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सुरक्षा बल प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाते हैं या उन्हें मारते हैं, तो अमेरिका कड़ा जवाब देगा। ट्रंप ने कहा कि अगर वे लोगों को मारते हैं, तो हम उन्हें जोर से जवाब देने के लिए हम तैयार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अतीत में ईरानी अधिकारी निहत्थे लोगों पर मशीनगनों से फायरिंग करते रहे हैं और कई लोगों को जेलों में डालकर फांसी दी गई।

> ट्रंप ने संकेत दिया कि खामेनेई के पास प्लान-बी है

### 'ईरान के ढहने की संभावना'

ट्रंप ने यह भी कहा कि मौजूदा हालात में ईरान के ढहने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि अब तक हालिया प्रदर्शनों में बड़े पैमाने पर ऐसी हिंसा नहीं दिखी है जैसी पहले देखी गई थी।

### 'सड़क पर उतरे लोगों में जोश'

ट्रंप ने कहा कि सड़कों पर उतरने वाले लोगों की संख्या और जोश यह दिखाता है कि मौजूदा शासन को हटाने की 'अविश्वसनीय उत्सुकता' है। उन्होंने कहा कि भीड़ बहुत विशाल है। लोग बड़ी संख्या में प्रदर्शन कर रहे हैं।




बैद्यनाथ नागपुर

महारास्नादि काढ़ा (गुग्गुल युक्त)

वात रोगों में दर्द से छुटकारा दिलाने में सहायक।

बदलते मौसम के कारण वातरोगों कि शिकायते काफी बढ़ जाती है। ऐसे समय लीजीये महारास्नादि काढ़ा (गुग्गुलु युक्त) यह जोड़ों का दर्द, सूजन, ऐंठन आदि को दूर करने में सहायक है।




वैद्यकीय सलाह : 844 844 4935 www.baidyanath.co

## कैरेबियन में अमेरिका की सख्ती जारी, एक और तेल टैंकर ज़ब्त

Caribbean

■ **एपी, वॉशिंगटन: अमेरिकी सेना** ने कैरेबियन सागर में एक और प्रतिबंधित तेल टैंकर को रोककर अपने नियंत्रण में ले लिया है। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला से जुड़े तेल टैंकरों के खिलाफ सख्त अभियान चला रहा है। अमेरिकी साउदर्न कमांड के अनुसार, तड़के की गई इस कार्रवाई में अमेरिकी मरीन और नौसेना के जवान शामिल थे। जब्त किए गए जहाज का नाम 'ओलीना' (Olina) बताया गया है। साउदर्न कमांड ने कहा कि अपराधियों के लिए कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है, और यह ऑपरेशन कैरेबियन क्षेत्र में पिछले कई महीनों से जारी अमेरिकी सैन्य तैनाती का हिस्सा है।

नौसेना अधिकारियों ने फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया है कि इस ऑपरेशन में कोस्ट गार्ड भी शामिल थे या नहीं, जैसा कि इससे पहले हुए कुछ मामलों में देखा गया था। 'ओलीना' उन टैंकरों में पांचवां है, जिन्हें अमेरिकी बलों ने जब्त किया है।

AFP



ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला से जुड़े तेल टैंकरों के खिलाफ अभियान चला रहा है।

### टैंकर विवाद: अमेरिकी रिहाई पर रूस का आभार

**पीटीआई, मॉस्को:** नॉर्थ अटलांटिक महासागर में अमेरिकी सुरक्षा बलों द्वारा जब्त किए गए रूसी ध्वज वाले तेल टैंकर मरीनेरा के मामले में रूस ने अमेरिका के फैसले का स्वागत किया है। रूस ने टैंकर पर सवार अपने दो नागरिकों को रिहा किए जाने के अमेरिकी निर्णय पर संतोष जताते हुए आभार प्रकट किया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि रूस के अनुरोध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अभियान के दौरान जब्त किए गए टैंकर के दो रूसी चालक दल सदस्यों को रिहा करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मॉस्को इस फैसले का स्वागत करता है और अमेरिकी नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।

## 4 भारतीय फिल्में ऑस्कर की रेस में

■ **पीटीआई, लॉस एंजेलिस:** लॉस एंजेलिस में होने वाले 98वें अकैडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर) के लिए शुरुआती लिस्ट जारी कर दी गई है। 4 भारतीय फिल्में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों के साथ रेस में हैं। बेस्ट फिल्म कैटिगरी के लिए 'कांतारा: ए लीजेंड-चैप्टर 1', 'तन्वी द ग्रेट', एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' और तमिल फिल्म 'टूरिस्ट फैमिली' को पात्र पाया गया है।

> 'होमबाउंड' ऑस्कर के लिए ऑफिशल एंट्री है।

## वर्ल्ड बुक फेयर आज से, पहली बार फ्री एंट्री

File



■ **राम त्रिपाठी, नई दिल्ली: भारत मंडपम** में शनिवार से वर्ल्ड बुक फेयर शुरू हो रहा है। किताबों के दीवानों के लिए खुशखबरी है। फेयर में एंट्री पूरी तरह फ्री रखी गई है। बच्चों के लिए भी खास इंतजाम किए गए हैं। बच्चों के लिए हर दिन सुबह से शाम तक खेल-खेल में सीखने वाली गतिविधियां आयोजित होंगी। नैशनल बुक ट्रस्ट ने हॉल नंबर 6 में करीब 750 वर्ग मीटर में 'किड्स एक्सप्रेस' मंडप तैयार किया है। यहां स्कूल के बच्चे संगीतमय कहानियां सुनाएंगे, कठपुतली बनाना सीखेंगे और बड़े लेखकों के साथ बात कर सकेंगे। ये सभी कार्यक्रम कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के लिए हैं। फेयर में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा साहित्य भी मिलेगा। सरकारी रेट पर पार्किंग की व्यवस्था भी है।

### मेडिकल सुविधा से लेकर फ्री शटल बस

**मेला हॉल** नंबर 2 से 6 में लगेगा। एंट्री गेट नंबर 4 और 10 से होगी। फेयर सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। पहुंचने के लिए सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर उतरें। गेट नंबर 10 पर फ्री शटल बस है जो एंट्री तक छोड़ेगी। तबीयत बिगड़ती है, तो हॉल न. 5 के सामने डिस्पेंसरी भी है।

## US में कोकीन तस्करी में दो भारतीय अरेस्ट

■ **पीटीआई, न्यू यॉर्क:** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे दो भारतीय नागरिकों को 300 पाउंड से अधिक कोकीन की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी फेडरल अधिकारियों के मुताबिक, दोनों आरोपी सेमी-ट्रक के जरिए भारी मात्रा में नशीला पदार्थ ले जा रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान 25 वर्षीय गुरप्रीत सिंह और 30 वर्षीय जसवीर सिंह के रूप में हुई है। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (DHS) ने बताया कि दोनों आरोपी अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल हुए थे और उनके पास कैलिफोर्निया राज्य द्वारा जारी कमर्शल ड्राइविंग लाइसेंस भी था। दोनों आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



## इमिग्रेशन अफसरों की कार्रवाई पर अमेरिका में हंगामा

■ **एपी, पोर्टलैंड:** अमेरिका के पोर्टलैंड शहर में फेडरल इमिग्रेशन अधिकारियों द्वारा की गई फायरिंग में एक वाहन में सवार दो लोग गोली लगने से घायल हो गए। यह घटना एक अस्पताल के बाहर हुई, जिसने शहर में पहले से मौजूद तनाव को और बढ़ा दिया। गोलीबारी के बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारी रात में यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (ICE) की इमारत के बाहर जमा हो गए। विभाग ने दावा किया कि वाहन का यात्री वेनेजुएला का अवैध प्रवासी था।

## अयोध्या धाम परिसर में नॉनवेज फूड सप्लाई पर होगा ऐक्शन

■ **NBT न्यूज अयोध्या:** अयोध्या में राम मंदिर के इलाके और नॉनवेज के पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के पास के होम स्टे व होटलों के लिए नॉनवेज खाने की आपूर्ति पर रोक के लिए नई गाइडलाइंस जारी की जाएंगी। यह जानकारी सहायक खाद्य आयुक्त मानिक चंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि विदेशी कंपनियां जो ऑनलाइन फूड सप्लाई करती हैं उन पर रोक लगाने का अधिकार विभाग को नहीं पर मंदिर इलाके व अयोध्या नाम के होटलों में जहां नॉनवेज पर रोक पहले से है उन्हें ताकीद किया जा रहा है कि किसी भी ग्राहक को बाहर नॉनवेज खाने की आपूर्ति न करने दें। उन्होंने कहा कि कुछ श्रद्धालुओं की शिकायत पर यह ऐक्शन लिया गया है हालांकि कोई मामला इस बाबत पकड़ में नहीं आया है। सहायक खाद्य आयुक्त सिंह ने बताया- राम मंदिर और इसके आस पास नॉनवेज की बिक्री पर पहले से रोक है। शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी। जिससे अयोध्या की धार्मिक मर्यादा पर पर चोट न पड़े। 6 जनवरी को होटल, गेस्ट हॉउस, होम स्टे और ऑनलाइन खाना डिलिवरी करने वाली कंपनियों को भी इसकी जानकारी दी गई है।

> ऑनलाइन सप्लाई के मद्देनजर जारी की गई गाइडलाइन

## अंकिता मर्डर: CBI जांच की सिफारिश

■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को अंकिता भंडारी मर्डर की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश कर दी। हाल में सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो क्लिप का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि इस संबंध में अलग-अलग FIR दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

## रूस ने घातक बैलिस्टिक मिसाइलें यूक्रेन पर दागीं, इनका इस्तेमाल सिर्फ दूसरी बार

Ballistic

■ **एपी, कीव**

**रूस-यूक्रेन** युद्ध में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। रूस ने शुक्रवार रात यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से बड़ा हमला किया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 22 से ज्यादा घायल हुए। इस हमले की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि रूस ने दूसरी बार अपने नए परमाणु-क्षमता वाले बैलिस्टिक मिसाइल 'ओरेशनिक' (Oreshnik) के इस्तेमाल का दावा किया है, जिसे वह ध्वनि की गति से दस गुना तेज और किसी भी मिसाइल रक्षा प्रणाली से 'अभेद्य' बताता है।

यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, राजधानी कीव में कई रिहायशी इमारतें हमले की चपेट में आईं। मृतकों में एक मेडिकल कर्मी भी शामिल है, जबकि बचाव कार्य में जुटे पांच रेस्क्यूकर्मी घायल हुए। हमले में कीव स्थित कतर दूतावास को भी नुकसान पहुंचा, जिस पर राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर अमेरिका से स्पष्ट जवाब की मांग की। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह हमला पिछले महीने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के आवास पर कथित यूक्रेनी ड्रोन हमले के जवाब में किया गया।

AP



रूसी राष्ट्रपति पूतिन के घर पर ड्रोन अटैक का बदला लेने की बात कही गई

### पूतिन की चेतावनी

पूतिन हाल ही में चेतावनी दे चुके हैं कि ओरेशनिक मिसाइल का इस्तेमाल उन देशों के खिलाफ भी हो सकता है जो यूक्रेन को रूस के अंदर हमला करने की अनुमति देते हैं। गौरतलब है कि यूक्रेन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पूतिन के आवास पर हमले के दावे को खारिज कर चुके हैं।

### जर्मनी ने की निंदा

जर्मनी ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि रूस डर पैदा करने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और नाटो के साथ आपात बैठक बुलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब शांति प्रयासों की बातें तो हो रही हैं, लेकिन जमीन पर जंग खतरनाक हो रही है।

SINCE 1986

JOINT & SPINE CLINIC

NON SURGICAL PAIN MANAGEMENT
Orthopedic & Physiotherapy

जॉइंट & स्पाईन क्लिनिक

उम्र से संबंधित घुटने का घिसना (Wear & Tear) गठिया (Rheumatoid Arthritis), एसीएल और पीसीएल लिगामेंट और मेनिस्कस का फटना (ACL and PCl ligament and Meniscus tear), गाउट (यूरिक एसिड में वृद्धि), ऑपरेशन के बाद का दर्द। कई मरीज़ घुटने के प्रतिस्थापन के बाद भी दर्द का अनुभव करते रहते हैं। खेल की चोटें, घुटनों का टूटना, देर तक खड़े न रह पाना, घुटनों में सूजन

Senior Orthopedic Surgeon
Pain Management Specialist
Rheumatologist

503, कोहिनूर स्पेशलिटी क्लिनिक, पाँचवीं मंजिल, सेंट्रल टावर, कोहिनूर स्क्वायर, शिवसेना भवन के सामने, दादर

दर्द से राहत की ओर




बिना सर्जरी, बिना किसी दुष्प्रभाव के

क्या आप घुटनों की समस्याओं से पीड़ित हैं? क्या आपके घुटनों का लचीलापन, झुकने की क्षमता और भार वहन करने की क्षमता कम हो गई है? अगर आप सीढ़ियाँ चढ़ने में अत्यधिक कठिनाई, दैनिक गतिविधियों में भाग लेने में असमर्थता, पाँच मिनट भी खड़े न रह पाने, घुटनों में तेज दर्द आदि से राहत चाहते हैं, तो आज ही नी क्लिनिक जाएँ।





मुंबई
(प्रत्येक सोमवार)
सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
8767090409
9370155293

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK2 User: cci Time: 01-09-2026 22:47 Color:



युई सुसाकी दुनिया की बेस्ट रेसलर हैं। वह 50 किग्रा वर्ग की हैं और मैं 53 किग्रा वर्ग की हूं। मैं उनसे छोटी हूं। उनके मुकाबले बहुत ध्यान से देख रही हूं कि वह कैसे खेलती हैं, कैसे बचाव करती हैं, किस तरह की गलतियां नहीं करतीं। -अंतिम पंघाल, भारतीय रेसलर





**1750**

रन बनाए हैं सचिन तेंडुलकर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल (ODI) में। वह इस टीम के खिलाफ ODI में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय हैं, जबकि ओवरऑल लिस्ट में वह रिकी पॉन्टिंग (1971 रन) के बाद दूसरे स्थान पर हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. विमिंस हॉकी इंडिया लीग 2025/26 का फाइनल किस शहर में खेला जाएगा?
A) दिल्ली B) हैदराबाद C) रांची D) चेन्नै
2. बैडमिंटन प्लेयर अकाने यामागुची किस देश की हैं?
A) चीनी ताइपे B) चीन C) इंडोनेशिया D) जापान


**कल के जवाब**
1. B) जेमिमा रॉड्रिग्स 2. B) साउथ अफ्रीका 3. B) मिचेल स्टार्क

**लकी WINNERS**


1 अर्चना सक्सेना, लखनऊ, यूपी


2 रूपा मलिक, शालीमार बाग


3 मनीष सिंह, प. विहार, दिल्ली


4 अशोक गोगिया, ठाणे, मुंबई


5 अमन खान, गाजियाबाद, यूपी

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## विजय हजारे में शानदार प्रदर्शन से मिली हरी झंडी
# श्रेयस नंबर-4 पर फिर से चमक बिखेरने को तैयार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**वनडे इंटरनैशनल फॉर्मेट में** टीम इंडिया के मिडल ऑर्डर के 'स्तंभ' माने जाने वाले प्रतिभाशाली बल्लेबाज श्रेयस अय्यर फिर से कमर कस चुके हैं। श्रेयस को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल करते हुए क्रिकेट बोर्ड की ओर से कहा गया था कि उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा। ऐसे में श्रेयस ने विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी करते हुए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ तेज-तर्रार 82 रन बनाए तो पंजाब के खिलाफ भी 45 रन की पारी खेली। इस तरह उन्होंने अपनी फिटनेस से जुड़ी चिंताओं को दूर करते हुए भारतीय कैंप में शामिल होने की हरी झंडी हासिल कर ली है। वह फिर से नंबर-4 की अपनी पसंदीदा पोजिशन पर चमक बिखेरने को तैयार हैं।

भारत vs न्यूजीलैंड
व्हाइट बॉल चैलेंज

**पुराने टच में दिखे:** वनडे फॉर्मेट में हमेशा लय और आत्मविश्वास के साथ खेलने वाले श्रेयस ने विजय हजारे ट्रॉफी में अब तक जो दो पारियां खेली हैं उनमें उन्होंने साफ तौर पर दिखाया कि वह अपने पुराने टच में हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मुंबई के लिए खेलते हुए केवल 53 बॉल पर 82 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 10 फोर और तीन सिक्स जड़े। मुंबई ने वह मैच जीती और श्रेयस टीम के टॉप स्कोरर रहे। पंजाब के अटैक के सामने भी उन्होंने आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए 34 बॉल पर 45 रन की पारी खेली। यह दर्शाता है कि वह चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं और वे मानसिक रूप से भी इस फॉर्मेट का चैलेंज लेने को तैयार हैं।

**विराट के बाद बेस्ट:** श्रेयस और कप्तान शुभमान गिल के लौटने से भारतीय बैटिंग ऑर्डर में थोड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। हालांकि, इतना तय है कि श्रेयस अपनी नियमित नंबर-4 पोजिशन पर ही उतरेंगे। गिल और रोहित शर्मा ओपन करेंगे तो यशस्वी जायसवाल को बाहर बैठना पड़ सकता है। नंबर-3 पर विराट आएंगे तो चौथे पर श्रेयस बैटिंग करेंगे। श्रेयस नंबर-4 पर भारत के अब तक के बेस्ट बैटर्स में शामिल हैं। इस पोजिशन पर श्रेयस रन के मामले में बेशक कुछ भारतीय दिग्गजों से पीछे हैं, लेकिन औसत (51.16) के मामले में सिर्फ विराट कोहली (55.22) ही उनसे आगे हैं। श्रेयस ने अपने करियर में 67 वनडे इंटरनैशनल इनिंग्स में से 43 नंबर-4 पर खेली हैं। इनमें उनके नाम 1893 रन हैं। उनका बैटिंग स्ट्राइक रेट भी 100 के करीब है जो वनडे फॉर्मेट में बेहतरीन है।



**73** वनडे इंटरनैशनल मैच खेले हैं श्रेयस अय्यर ने। उन्होंने 47.81 औसत से 2917 रन बनाए हैं

### कीवी बैटर यंग ने बताया वनडे फॉर्मेट का महत्व

वनडे क्रिकेट की प्रासंगिकता को लेकर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के बैटर विल यंग ने कहा कि यह फॉर्मेट आज भी बेहद अहम है। टी20 वर्ल्ड कप और फिर आईपीएल के आयोजन के कारण वनडे सीरीज का महत्व थोड़ा कम हो गया है, लेकिन यंग इसके 'बड़े परिप्रेक्ष्य' को देख रहे हैं। उन्होंने बड़ौदा क्रिकेट संघ के मैदान में प्रैक्टिस सेशन के बाद कहा, "जब टी20 वर्ल्ड कप बिल्कुल सामने हो, तो इस सीरीज का महत्व थोड़ा कम होना लाजिमी है, लेकिन जब आप अपने देश के लिए खेलते हैं, तो जुनून और प्रेरणा हमेशा होनी चाहिए। आजकल हम इसे थोड़ा कम खेलते हैं। हालांकि याद रखना जरूरी है कि अब भी आईसीसी के दो बड़े टूर्नामेंट चैंपियंस ट्रॉफी और वर्ल्ड कप हैं जो इसी फॉर्मेट में खेले जाते हैं।"


विल यंग

### घरेलू परिस्थितियों में अधिक आक्रामक

**श्रेयस स्वभाव** से एक आक्रामक बैटर हैं। हालांकि, घरेलू परिस्थितियों में उनके बल्ले का तेवर देखते बनता है। उन्होंने अपने करियर के 73 ODI में से 34 भारत में खेले हैं। इनमें उन्होंने 56.6 औसत और 106.8 स्ट्राइक रेट से 1585 रन बनाए हैं। ODI में उनके पांच में से चार शतक भारत में ही बने हैं। स्पिनर्स पर अटैक करने और स्ट्राइक रोटेट करने में माहिर श्रेयस विदेशी धरती पर 32 पारियों में 39.81 औसत और 93.72 स्ट्राइक रेट से 1075 रन बनाए हैं।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

# मुंबई के लिए चला सजना-कैरी का बल्ला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सजीवन सजना (45 रन, 25 बॉल, 7 फोर, 1 सिक्स) और निकोला कैरी (40 रन, 29 बॉल, 4 फोर) की आक्रामक पारियों ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के चौथे सीजन की धमाकेदार नींव रखी। सजीवन और निकोला की 82 रन की साझेदारी ने एक समय पर संघर्ष कर रही मुंबई इंडियंस (MI) की पारी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के खिलाफ छह विकेट पर 154 रन तक पहुंचाया।

विमिंस प्रीमियर लीग 2026

मुंबई ने एक समय 67 रन पर चार विकेट खो दिए थे और उनका रन रेट 6 के करीब था। यहां से सजीवन और निकोला ने मोर्चा संभाला और मुंबई के लिए पांचवें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी की। इससे पूर्व, बेंगलुरु की कसी हुई बॉलिंग ने मुंबई के टॉप ऑर्डर पर अंकुश लगा दिया। नदीन डी क्लर्क (4/26) बेंगलुरु की ओर से सबसे सफल गेंदबाज रहीं।

**पावरप्ले में रखा शांत:** पहले बॉलिंग करने उतरी बेंगलुरु की शुरुआत बेहद खास रही। WPL डेब्यू कर रहीं बेल ने चौथे सीजन का पहला ओवर मेडन डाला। इस ओवर में बेल ने बैटर अमेलिया केर (4 रन) को स्विंग से लगातार छकाया। मुंबई इंडियंस का खाता दूसरे ओवर में लिंसी स्मिथ की गेंदबाजी पर जी कमालिनी चौके के साथ खोला। दूसरे ओवर में 10 रन आए। केर ने तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर अपना खाता खोला, लेकिन वह ज्यादा देर तक मैदान पर टिक नहीं सकीं। बेल ने पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर केर को चलता किया। मुंबई पावरप्ले में 5.6 रन रेट से 1 विकेट पर 34 रन ही बना पाई।


सजीवन (बाएं) और निकोला ने पांचवें विकेट के लिए जोड़े 82 रन

**ब्रीफ स्कोर**
**मुंबई इंडियंस:** 20 ओवर्स में 154/6 (सजीवन सजना 45, निकोला कैरी 40, नदीन डी क्लर्क 4/26)

**11** वीं बॉल पर खाता खोला था अमेलिया केर ने। यह WPL में पहला रन बनाने के लिए दूसरी सबसे ज्यादा गेंद का सामना करने का रेकॉर्ड है

**13** WPL पारी के बाद नैट सिवर-ब्रंट पहली बार दोहरे अंक के स्कोर तक नहीं पहुंच पाईं

## वॉरियर्स के सामने आज होंगे जायंट्स

■ एजेंसियां, नवी मुंबई: यूपी वॉरियर्स और गुजरात जायंट्स शनिवार को यहां विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। पिछले सीजन में विपरीत प्रदर्शन करने वाली दोनों टीमें इस बार बेहतर शुरुआत के साथ खिताबी दौड़ में मजबूत मौजूदगी दर्ज कराना चाहेंगी। यूपी वॉरियर्स की सबसे बड़ी उम्मीदें नई कप्तान मेग लैनिंग से जुड़ी होंगी। उनकी अगुआई में दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीन फाइनल खेल चुकी है। पिछले सीजन में एलिसा हीली की अनुपस्थिति में टीम निरंतरता के लिए जूझती दिखी थी। उधर, एश्ले गार्डनर की कप्तानी वाली गुजरात जायंट्स का आत्मविश्वास पिछले सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने से बढ़ा है। टीम में बेथ मूनी और सोफी डिवाइन जैसी अनुभवी विदेशी बल्लेबाज हैं, हालांकि एक प्रमुख भारतीय बैटर की कमी खल सकती है। गेंदबाजी में रेणुका सिंह ठाकुर, किम गार्थ और काशवी गौतम के साथ स्पिन में गार्डनर, जॉर्जिया वेयरहैम, राजेश्वरी गायकवाड़ और तनुजा कंवर जायंट्स को संतुलित आक्रमण प्रदान करते हैं।

विमिंस प्रीमियर लीग

कप्तान मेग लैनिंग

**टेलिकास्ट:** दोपहर 3:00 बजे से स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

विमिंस हॉकी इंडिया लीग
## पाइपर्स और टाइगर्स के बीच खिताबी भिड़ंत आज


बंगाल टाइगर्स टीम की प्लेयर अगस्टिना गोरजेलानी

■ एजेंसियां, रांची: एसजी पाइपर्स और श्राची बंगाल टाइगर्स शनिवार को यहां विमिंस हॉकी इंडिया लीग के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दो हफ्तों तक चले टूर्नामेंट में कुल 12 मुकाबलों के बाद ये दोनों टीमें अंक तालिका में शीर्ष दो स्थान हासिल करते हुए फाइनल में पहुंची हैं। पाइपर्स लीग तालिका में शीर्ष स्थान पर रही थी, जबकि बंगाल टाइगर्स ने दूसरा स्थान हासिल किया था।

**बंगाल की टीम ने दो बार हराया:** इस सीजन में दोनों टीमों का प्रदर्शन काफी हद तक समान रहा है। लीग स्टेज में दोनों टीमें दो बार भिड़ीं और दोनों ही मुकाबलों में बंगाल टाइगर्स ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की। हालांकि, पूरे लीग स्टेज के आंकड़े पाइपर्स के पक्ष में नजर आते हैं। पाइपर्स टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा गोल करने वाली टीम रही है, जिसने 11 गोल किए हैं। कप्तान नवनीत कौर चार गोल के साथ शीर्ष स्कोरर्स में शामिल हैं। लोला रिएरा (तीन गोल) और सुनेलिता टोप्पो (दो गोल) ने भी अहम योगदान दिया है। डिफेंस में भी पाइपर्स मजबूत रहा है और टीम ने पूरा चरण में सिर्फ नौ गोल खाए हैं। दूसरी ओर, बंगाल टाइगर्स ने अब तक सात गोल किए हैं, जिनमें से पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ अगस्टिना गोरजेलानी ने किए हैं। कप्तान वंदना कटारिया के नेतृत्व में यह टीम फाइनल में फिर दबाव में बेहतर खेल दिखाने की कोशिश करेगी।

पिछले सीजन में सबसे नीचे रहने से लेकर इस साल शीर्ष पर पहुंचना बेहद खास है। अब हमारा लक्ष्य इसी लय को बनाए रखते हुए खिताब जीतना है। – नवनीत कौर, कप्तान, एसजी पाइपर्स

**टेलिकास्ट:** शाम 7:30 बजे से HIL के यूट्यूब चैनल, वेव्स ओटीटी, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और डीडी स्पोर्ट्स पर

### शूटआउट में सूरमा ने तूफांस को दी शिकस्त

**नई दिल्ली:** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने मेंस हॉकी इंडिया लीग के नौवें मुकाबले में हैदराबाद तूफांस को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से मात दी। यह सूरमा की तीन मुकाबलों में पहली जीत है। सूरमा के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 20वें मिनट में पहला गोल दागते हुए बढ़त दिलाई। टीम ने तीसरे क्वॉर्टर तक इस बढ़त को कायम रखा, लेकिन चौथे क्वॉर्टर में अमनदीप लाकड़ा ने तूफांस को 1-1 की बराबरी पर खड़ा कर दिया। नियमित समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ होने के बाद सूरमा ने शूटआउट में बाजी मारी।

**1.50** करोड़ रुपये मिलेंगे विमिंस HIL जीतने वाली टीम को। उपविजेता को 1 करोड़ और तीसरे स्थान पर रहने वाली रांची रॉयल्स को 50 लाख रुपये मिलेंगे

## BCB भावनाओं में बहकर ना करे कोई फैसला: तमीम

■ एजेंसियां, ढाका: बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और उसके सबसे बेहतरीन ओपनर्स में शामिल तमीम इकबाल ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) से अपील की है कि अगले महीने भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में टीम की भागीदारी के बारे में फैसला जन भावनाओं में बहकर नहीं होना चाहिए, क्योंकि ऐसे किसी भी फैसले का असर अगले दस साल तक पड़ सकता है।

**भारत का एजेंट बता दिया:** हालांकि, बीसीबी डायरेक्टर एम नजमुल इस्लाम ने अपने फेसबुक पोस्ट में बाएं हाथ के इस बैटर को 'भारतीय एजेंट' करार दे दिया और कहा कि इस बार बांग्लादेश की जनता अपनी आंखों से एक भारतीय एजेंट को उभरते हुए देख रही है। तमीम ने एक क्रिकेट वेबसाइट से बातचीत में कहा, 'स्थिति फिलहाल थोड़ी गंभीर है, लेकिन सब मिलकर काम करें तो कई मसले बातचीत से हल हो सकते हैं। यह देखना होगा कि बांग्लादेश क्रिकेट का भविष्य क्या हो सकता है। फिर उसी आधार पर फैसला लेना चाहिए।' तमीम यह भी कहा कि अगर हम बीसीबी को स्वतंत्र संस्था मानते हैं तो इसे अपने निर्णय लेने का अधिकार भी होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जब हम खेलते हैं तो दर्शक भावनाओं से प्रभावित होकर कई बातें कहते हैं। लेकिन अगर आप इन सब के आधार पर निर्णय लेने लगेंगे तो इतनी बड़ी संस्था नहीं चला पाएंगे।'

टी20 वर्ल्ड कप 2026

पूर्व कप्तान की अपील

तमीम इकबाल

### सरकार के बयानों की प्लेयर्स ने की आलोचना

छत्तीस वर्षीय तमीम ने अपने करियर में 70 टेस्ट, 243 वनडे और 78 टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं। उन्होंने बीसीबी और सरकार द्वारा हर दिन जारी बयानों की भी आलोचना की। वहीं, तमीम को उनकी राय पर 'भारतीय एजेंट' करार देने वाले नजमुल के पोस्ट पर मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई। तस्कीन अहमद, मोमिनुल हक और ताइजुल इस्लाम समेत कई खिलाड़ियों ने इसका विरोध किया। 'बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर असोसिएशन (सीडब्ल्यूएबी)' ने भी नजमुल की टिप्पणी पर रोष व्यक्त किया। नजमुल से माफी मांगने को कहा गया है।

## सिंधु सेमीफाइनल में, सात्विक-चिराग हारे

■ एजेंसियां, कुआलालंपुर: पीवी सिंधु ने जापान की अकाने यामागुची के चोट के कारण क्वॉर्टर फाइनल से रिटायर होने के बाद मलयेशिया ओपन सुपर-1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सिंधु ने पहला गेम 21-11 से जीत लिया था, लेकिन इसके बाद तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची ने मैच से हटने का फैसला किया। वह घुटने में ब्रेस पहने हुए थीं। हालांकि, मेंस डबल्स में भारत की चुनौती खत्म हो गई जब तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विक साईराजरंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वॉर्टर फाइनल में हार गई। भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया के फजर अलफियान और मोहम्मद शोहिबुल फिकरी की जोड़ी ने 21-10,23-21 से हरा दिया।

मलयेशिया ओपन बैडमिंटन

इससे वर्ल्ड रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सिंधु का यामागुची के खिलाफ जीत का रेकॉर्ड 15-12 हो गया। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद सिंधु अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही हैं। अब सेमीफाइनल में उनका सामना चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झीयी से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त वांग ने इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी को क्वॉर्टर फाइनल में कड़े मुकाबले में हराया। वांग हालांकि तीसरे गेम में 21-17, 21-18 से हरा दिया लेकिन यह मैच 50 मिनट तक चला।


सिंधु को मैच में मिला वॉकओवर

## 'किंग काजू' 59 की उम्र में भी दिखेंगे मैदान पर

■ एजेंसियां, तोक्यो: दुनिया के सबसे उम्रदराज प्रफेशनल फुटबॉलर जापान के काजुयोशी मियूरा का मानना है कि बढ़ती उम्र के साथ उनका खेल और बेहतर होता जा रहा है। 'किंग काजू' के नाम से पहचाने जाने वाले मियूरा अगले महीने 59 बरस के हो जाएंगे।

उन्होंने शुक्रवार को तोक्यो में जे-लीग (जापान की घरेलू फुटबॉल लीग) की तीसरी डिवीजन क्लब फुकुशिमा यूनाइटेड एफसी से जुड़ने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं जितना ज्यादा अपने जुनून का पीछा करता हूं, वह उतना ही वह बढ़ता जाता है। भले ही मेरी उम्र बढ़ रही है, लेकिन मुझे लगता है कि मेरा जोश पहले से भी ज्यादा बढ़ रहा है।'

**गोल कर बनाया था रेकॉर्ड:** मियूरा 2017 में, 50 वर्ष की उम्र में प्रफेशनल मैच में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। इससे पहले यह रेकॉर्ड इंग्लैंड के स्टेनली मैथ्यूज के नाम था।


जापान के काजुयोशी मियूरा

## सबालेंका की कीज पर आसान जीत

■ एजेंसियां, ब्रिस्बेन: बेलारूस की आरिना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारियों के लिए आयोजित ब्रिस्बेन इंटरनैशनल में अमेरिका की मेडिसन कीज को एकतरफा मुकाबले में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दोनों खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं। टॉप सीड सबालेंका ने कीज पर 6-3, 6-3 से जीत हासिल की। इस दौरान सबालेंका ने लगातार पांच गेम में सर्विस तोड़ी। ब्रिस्बेन इंटरनैशनल 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास टूर्नामेंट है। अब सबालेंका का सामना 11वीं वरीय कैरोलिना मुचोवा से होगा जिन्होंने एलिना राइबाकिना को 6-2, 2-6, 6-4 से हराया।

टेनिस राउंड अप


वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका

**स्वितोलिना सेमी में:** टॉप सीड एलिना स्वितोलिना ने सोने कार्टल को तीन सेट में हराकर ऑकलैंड में चल रहे डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में अब स्वितोलिना की भिड़ंत अमेरिका की इवा जोविच से होगी। स्वितोलिना तीसरे सेट में 5-3 से पिछड़ रही थीं, लेकिन उन्होंने आखिरकार 6-4, 6-7, 7-6 से जीत दर्ज की।

**किर्गियोस सिंगल्स से हटे:** ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सिंगल्स वर्ग से अपना नाम वापस ले लिया है। वह सिर्फ डबल्स में हिस्सा लेंगे। किर्गियोस डबल्स में थानासी कोकिनाकिस के साथ जोड़ी बना सकते हैं। किर्गियोस ने लिखा, "मैंने इस साल सिर्फ ऑस्ट्रेलियन ओपन डबल्स पर ध्यान देने का फैसला किया है। मैं फिट हूं और कोर्ट पर वापस आ गया हूं, लेकिन 5-सेटर अलग चीज है और मैं अभी पूरी तरह से तैयार नहीं हूं।"

## फटाफट खबरें

### जादुमणि की जीत

■ ग्रेटर नोएडा: युवा बॉक्सर जादुमणि सिंह ने नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अनुभवी अमित पंघाल को चौंकाते हुए फाइनल में जगह बनाई, जबकि निखत जरीन और लवलीना बोरगोहेन ने सेमीफाइनल में जीत के साथ गोल्ड मेडल की ओर कदम बढ़ा दिए। जादुमणि (55 किग्रा) ने पंघाल के खिलाफ सर्वसम्मत 5-0 का फैसला अपने नाम किया।

### मैराथन में रेकॉर्ड धावक

■ मुंबई: टाटा मुंबई मैराथन के 21वें सीजन का आयोजन यहां 18 जनवरी को होगा जिसमें हिस्सा लेने के लिए 60,000 से अधिक धावकों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ल्ड ऐथलेटिक्स 'गोल्ड लेबल' दौड़ में रेकॉर्ड 69,100 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें 65,400 से अधिक प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से जबकि 3,700 वर्चुअल (ऑनलाइन) रन में शिरकत करेंगे।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज आपको अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है। आलस्य पहले वाले व्यवधान से लाभ मार्ग प्रभावित होगा। परिश्रम की आवश्यकता है। आपके लिए सक्रिय हुए विरोधी भी परास्त होंगे। निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस होगी। कोई शुभ समाचार आपके उत्साह को बढ़ाएगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
अधिक उत्साह और तत्परता से कार्य बिगड़ सकता है। कुछ आर्थिक और पारिवारिक संयोग अभी दबाव में रहेंगे। शुभ संदेश भी आएगा व पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। अनावश्यक शंकाओं से बचें। गलत तरीके से आज के दिन धन अर्जित न करें, अन्यथा आगे चलकर कष्ट होगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज का आपका दिन शुभ है। आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा और अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति भी होगी। आर्थिक लेन-देन में आज के दिन थोड़ी सी सावधानी बरतें। आपके द्वारा किए गए कार्यों का विरोध होगा। परिवार की समस्याओं के संबंध में कोई गलत निर्णय लेना कठिन होगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
परिश्रम के बाद वांछित लाभ होगा। दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। हालांकि आज के दिन की गई यात्रा शुभ होगी और यात्रा के दौरान कोई नई जानकारी मिलेगी। किसी परेशानी के चलते मन कुछ अशांत रहेगा। ध्यान रहे कि फिजूल की परेशानी आपके लिए ठीक नहीं। केवल होगा गुरु व कुछ की समान समझकर आप सब कुछ भाग्य पर छोड़ दें।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज के दिन सहज ही सभी काम समय पर बनते नजर आएंगे। दिनभर के अच्छे संयोग मन को प्रफुल्लित करेंगे। खर्च पर नियंत्रण रखना जरूरी है। आज के दिन आपको कई नए अनुभव प्राप्त होंगे। व्यापार के मामले में कोई भी फैसला लेने से पहले अपने पार्टनर से जरूर चर्चा कर लें।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपको किसी उत्सव में सम्मिलित होने के अवसर प्राप्त होगा। आपके स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। शुभ समाचार का आना लगातार जारी रहेगा, इसलिए वही कार्य करें जिसके बनने की उम्मीद हो। संतान के प्रति थोड़ा चिंतित होंगे, लेकिन सायंकाल तक चिंता का समाधान मिल जाएगा।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज के दिन कार्यक्षेत्र में आपकी धाक जमेगी व एक के बाद एक मामले सुलझते चले जाएंगे। स्वास्थ्य के प्रति थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है, अन्यथा पेट संबंधी कष्ट परेशान करेंगे। समय के अनुसार चलें, तभी आपकी उन्नति होगी, वरना समय आपको पीछे छोड़ देगा। आज आपको धर्म-अध्यात्म के लिए भी समय मिलेगा।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आपको अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है। आलस्य पहले वाले व्यवधान से लाभ मार्ग प्रभावित होगा। परिश्रम की आवश्यकता है। आपके लिए सक्रिय हुए विरोधी भी परास्त होंगे। निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस होगी। कोई शुभ समाचार आपके उत्साह को बढ़ाएगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज के दिन आपके वाहन सुख में वृद्धि होगी। जटिल कार्यों का निष्पादन होगा और लाभप्रद उपक्रमों का संचालन भी होगा। मांगलिक उलझनों के कारण सिरदर्द की आशंका रहेगी व फिर संतान पक्ष की चिंता रहेगी। आज के दिन निवेश के मामले में जोखिम उठाना ठीक नहीं।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
पराक्रम भाव और पुरुषार्थ की योजनाएं बनेंगी और मित्रों का सहयोग बना रहेगा। किसी पास या अचल संपत्ति या पारिवारिक विवाद निपटाना आवश्यक होगा। पारिवारिक समस्याएं सुलझाने में व्यस्त रहेंगे। सोचे हुए कार्य सफल होंगे और कार्यक्षेत्र में सहयोगियों द्वारा किए जा रहे विरोध में कमी आएगी।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
किसी पर खर्च के संदेह और तर्क-वितर्क में समय खर्च न करें। निर्धारित कार्यक्रम भी सफल होंगे और आर्थिक लाभ का सुअवसर भी आएगा। आज के दिन ससुराल पक्ष से विशेष लाभ की आशा रहेगी। सायंकाल में पुराने दोस्त के आगमन से आज घर में व्यस्तता बढ़ेगी।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज का आपका समय लाभकारी है। आप अपनी बुद्धि और व्यवहार से वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको कमी रही है। जटिलताएं खत्म होंगी और विरोधी भी परास्त होंगे। खान-पान में परहेज करना ही उचित रहता है, अन्यथा पेट संबंधी परेशानी होगी। जीवनसाथी से आर्थिक कारणों के चलते अनबन रहेगी, लेकिन प्रेम संबंधों बना रहेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष बुध, मंगल सहित शनि आपके भाग्यांक और जन्मांक के स्वामी बने रहेंगे। पिछले वर्ष के दौरान शनि के कारण जनवरी तक आर्थिक विषमता का सामना करना पड़ रहा है। फरवरी महीने से लेकर मार्च और अप्रैल महीने के अंत तक आपके व्यापार की कमजोरी व आर्थिक दुर्बलता समाप्त हो जाएगी। आप सफलता की ओर भी बढ़ेंगे। मई महीने की शुरुआत से लेकर जून महीने के बीच और भी अधिक राहत मिलेगी, काम वापस पटरी पर आ जाएगा। जुलाई से लेकर अगस्त तक में देव दर्शन, देशाटन पर धन व्यय करना सुखद होगा। सितंबर में किसी तरह डूबे हुए धन का लाभ हो जाएगा। अक्टूबर महीने से लेकर नवंबर महीने के अंत तक में आपको रिश्तेदारों के मंगल कार्यों, उत्सवों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा। दिसंबर के अंत तक आर्थिक स्थिति और भी अधिक बेहतर हो जाएगी। जनवरी 2027 में उपहार स्वरूप अलंकरण मिलने की संभावना बनी रहेगी। जनवरी महीने के मध्य तक राज्य से सम्मान मिलेगा। महिलाओं के लिए यह वर्ष उत्तम फलकारक है। विद्यार्थी वर्ग विशेष परिश्रम के बाद भी अल्प सफलता से काम चलाएंगे। घर-परिवार और कार्यक्षेत्र में विशेष उत्तम परिणामों के लिए पन्ना रत्न धारण करना हितकारी रहेगा। माथे की सलाह से एक बार पलक झिलाएं।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(रविवार, 11 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 22, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, नवमी, रविवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 28, रज्जब 21, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 11 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल सायं 4 बजकर 30 मिनट से 6 बजे तक। अष्टमी तिथि प्रातः 10 बजकर 20 मिनट तक उपरांत नवमी तिथि का आरंभ। चित्रा नक्षत्र सायं 6 बजकर 12 मिनट तक। सुकर्मा योग सायंकाल 5 बजकर 27 मिनट तक उपरांत धृतिमान योग का आरंभ। कौलव करण 10 बजकर 20 मिनट तक उपरांत गर करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात तुला राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार- भद्रा 19:39 तक।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 3 | | | | | |
| | 5 | 2 | | | 6 | 7 | | |
| | | | 4 | | 7 | | 2 | 5 |
| | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | 3 |
| 2 | | | | | | | | |
| 8 | 1 | | 5 | | 9 | | | |
| | | 9 | 7 | | | 5 | 4 | |
| | | | | | 2 | | 6 | |

### TELEVISION



big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बड्डूप ड्रड्डक
11:00 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
12:30 हम पांच
13:00 रुद्र के रक्षक
13:30 भ से भड़े
14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
15:00 लिटिल कृष्णा
17:00 बबलू डबलू
18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: sanjay.khadpe Time: 01-09-2026 23:25 Color:

महानगर > मुंबई > शनिवार, 10 जनवरी 2026 > पौष 21, शक संवत 1947, माघ कृष्ण अष्टमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 9 > मूल्य ₹6.00 > पेज 14+2* > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in



विजय की फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट देने का निर्देश ▶ MyMUMBAI

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

US राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, खामेनेई देश छोड़ सकते हैं ▶p12








खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज बैक जैकेट

GOOD न्यूज़
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-11

## अंतर्ज्ञान

हर चीज क्षणभंगुर है - खुशी, दुख, संबंध, शरीर, समय। जो इस सत्य को स्वीकार कर लेता है, वही स्थिर रहता है। हम जो पकड़े रहते हैं, वही हमें कष्ट देता है। क्षणभंगुरता को समझना जीवन की गहराई को समझना है। जब आप जानते हैं कि सब बीत जाएगा, तब हर क्षण को और प्रेम से जीने लगते हैं। यही जीवन की कला है - हर चीज को चलायमान जानते हुए भी उसे पूरे दिल से जीना। क्षणभंगुरता हमें सिखाती है कि स्थायित्व बाहर नहीं, भीतर है। जो इस प्रवाह के साथ नाचना सीख गया, उसने मृत्यु को भी मित्र बना लिया। हर क्षण को अंतिम समझकर जीना ही जीवन जीने की सबसे सुंदर युक्ति है।

## WPL आज के मैच

यूपी वॉरियर्ज vs गुजरात जायंट्स
3:00pm से, नवी मुंबई में

मुंबई इंडियंस vs दिल्ली कैपिटल्स
7:30pm से, नवी मुंबई में

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

## फटाफट खबरें

### शनिवार-रविवार को 254 लोकल कैंसल

कांदिवली-बोरीवली सेक्शन पर छठी लाइन के काम के चलते 20 दिसंबर 2025 से 18 जनवरी 2026 तक ब्लॉक जारी है। इस कारण शनिवार और रविवार के दिन यानी 10-11 जनवरी को 254 लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। कई एक्सप्रेस ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है। ▶▶पेज 5

### गिरावट: सेंसेक्स 600 अंक से अधिक टूटा

शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार 5वें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 605 अंक नुकसान में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 193 अंक की गिरावट आई। सेंसेक्स 604.72 अंक यानी 0.72% गिरकर 83,576.24 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 193.55 अंक यानी 0.75% टूटकर 25,683.30 पर बंद हुआ। ▶▶पेज 9

### मुंबई में ठंड बढ़ी, पारा 3.5 डिग्री तक लुढ़का

मुंबई में बीते 2 दिनों से ठंड बढ़ी है। तापमान में करीब 3.5 डिग्री की गिरावट आई है और पारा 16.5 डिग्री तक पहुंच गया। एंटी-साइक्लोनिक सिस्टम कमजोर होने से नमी घटी है, जिससे ठंड बढ़ी है। यह हल्की ठंड सोमवार तक बनी रह सकती है। ▶▶पेज 5

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| मुंबई | 136573 (+1344) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| मुंबई | 242909 (+6982) |

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,576.24 (-604.7) |
| निफ्टी | 25,683.30 (-193.55) |
| रु./यूएस डॉलर | 90.2 (+0.159) |
| रु./यूरो | 105.1075 (-0.08) |

## मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 31.2 | 19.4 |
| सांताक्रूज | 32.1 | 16.5 |
| सूर्यास्त शनिवार | 6:18 बजे | |
| सूर्योदय रविवार | 7:14 बजे | |

NBT नवभारत टाइम्स — सड़क व रेल मार्ग द्वारा सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

# US का डील पर इल्ज़ाम भारत ने किया खारिज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**भारत सरकार** ने अमेरिकी कॉमर्स मिनिस्टर हॉवर्ड लुटनिक के उस बयान को खारिज किया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को कॉल नहीं करने की वजह से ट्रेड डील फाइनल नहीं हो सकी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, इन टिप्पणियों में जो ब्योरा दिया गया है वो ठीक नहीं है। भारत और अमेरिका पिछले साल 13 फरवरी से ही एक द्विपक्षीय ट्रेड डील पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध थे। तब से दोनों पक्षों ने संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी ट्रेड डील पर पहुंचने के लिए कई दौर की बातचीत की है।

**भारत ने कहा, दोनों पक्ष डील करने को प्रतिबद्ध थे**

**लुटनिक ने कहा-** भारत कॉल करने में असहज महसूस कर रहा था, इसलिए मोदी ने फोन नहीं किया। लेकिन जब भारत ने फोन कर कहा हम तैयार हैं, तो मैंने उनसे पूछा क्या आप उस ट्रेन को पकड़ने के लिए तैयार हैं जो तीन हफ्ते पहले स्टेशन से निकल चुकी है?

**भारत बोला,** पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 2025 के दौरान 8 बार फोन पर बात हुई, जिसमें व्यापक साझेदारी के पहलुओं पर बात हुई। ट्रंप और पीएम के बीच दोस्ताना संबंध हैं।

> मोदी से ट्रंप को कॉल करने का अनुरोध किया था, लेकिन कॉल नहीं की, जब की तो ट्रेन निकल चुकी थी। -हॉवर्ड लुटनिक

> कई दौर की बात हुई। चर्चा का जो ब्योरा दिया गया वो सही नहीं है। कई मौकों पर, हम समझौते के बहुत करीब रहे हैं। - भारत



AI Image

## अमेरिका के 500% टैरिफ वाले विधेयक पर है भारत की नज़र

**सरकार रूस** से कच्चे तेल की खरीद पर 500% टैरिफ लगाने से जुड़े प्रस्तावित अमेरिकी विधेयक पर करीब से नजर रखे हुए है। ट्रंप ने इस प्रस्तावित कानून को अपनी ओर से हरी झंडी दे दी है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम इस प्रस्तावित बिल की जानकारी है। हम घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं। ऊर्जा स्रोतों को लेकर हमारा रुख साफ है। उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा खरीद ग्लोबल बाजार की गतिशीलता और नागरिकों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने से प्रेरित है। ▶▶पेज 10

**ट्रंप ने इस बिल को पेश करने की मंजूरी दी है, वोटिंग बाकी**

## ममदानी को जवाब- पूर्वाग्रह ज़ाहिर न करें

न्यू यॉर्क सिटी के हाल ही में मेयर बने जोहरान ममदानी ने हाल ही में दिल्ली में जेल में बंद उमर खालिद को एक चिट्ठी लिखी थी। इसी लेकर विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रवक्ता ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से उम्मीद की जाती है कि वो दूसरे लोकतंत्रों में न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करें। अहम पद पर बैठे लोगों को इस तरह से अपने निजी पूर्वाग्रहों को जाहिर करना को शोभा नहीं देता। इस तरह की टिप्पणियां करने से बेहतर है कि वो अपनी जिम्मेदारियों पर फोकस करें।



## लगातार 5वें दिन गिरा शेयर बाजार

**शेयर बाजार** में शुक्रवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 605 अंक नुकसान में रहा। एनएसई निफ्टी में 193 अंक की गिरावट आई। अमेरिकी टैरिफ बढ़ने की चिंताओं और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं की वजह से निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

# मनपा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई मौक़ा नहीं : फडणवीस

## CM का दावा, सभी मनपाओं में जीत रही है महायुति

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी सहित राज्य की 29 महानगर पालिकाओं के लिए हो रहा चुनाव प्रचार चरम पर पहुंच गया है। बीजेपी के चुनाव प्रचार की कमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथ में है। वोटिंग से पहले ही फडणवीस ने दावा किया है कि विपक्ष के लिए चुनाव में कोई मौका नहीं है, क्योंकि सभी मनपाओं में महायुति जीत रही है और हमारा ही मेयर बन रहा है। बीएमसी में क्या बीजेपी शिंदे सेना के साथ सत्ता का बंटवारा करेगी और शिंदे को ढाई साल का मेयर देगी, जवाब में फडणवीस ने कहा कि जरूरी हुआ, तो ढाई-ढाई साल क्या हम उन्हें पांच साल का भी मेयर दे सकते हैं। मुंबई का मेयर कौन बनेगा, इस सवाल पर उन्होंने दोहराया कि हमारे 78% प्रत्याशी मराठी हैं, तो साफ है कि मेयर मराठी हिंदू ही होगा।

शुक्रवार को टाइम्स कार्यालय आए सीएम ने राज ठाकरे के बाहरी वाले बयान पर कहा कि जो लोग मुंबई में पैदा हुए, वे विकास नहीं कर पाए। ▶▶पेज 3

### 'BMC में करप्शन के नेक्सस को तोड़ेंगे'

**विपक्षी नेताओं** द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर सीएम फडणवीस ने कहा कि 25 साल तक मुंबई में उनका ही तो राज रहा। देखने वाली बात यह है कि इन्हीं 25 वर्षों में मुंबई के मराठियों का मुंबई से पलायन हो गया। सीएम ने कहा कि बीएमसी में सत्ता आने पर हम करप्शन के नेक्सस को तोड़ देंगे। हम सरकारी खजाने का सही उपयोग करेंगे। घूसखोरी और दलाली बंद कर देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर फोकस कर रही है। ईज ऑफ लिविंग और बड़े प्रोजेक्ट्स आपस में जुड़े हुए हैं। अगर आप ईज ऑफ लिविंग लाना चाहते हैं, तो मुंबई में बेहतर सड़कें जरूरी हैं। हम इन बातों पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। ▶▶पेज 2



Kaushik Naik

### 'सर्कुलर इकॉनमी बनाई जाएगी'

सीएम फडणवीस ने कहा कि मैंने टाटा के एन. चंद्रशेखरन से सर्कुलर इकॉनमी के लिए एक प्रपोजल तैयार करने को कहा और हम इसे लागू करने के लिए 17,000 करोड़ रुपये का बजट बना रहे हैं। हमें उम्मीद है कि 2030 तक हमारा 80% काम पूरा हो जाएगा। इनमें से बहुत से काम अगले दो साल में पूरे कर लिए जाएंगे। मुंबई की हवा और पानी की क्वालिटी सुधारेंगे। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट बेहतर करने की भी हमारी योजना है।

## दोनों NCP जल्द हो सकती हैं फिर एक : अजित पवार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : शरद पवार और अजित पवार के बीच विवाद की बर्फ पिघलने लगी है। मनपा चुनावों के बाद 22 जनवरी को दोनों एनसीपी का विलय हो सकता है। शुक्रवार को अजित ने स्वीकार किया कि पवार परिवार के सभी विवाद खत्म हो गए हैं। जल्द ही एनसीपी के दोनों गुट एक हो सकते हैं। अजित पवार ने यह भी कहा कि दोनों दलों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की यही मांग है, इसीलिए तो हम पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका का चुनाव गठबंधन कर लड़ रहे हैं।

**परिवार के सभी विवाद अब खत्म, कार्यकर्ताओं की भी मांग**



इधर, शरद पवार की बेटी व लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने इस बात की पुष्टि की है कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग पर ही पुणे और पिंपरी-चिंचवड मनपा के चुनाव में एनसीपी के दोनों गुट एक साथ आए हैं। ▶▶पेज 6

## 'ठाकरे जो कहते हैं, वही करते हैं'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : नासिक में प्रचार के दौरान उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने कहा कि शिवसेना (यूबीटी) और MNS को पावर दें, हम शहर को बदल देंगे। यह ठाकरे का वचन है, मोदी वाली नकली गारंटी नहीं है। उद्धव ने कहा, 'ठाकरे जो कहते हैं, वही करते हैं। आज की रैली बहुत खास है, क्यों कि इसमें मेरे भाई और मनसे प्रमुख राज मेरे साथ हैं।' ▶▶पेज 6



# अंबरनाथ में अब अजित ने पलटी बाजी, शिंदे सेना को दिया समर्थन

## कांग्रेस के 12 नगरसेवकों को साथ लेकर BJP थी सत्ता के करीब

■ अरविंद त्रिपाठी, अंबरनाथ

अंबरनाथ की सियासत में शुक्रवार को फिर उलटफेर हुआ। अजित पवार की NCP के 4 नगरसेवकों ने BJP का साथ छोड़ शिंदे सेना को समर्थन दे दिया। इससे कांग्रेस के 12 सदस्यों को साथ लाकर सत्ता में आने का BJP का प्रयास धरा रह गया। कांग्रेस के 12 सदस्यों ने BJP को समर्थन दिया था। इन्हें कांग्रेस ने निलंबित कर दिया था।

अंबरनाथ के नगराध्यक्ष पद का चुनाव बीजेपी जीत गई। हालांकि शिंदे सेना के सबसे ज्यादा 27 नगरसेवक जीत कर आए। वह सत्ता से महज चार सीट की दूरी पर थी। बीजेपी ने 14 सीटों पर जीत हासिल की थी। बीजेपी ने सत्ता समीकरण साधने के लिए कांग्रेस के 12, एनसीपी के चार और एक निर्दलीय को साथ लेकर 'अंबरनाथ विकास आघाडी' बना डाला। ठाणे कलेक्टर ने भी आनन-फानन में आघाडी को मान्यता दे दी। बीजेपी ने कांग्रेस से निलंबित 12 नगरसेवकों को रात 11 बजे पार्टी में शामिल कर लिया। ऐसे में बीजेपी की यह सियासी हरकत शिंदे सेना को नागवार गुजरी और शुक्रवार को शिंदे सेना ने अजित पवार के साथ मिलकर पूरा खेल पलट दिया।

अजित की पार्टी के 4 नगरसेवकों ने शुक्रवार को बीजेपी का साथ छोड़ दिया और शिंदे सेना के साथ आ गए। ऐसे में एनसीपी और शिंदे सेना के नगरसेवकों की संख्या 32 हो गई जो बहुमत से एक ज्यादा है। अब चर्चा है कि कांग्रेस के कुछ नगरसेवक भी शिंदे सेना के सम्पर्क में आ चुके हैं। हैरानी नहीं होगी अगर इनमें से कुछ एनसीपी में शामिल हो जाएं। ▶▶ इलेक्शन कवरेज पेज 2, 3, 6 पर




### परली में शिंदे सेना, अजित और AIMIM आए साथ

बीड के परली नगर परिषद का राजनीतिक समीकरण भी चर्चा में है। ग्रुप लीडर के चुनाव में शिंदे सेना ने अजित पवार की एनसीपी और ओवैसी के AIMIM के साथ हाथ मिला लिया है। चुनाव में नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी और मित्र पार्टी ग्रुप ने मंत्री पंकजा मुंडे और पूर्व मंत्री धनंजय मुंडे पर आपत्तिजनक आरोप लगाकर चुने गए AIMIM सदस्य को शामिल कर इस गठबंधन को चर्चा में ला दिया है।

## BJP कैंडिडेट को HC से राहत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : नवी मुंबई के प्रभाग-17ए के बीजेपी कैंडिडेट निलेश भोजने को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। शुक्रवार को कोर्ट ने भोजने के नामांकन को रद्द करने वाले निर्वाचन अधिकारी के आदेश को निरस्त कर दिया और उनकी उम्मीदवारी को वैध करार दिया। साथ ही उनका नाम वैध उम्मीदवारों की सूची में शामिल करने का निर्देश दिया। प्रभाग के चुनाव पर लगी रोक हटा दी।

**नामांकन रद्द करने का निर्वाचन अधिकारी का आदेश रद्द**



कोर्ट ने कहा, मतदान निर्धारित कार्यक्रम के तहत कराए जाएं। मतपत्रों में नए सिरे से सुधार किया जाए, ताकि भोजने का नाम शामिल किया जा सके। रिटर्निंग अधिकारी ने शिंदे सेना के पदाधिकारी की शिकायत पर भोजने का नामांकन रद्द करने का निर्णय लिया था।

वहीं, बॉम्बे हाई कोर्ट ने बड़े पैमाने पर नामांकन फॉर्म रद्द किए जाने के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया है। इसमें दावा किया गया था कि निर्वाचन अधिकारी ने बिना ठोस आधार के फॉर्म खारिज किया। याचिका सामाजिक कार्यकर्ता मोजम अली मीर ने दायर की थी। पेज 6

## ED छापों के खिलाफ ममता का मार्च



PTI

■ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म I-PAC के दफ्तर पर ईडी के छापे के खिलाफ कोलकाता में मार्च निकाला।

■ रैली में तृणमूल कांग्रेस के सांसद, विधायक और पार्टी कार्यकर्ता ममता के साथ मौजूद थे। सभी ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

■ केस कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचा, इतना हंगामा हुआ कि जज ने सुनवाई स्थगित कर दी। अगले बुधवार को होगी। ▶▶पेज 10

## आपराधिक गिरोह की तरह काम कर रहे थे लालू: HC

Prachi.Yadav@timesofindia.com


■ नई दिल्ली: दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को RJD प्रमुख लालू प्रसाद यादव, पत्नी राबड़ी देवी समेत 46 लोगों पर रेलवे से जुड़े कथित 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले में आरोप तय किए। इस मामले में 98 जीवित आरोपियों में से 52 को कोर्ट ने बरी कर दिया।

स्पेशल जज (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने आदेश में कहा कि लालू और उनके करीबी एक आपराधिक गिरोह के तौर पर काम कर रहे थे। कहा, इन लोगों ने संपत्तियां हासिल करने के लिए सरकारी नौकरी का इस्तेमाल सौदेबाजी के हथियार के जैसे किया। अदालत के अनुसार, रेलवे में ग्रुप-डी की भर्तियों के बदले जमीन ली गई, जो नियमों का उल्लंघन था।

**'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले में लालू पर आरोप तय**

**कोर्ट ने 98 जीवित आरोपियों में से 52 को कर दिया बरी**



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 01-09-2026 23:19 Color:



**188** नंबर के प्रभाग में 20 निर्दलीय अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

# हमें तो अपनों ने मारा...

## अपनी ही पार्टी के बागी नेता निर्दलीय बन बिगाड़ रहे खेल | BMC नगर सेवक बनने 565 निर्दलीय उम्मीदवार हैं मैदान में


AI image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई मनपा के 227 प्रभागों में 565 निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे हैं, जबकि 2017 के चुनाव में 710 निर्दलीय मैदान में थे। इस बार निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या कम हुई है। कहीं-कहीं ये निर्दलीय बीजेपी, शिंदे सेना, उद्धव सेना और मनसे उम्मीदवारों पर भारी पड़ रहे हैं और जो भारी पर पड़ रहे हैं, उनमें से ज्यादातर पार्टी से उम्मीदवारी नहीं मिलने पर बागी बनकर सामने आए हैं।

जानकारों के अनुसार, कई प्रभागों में प्रमुख दलों से टिकट न मिलने के कारण बागी उम्मीदवारों ने निर्दलीय के रूप में नामांकन दाखिल किया है। इससे चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय या बहुकोणीय होने की संभावना बढ़ गई है। कुछ प्रभागों में तो निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या इतनी अधिक है कि इससे मुख्य दलों के वोट बैंक में सेंध लगने की संभावना जताई जा रही है।

**कुछ प्रभागों में 12 से 15 तक निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में**

दक्षिण मुंबई के कुछ प्रभागों में निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या 10 से अधिक है। उत्तर और पूर्वी मुंबई के कई इलाकों में भी यही हाल है। आंकड़ों के मुताबिक, कुछ इलाकों में 12 से 15 तक निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं, जिससे मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

**पार्टी नेतृत्व को डाला चिंता में:** राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि निर्दलीय उम्मीदवारों की बढ़ती संख्या से वोटों का बंटवारा तय है। यही कारण है कि प्रमुख दलों ने अपने संगठन को सतर्क किया है और बागी उम्मीदवारों को मनाने के प्रयास भी किए गए। पार्टी नेताओं का कहना है कि निर्दलीय उम्मीदवारों की वजह से चुनाव परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि अधिक उम्मीदवारों ने मजबूत प्रदर्शन किया, तो कई प्रभागों में जीत-हार का अंतर बेहद कम हो सकता है।


### 44 प्रभागों में 10 से ज्यादा निर्दलीय उतरे मैदान में

बीएमसी की कुल 227 प्रभाग में से 44 प्रभाग ऐसे है, जहां 10 से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि 33 प्रभाग ऐसे भी है, जिनमें एक भी निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं है। घाटकोपर पूर्व रमाबाई कॉलोनी के प्रभाग नंबर 125 में सबसे ज्यादा 21 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। प्रभाग नंबर 188 में कुल 20 निर्दलीय चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। शिवाजी नगर के प्रभाग नंबर 79, भारत नगर के प्रभाग नंबर 148, वरिष्ठ मौलाना के प्रभाग नंबर 181 में 19-19 उम्मीदवार हैं। अकेले प्रभाग 125 में 11 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। महाराष्ट्र नगर के 143 प्रभाग में 10 निर्दलीय डटे हुए है। सात प्रभागों में से प्रत्येक में आठ निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### कई प्रभागों में बहुआयामी मुकाबला भी संभव

दक्षिण मुंबई लोकसभा के पांच प्रभागों में 10 से अधिक निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रभाग नंबर 198, 226, 227 में दो-दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला है। प्रभाग 191 को छोड़कर अन्य सभी प्रभागों में बहुआयामी मुकाबला हो रहा है। उत्तर पूर्व लोकसभा में 40 में से 13, मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा में 40 में से 9, उत्तर मुंबई में 42 में से चार और उत्तर पश्चिम में 38 में से पांच वार्डों में 10 से अधिक उम्मीदवार मैदान में हैं। निर्दलीय के पीछे ज्यादातर पार्टी से नाराज तबके के लोग उम्मीदवार बने हैं। निर्दलीयों के कारण संभावित वोट विभाजन के जोखिम से बचने के लिए उम्मीदवारों ने मोर्चे बनाने शुरू कर दिए हैं। इसलिए निर्दलीयों की भूमिका निर्णायक होने की संभावना है।

## वसई-विरार: BJP-शिंदे सेना 7 सीटों पर आमने-सामने



■ सुरेंद्र नेगी, वसई: वसई-विरार मनपा चुनाव में बीजेपी व शिवसेना शिंदे में महायुति होने के बाद भी बीजेपी और शिवसेना 7 सीटों पर आमने-सामने चुनाव लड़ रहे हैं। इससे दोनों पार्टियों के बीच अंदरूनी विवाद शुरू हो गया है। यह सीटें बोईसर विधानसभा क्षेत्र से हैं। इस पर शिंदे गुट के विधायक विलास तरे ने आरोप लगाया है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी ने जान-बूझकर महायुति के सीट-शेयरिंग फॉर्मूले का उल्लंघन किया है। 17 अतिरिक्त AB फॉर्म बांटे हैं। यह घटना न केवल अनुशासन का उल्लंघन है, बल्कि महायुति की एकता पर भी हमला है और सीधे तौर पर गठबंधन के धर्म के साथ भ्रम पैदा करती है। बता दें कि वसई विरार मनपा की 115 सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं। बीजेपी और शिवसेना शिंदे गुट ने स्थानीय पार्टी बहुजन विकास आघाडी को टक्कर देने के लिए एक ग्रैंड अलायंस बनाकर साथ मिलकर चुनाव लड़ने का ऐलान किया।

**BJP के 93 सीटों पर प्रत्याशी**

इधर, बविआ, कांग्रेस, उद्धव सेना और मनसे जैसी पार्टियों ने मिलकर गठबंधन बनाने की कोशिश की। लेकिन सीट बंटवारा न होने पर उद्धव सेना सबसे पहले गठबंधन से पीछे हट गई और अपने दम पर 95 सीटों पर उम्मीदवार उतारे। वहीं बहुजन विकास आघाडी ने 114 सीटों पर कैंडिडेट उतारे हैं। कांग्रेस के 3 उम्मीदवार सीटी चिह्न पर लड़ रहे हैं। महायुति में बीजेपी को 88 और शिंदे सेना को 27 सीटें देने का फैसला हुआ था। लेकिन बीजेपी ने 93 पर उम्मीदवार उतारे हैं।

चुनाव मैदान से NBT LIVE

## कम समय में ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने की लगी होड़

नगरसेवक बनने के लिए मैदान में आए प्रत्याशियों की आपाधापी और क्षेत्र में उनकी सक्रियता को NBT ने ग्राउंड जीरो पर जाकर खंगाला। पेश है रिपोर्ट।

### उत्तर-पूर्व में हिंदी भाषी दे रहे चुनौती

**चुनावी मैदान में जेनी शर्मा, मंजुश्री जायसवाल, चंदन शर्मा और खुशबू गुप्ता**

अखिलेश तिवारी/कृष्णा शुक्ला



■ मुंबई: उत्तर-पूर्व मुंबई में बीएमसी चुनाव में विभिन्न प्रभागों में सामाजिक संतुलन साधने के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों ने हिंदी भाषी कैंडिडेट्स को मैदान में उतारा है, जो अपने विपक्षी प्रत्याशियों को कड़ी चुनौती दे रहे हैं। बीजेपी ने भांडुप के प्रभाग 110 में जेनी शर्मा को उम्मीदवारी दी है। 27 वर्षीय शर्मा को यकीन है कि उन्हें इलाके में कांग्रेस विरोधी लहर का फायदा मिलेगा, क्योंकि 25 सालों से यहां कांग्रेस का राज रहा है। उच्च शिक्षित शर्मा का मुकाबला कांग्रेस कैंडिडेट आशा कोपरकर से है।

**प्रभाग 122:** पवई में प्रभाग 122 में बीजेपी ने हिंदी भाषी चंदन शर्मा को टिकट दिया है। शर्मा हाल ही में NCP (शरद पवार गुट) छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए हैं। तीन बार नगरसेवक रह चुके शर्मा का सीधा मुकाबला UBT गुट के उम्मीदवार नीलेश साळुंके से माना जा रहा है।

**प्रभाग 112:** एनसीपी (शरद गुट) ने भांडुप के प्रभाग 112 से मंजुश्री जायसवाल को मैदान में उतारा है। पेशे से प्रोफेसर रहीं जायसवाल का मुकाबला बीजेपी की साक्षी दलवी और कांग्रेस की श्रेया शेट्टी से है। जायसवाल कहती है कि ट्रैफिक, सड़क, नाली और पानी यहां की प्रमुख समस्या है। लोगों मन में यहां की पूर्व नगरसेवक के प्रति आक्रोश है। जिसका फायदा हमें मिलेगा।

**प्रभाग 120:** विक्रोली के प्रभाग 120 से कांग्रेस के टिकट पर खुशबू राजेश गुप्ता चुनावी मैदान में हैं। महज 21 वर्ष की उम्र में चुनाव लड़ रहीं खुशबू वर्तमान में बीएमएस की पढ़ाई कर रही हैं। गुप्ता का मुकाबला शिवसेना (UBT) और शिंदे सेना के उम्मीदवारों से है।

### सड़कों से लेकर घर तक दिखा प्रचार

**प्रभाग 1 में कहीं जोश और उत्साह, तो कोई कर रहा सादगी से डोर-टू-डोर कैंपेन**

Suraj.Pandey@timesofindia.com



गोविंदा ने शिंदे सेना के लिए प्रचार किया।

■ मुंबई: दहिसर विधानसभा प्रभाग 1 में गुरुवार को जहां गोविंदा की मौजूदगी में बड़े ही जोश और उत्साह के साथ शिवसेना के उम्मीदवार (शिंदे गुट) ने रैली निकाली, तो वहीं शोर से दूर कांग्रेस और शिंदे सेना के उम्मीदवार सोसायटियों में डोर-टू-डोर कैंपेन करते नजर आए।

बीएमसी चुनाव के लिए महज गिने चुने दिन बचे हैं, इसी बीच उम्मीदवारों द्वारा चुनाव प्रचार भी जोरों पर है। प्रभाग एक आई सी कॉलोनी और खाड़ी में कांग्रेस से शीतल म्हात्रे, शिवसेना (शिंदे गुट) से रेखा यादव और यूबीटी से फोरम परमार के बीच जंग है। इस क्षेत्र में त्रिकोणीय लड़ाई चल रही है। गुरुवार शाम को लिंक रोड पर आयोजित चुनावी रैली में अभिनेता गोविंदा शामिल हुए। प्रचार के रथ पर रेखा यादव के साथ गोविंदा जुड़े, ढोल ताशे के साथ आतिशबाजी और कार्यकर्ताओं में काफी जोश दिखा, रैली के दौरान जौनपुर के बदलापुर विधायक रमेश मिश्रा भी प्रचार में जुड़ गए। वहीं यूबीटी की उम्मीदवार फोरम परमार ने कांदरपाड़ा में सोसाइटी में अपने समर्थकों के साथ प्रत्येक घर में मतदान के लिए विनती की। कांग्रेस उम्मीदवार शीतल म्हात्रे भी आईसी कॉलोनी में बेहद सादगी के साथ डोर टू डोर वोट करने की अपील करते हुए नजर आईं। तीनों ही उम्मीदवार और कार्यकर्ताओं ने जीत का दम भरा है।

## जनता की मांग

### जगह-जगह लगे हैं गंदगी के ढेर



**मैं बांद्रा पूर्व के** प्रभाग 94 का निवासी हूं। इस प्रभाग में तमाम समस्याएं हैं, जिनकी ओर नगरसेवक का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए। सड़कें यहां-वहां अधूरी पड़ी हैं। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। कोई सुनने वाला नहीं है। महिलाओं की सुरक्षा भी एक अहम मुद्दा है। उम्मीदवारों को इन मुद्दों पर ध्यान देते हुए ही जनता से वोट मांगना चाहिए। **- आशीष शिंदे**

### भेजें वॉर्ड की समस्याएं



आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं हैं, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते हैं, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर **9967397376** पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

## 'हम क्षेत्र के मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं'

**पहली बार (नल+ गटर+ रोड) सेवक का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों ने बताए अपने मुद्दे**

Priya.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई: बीएमसी चुनाव में मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है। इस बार कई नए चेहरे भी मैदान में उतरे हैं, जिनका फोकस नागरिकों को नल, गटर, सड़क, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाएं देना है। इस बार ऐसे भी चेहरे हैं, जो 10 से 15 सालों से समाज सेवा कर रहे हैं। नए कैंडिडेट्स में अधिकतर का कहना है कि उनका असली 'एजेंडा' चमक-दमक नहीं, बल्कि समस्याओं को खत्म करना है।



मैंने 22 साल की उम्र में चुनाव लड़ रही हूं। इस लड़ाई में सभी वर्ग और उम्र के लोग मेरा साथ देंगे। खास तौर पर Gen-Z, क्योंकि मैं भी उसी पीढ़ी की हूं। ये पीढ़ी बेसिक एमिनिटीज के साथ समझौता नहीं करती है। *- सिबाह तनवीर शेख, प्रत्याशी शिंदे सेना प्रभाग 96*

मुंबई में ट्रैफिक एक बड़ी समस्या है, हमारे वॉर्ड में ऐसे कई मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट हैं, जिन्हें यदि पूरा किया जाता है, तो कई सड़क परियोजनाएं पूरी हो जाएंगी और लोगों को ट्रैफिक से निजात मिलेगी। *- मनीषा यादव, प्रत्याशी बीजेपी, प्रभाग 31*

हमारे एरिया में मूलभूत सुविधाओं के अलावा महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा बड़ा है। मैं उन महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना चाहती हूं, जो उन्हें आत्मनिर्भर बना सकें। *- रेखा यादव, बीजेपी, प्रभाग 176*

मैं बीते कई सालों से अपने एरिया में काम कर रही हूं। अपने एरिया की समस्याओं को समझती हूं। इसलिए काम की शुरुआत मूलभूत सुविधाओं से करूंगी, ताकि बेस सही रहेगा, तभी विकास होगा। *- शबाना जाकिर, कांग्रेस प्रत्याशी, प्रभाग 96*

## कांग्रेस, MIM से गठबंधन गलत था: आशीष शेलार



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्री एवं बीजेपी नेता आशीष शेलार ने कहा है कि अंबरनाथ में कांग्रेस और अकोट में एमआईएम के साथ गठबंधन गलत था। यह मेरा व्यक्तिगत मत है। उन्होंने कहा कि अंबरनाथ में स्थिति बदल गई है और कांग्रेस से निलंबित 12 नगरसेवक बीजेपी में शामिल हो गए हैं। जबकि अकोट में एमआईएम के साथ गठबंधन करने वाले विधायक को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। मामला सामने आते ही पार्टी ने तुरंत कार्रवाई की और अब कोई गठबंधन नहीं है। शेलार ने कहा कि इसके ऊपर पार्टी में काफी विचार-विमर्श चल रहा है, जिन्होंने पार्टी लाइन से हटकर काम किया है पार्टी उसके खिलाफ निश्चित तौर पर कार्रवाई करेगी।

## जब मातोश्री के बाहर हुआ शिंदे सेना का प्रचार

**उम्मीदवार बोले, ठाकरे परिवार के सदस्य भी हमारे मतदाता**



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: चुनाव प्रचार के दौरान शुक्रवार को एक मजेदार वाकया देखने को मिला। शिंदे सेना के प्रभाग 93 से उम्मीदवार सुमित वजाले ने सीधे मातोश्री के बाहर चुनाव प्रचार करने पहुंच गए। बता दें कि मातोश्री शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे का निवास है। वजाले ने वहां पहुंचकर सुरक्षा कर्मियों से कहा कि ठाकरे परिवार के सदस्य भी उनके मतदाता हैं और वह उन्हें अपने मुद्दे समझाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि परिवार में से कोई भी सदस्य मिले, वे अपनी बात रखना चाहेंगे। सुमित वजाले पहले आरपीआई से चुनाव लड़ चुके हैं और दूसरे स्थान पर रहे थे। बाद में शिंदे गुट में शामिल होने के बाद उन्हें प्रभाग 93 से टिकट मिला है। शिवसेना (शिंदे) और शिवसेना (यूबीटी) आमने-सामने हैं।

## युवाओं को लुभाने में जुटीं राजनीतिक पार्टियां

**18 से 35 साल वाले वोटर्स करीब 35%**

Vijay.Pandey1@Timesofindia.com

■ मुंबई: बीएमसी चुनाव में युवाओं को लुभाने के लिए सभी पार्टियों की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। अनुमान के मुताबिक, 18 से 35 साल वालों की संख्या मुंबई के वोटर्स में करीब 35% है, यह किसी भी नतीजे को पलटने का माद्दा रखते हैं। जबकि 35 से 60 साल वालों की संख्या करीब 45% है। पिछले कुछ समय से 'जेन जी' के नाम से युवाओं को लुभाने की कोशिशें हो रही हैं। बीएमसी चुनाव से पहले बीजेपी ने इसे लेकर बड़ी बैठक की थी। कांग्रेस भी केंद्रीय स्तर पर इस मुद्दे को खोना नहीं चाहती है। आदित्य और अमित ठाकरे को आगे कर ठाकरे बंधु भी इन्हें साधने में जुटे हैं। कई बड़े नेताओं के बच्चे भी मैदान में उतरे हैं।


तेजिंदर सिंह तिवाना


सुफियान हैदर

**युवाओं के मुद्दे:** चुनाव प्रचार के दौरान मैदान में उतरे युवा प्रत्याशी प्रचार में इसका खासा ध्यान रख रहे हैं। बीजेपी मुंबई के युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजिंदर सिंह तिवाना प्रभाग 47 से चुनाव लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया में कैंपेन से लेकर ग्राउंड पर प्रचार तक वह युवाओं को फोकस में रख रहे हैं। तिवाना कहते हैं कि हमारी रणनीति वोटर्स तक पहुंचने की है। उनके मुद्दों का समाधान निकालना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम प्रभावी समाधान का वादा कर रहे हैं। तिवाना पशुओं के लिए भी सुविधाओं को विकसित करने का विजन रखते हैं। वहीं, अंधेरी (पश्चिम) से मैदान में उतरे मुंबई यूथ कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सुफियान हैदर के प्रचार में युवाओं को लुभाने पर ध्यान दिया जा रहा है। बेरोजगारी की समस्या को हल करने का वादा किया जा रहा है।

## सुना है कि...

### स्टार प्रचारक आए, कुछ देर घूमे और चले गए

शिवसेना के एक बड़े स्टार प्रचारक की जनता में डिमांड में देखते हुए उन्हें पार्टी के प्रचार के लिए भेजा गया। किसी जमाने में अपनी स्टाइल से लोगों को दीवाना बनाने वाले स्टार प्रचारक से उम्मीदवार को काफी उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। प्रचारक जी, कार से आए, कुछ दूर रथ पर घूमे और फिर अपनी कार मंगाकर चलते बने। - धूमकेतु

## इलेक्शन ब्रीफ

### मनोज तिवारी ने किया हिंदी भाषी इलाकों में प्रचार


सांसद और भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी ने शुक्रवार को प्रभाग 149 से महायुति उम्मीदवार सुषमा सावंत का प्रचार किया। उन्होंने कहा कि काम बोलता है, नीयत साफ है, इसलिए मुंबई का भरोसा सिर्फ महायुति के साथ है।

### रद्द हो किशोरी पेडणेकर की उम्मीदवारी: निलेश राणे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: शिंदे सेना के विधायक निलेश राणे ने मांग की है कि उद्धव सेना की उम्मीदवार किशोरी पेडणेकर की उम्मीदवारी रद्द की जाए, क्योंकि उन्होंने अपने चुनावी हलफनामे में खुद पर दर्ज आपराधिक मामले छुपाए हैं। 2023 में पेडणेकर पर दो आपराधिक मामले दर्ज हुए थे। वे जमानत पर हैं। उन्होंने इस मामले में कानूनी लड़ाई लड़ने की बात कही।

## हॉट सीट किसमें कितना है दम

### BJP, NCP और UBT में त्रिकोणीय मुकाबला


अक्षय मोहन पवार | नवनाथ बन | समीक्षा सक्रे

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ मुंबई: मानखुर्द-शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र का प्रभाग 135, जिसे मंडाला नाम से भी जाना जाता है, इस बार चुनावी रण का सबसे हॉट स्पॉट है। सवाल यही है कि तंग गलियों, घनी झोपड़पट्टियों, गंदगी और बदहाल सफाई व्यवस्था वाले इस इलाके में क्या बीजेपी अपना कमल खिला पाएगी। यहां शौचालय और पानी जैसी सुविधाएं तो हैं, लेकिन नियमित सफाई और कचरा प्रबंधन की स्थिति बेहद कमजोर है।

**प्रभाग 135** में कमल खिलेगा या लोगों का समय बदलेगा?

इस प्रभाग में बीजेपी, एनसीपी (अजित पवार) और शिवसेना (UBT) के बीच त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। इसे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की राजनीतिक प्रतिष्ठा से जोड़कर भी देखा जा रहा है। बीजेपी ने यहां से अपने प्रवक्ता नवनाथ बन को मैदान में उतारा है, जो पहले पत्रकार रहे हैं और संगठन में मजबूत वक्ता माने जाते हैं। फडणवीस के करीबी होने के कारण यह सीट BJP के लिए खास मायने रखती है।

**NCP-UBT दे रहे चुनौती**

एनसीपी (अजित पवार) ने अक्षय मोहन पवार को उम्मीदवार बनाया है। उनके पिता द्वारा करीब 1100 परिवारों के लिए एसआरए के तहत गगनचुंबी इमारत का निर्माण कराए जाने से उन्हें मजबूत दावेदार माना जा रहा है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) की सीटिंग कॉरपोरेटर समीक्षा सक्रे स्थानीय मुद्दों के दम पर मुकाबले को रोचक बना रही हैं।

### दो परिवारों के बीच दिलचस्प मुकाबला


रामचंद्र घरत | चंद्रकांत पाटिल

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: नवी मुंबई के प्रभाग 15 (ड) में शिवसेना एकनाथ शिंदे और बीजेपी उम्मीदवार के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। इस सीट पर कभी वर्षों तक डीआर पाटिल परिवार का कब्जा रहा था। इसके बाद 2010 में बीजेपी उम्मीदवार रामचंद्र घरत की पत्नी विनया घरत ने जीत हासिल कर सबको चौंका दिया था। 2015 में रामचंद्र घरत ने जीत हासिल की थी। इस साल फिर शिंदे सेना के टिकट पर डीआर पाटिल के छोटे भाई चंद्रकांत पाटिल अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनका मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार रामचंद्र घरत से हो रहा है। ऐसे में यह मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। प्रभाग क्रमांक 15 एक ऐसी सीट है, जहां एक ही परिवार के चार लोग मैदान में हैं, जिसमें से 2 बीजेपी के टिकट पर और दो शिंदे सेना के टिकट पर लड़ रहे हैं। शुभांगी पाटिल और शशिकला पाटिल अ और ब से बीजेपी के टिकट पर हैं, तो वहीं कविता पाटिल और चंद्रकांत पाटिल क और ड से शिंदे सेना के टिकट पर लड़ रहे हैं।

**तुर्भे गांव** में शिंदे सेना और बीजेपी उम्मीदवार पर सबकी नजर

**उम्मीदवारों का कहना है**

**रामचंद्र घरत ने** कहा कि मैंने क्षेत्र में विकास किया है। आगे सभी सड़कों का कंक्रीटीकरण करूंगा। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी लगाऊंगा, आधुनिक स्ट्रीट लाइट लगाऊंगा। वहीं, चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध करवाऊंगा। परियोजना प्रभावित लोगों के घर की समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा।

## दबाव डालकर पार्टी बदलवा रहे: अजित

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि ज्यादातर राजनीतिक दलों ने अपने सिद्धांतों को त्याग दिया है। अपने समर्थकों की संख्या बढ़ाने के लिए विभिन्न हथकंडे अपना रहे हैं। अब दल बदलना बहुत आम हो गया है, जिसमें नेताओं को प्रलोभन देकर या दबाव डालकर पार्टी बदलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। हाल ही में राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी विचारधाराओं को लगभग त्याग दिया है। नेता जहां चाहें, वहां जा रहे हैं।

डीसीएम बोले, राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी विचारधाराओं को त्याग दिया

## प्रचार की जंग में कौन मार रहा है बाजी?

**फडणवीस और शिंदे का सभाओं पर जोर, उद्धव-राज की एक सभा**

Rajkumar.Singh@Timesofindia.com

■ मुंबई: राज्य की 29 मनपाओं के चुनाव प्रचार में महायुति के घटक दल बीजेपी, शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी आगे निकलते दिख रहे हैं। सीएम देवेंद्र फडणवीस और डीसीएम एकनाथ शिंदे व अजित पवार जहां ताबड़तोड़ सभाएं कर रहे हैं, वहीं उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और कांग्रेस नेता मुश्किल से मैदान में दिख रहे हैं। बता दें कि उद्धव और राज ने युति के दौरान चर्चा की थी कि वे 11 संयुक्त सभाएं करेंगे। ये सभाएं नासिक, पुणे, नागपुर, ठाणे, मुंबई, मीरा रोड में होंगी। लेकिन शुक्रवार को उद्धव-राज ने नासिक में पहली सभा की। 11 जनवरी को दोनों शिवाजी पार्क में सभा कर सकते हैं।

दिसंबर में राज्य में नगर परिषद के चुनाव हुए थे, जिसमें ठाकरे परिवार ने प्रचार से दूरी बना रखी थी। इसके चलते चुनाव नतीजे पूरी तरह से ठाकरे बंधु और कांग्रेस के खिलाफ आए।



### फडणवीस-शिंदे की रोज 5-6 सभाएं

फडणवीस और एकनाथ शिंदे प्रतिदिन पांच से छह चुनावी सभाएं कर रहे हैं। अजित पवार भी पीछे नहीं हैं। इसी तरह से शिंदे और अजित पवार ने भी पूरी ताकत झोंक दी है। इनका प्रचार सिर्फ मुंबई तक तक ही सीमित नहीं है। सभी 29 मनपा में चुनावी सभाएं, पदयात्रा और रैली कर रहे हैं। अजित पवार ने मुंबई और एमएमआर की बजाय पुणे, पिंपरी-चिंचवड़ सहित अन्य मनपा में सक्रिय हैं।



### उद्धव-राज कर रहे हैं शाखाओं पर प्रचार

उद्धव सेना, मनसे और कांग्रेस का प्रचार प्रचार जोर नहीं पकड़ पा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने मुंबई की कुछ शाखाओं तक दौरा सीमित रखा है। आदित्य और अमित ठाकरे भी उनके ही नक्शे कदम पर चल रहे हैं। उधर कांग्रेस का चुनाव प्रचार बहुत ही फीका है। मुंबई में पार्टी के अंदर गुटबाजी के चलते जो चंद नेता बचे भी हैं, वे भी प्रचार के लिए नहीं जा रहे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: cci Time: 01-09-2026 23:09 Color:





**55-60** नगरसेवक, जो उद्धव गुट के थे, एकनाथ शिंदे ने उनका अपनी पार्टी में प्रवेश कराया

# बालासाहेब ठाकरे मुंबई में जन्मे नहीं थे, लेकिन मुंबई को लेकर उनके जैसी समझ किसी में नहीं: देवेंद्र फडणवीस



Brijesh.Tripathi@Timesofindia.com

**मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई की जो समझ बालासाहेब ठाकरे को थी, वह अन्य किसी को नहीं है। फडणवीस ने यह बात मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे द्वारा उन्हें बाहरी बताने के जवाब में कही। मुंबई में ट्रैफिक की समस्या कैसे दूर होगी, इस पर उन्होंने कहा कि हमने 400 किमी से ज्यादा लंबा मेट्रो का प्लान बनाया है। अजित पवार और अशोक चव्हाण पर भ्रष्टाचार के आरोप के बावजूद साथ लेने के मुद्दे पर फडणवीस ने कहा कि यही राजनीति की सच्चाई है, कोई पार्टी इसे नजरअंदाज नहीं कर सकती। प्रस्तुत है टाइम्स दफ्तर आए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से लंबी बातचीत के प्रमुख अंश:**

**दफ्तर में चर्चा**

**Q मुंबईकर कई तरह की मुश्किलों का सामना कर रहे है। आप के पास क्या प्लान है?**

मुझे लगता है कि ईज ऑफ डूइंग एक बड़ा बदलाव है। इससे विकास कार्यों की रुकावट दूर हुई है। मुंबई में ट्रांसपोर्टेशन, ब्रिज, एस्केलेटर लगाना, प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाना, सबअर्बन रेलवे सर्विस में सुधार, ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी में सुधार, पैसेंजर की सुविधाएं और अब हम सबअर्बन रेलवे के लिए मेट्रो कोच का प्लान बना रहे है। सेकंड क्लास पैसेंजर के लिए ट्रेन का किराया नहीं रहेगा। हमने मल्टीपल ट्रांसपोर्टेशन के लिए सिंगल टिकट शुरू किया है, इलेक्ट्रिक बसें शुरू की है। नई सड़कें बना रहे है, जिससे वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर भीड़ कम होगी। ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे को ठाणे तक बढ़ाया जा रहा है। वर्ली-शिवड़ी कनेक्टर दिसंबर 2026 तक तैयार हो जाएगा। कोस्टल रोड को वर्सोवा-दहिसर से मीरा-भाईंदर होते हुए विरार तक ले जा रहे है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए गंदे पानी को समुद्र में जाने से रोकने के लिए काम चल रहा है।

**Q राज ठाकरे ने आप को मुंबई में बाहरी कहा है। इस पर क्या कहेंगे?**


मुंबई मेरी जन्मभूमि नहीं है, लेकिन वर्ष 1999 से यह मेरी कर्मभूमि है। मुंबई की जो समझ बालासाहेब ठाकरे को थी, वह किसी को नहीं है। लेकिन दिवंगत बालासाहेब ठाकरे का जन्म भी मुंबई में नहीं हुआ था। उनके पिता प्रबोधनकार ठाकरे का जन्म भी मुंबई में नहीं हुआ था। मुंबई में जन्मे लोगों ने कई सालों तक बीएमसी को चलाया, लेकिन उन्होंने मुंबई और मराठी मानुष के लिए क्या किया।

**Q मुंबई में बीएमसी के साथ कई अन्य अथॉरिटी है, क्या समन्वय में कमी की वजह से प्रोजेक्ट लेट हो रहे है?**

मुंबई में बीएमसी के साथ सेंट्रल और स्टेट अथॉरिटी है। बीएमसी और राज्य की अथॉरिटी में कोई प्रॉब्लम नहीं है, लेकिन सभी को एकीकृत नहीं कर सकते है। समन्वय का हम प्रयास कर रहे है।

**Q ठाकरे ने 700 वर्ग फुट के घरों को टैक्स फ्री करने का वादा किया है। बीजेपी ने नवी मुंबई में 20 साल तक टैक्स न लेने की घोषणा की है।**

Pics: Kaushik Naik



आज का दौर विकास के साथ पब्लिक के व्यक्तिगत लाभ योजनाओं का है। नवी मुंबई में बीजेपी ने यह वादा किया है। इसका चलन पूरे देश में शुरू हो गया है। कोई भी पार्टी इससे दूर नहीं रह सकती। भविष्य में कोई और चलन शुरू हो सकता है।

**Q क्या बीएमसी में सत्ता आने पर 2.5 साल के लिए मेयर का पद शिंदे सेना को देंगे?**

ढाई साल ही क्यों, हम उन्हें पांच साल के लिए भी मेयर का पद दे सकते हैं। बस मेयर महायुति का होगा।

**Q अजित पवार के साथ गठबंधन पर कोई पछतावा नहीं है।**

अजित पवार को साथ लेने से पहले कई पहलुओं के बारे में सोचा। हमने एक-दूसरे के खिलाफ न बोलने का फैसला किया है। अजित पवार एक व्यावहारिक व्यक्ति है। उन्हें पता है कि कहां आगे बढ़ना है, कहां पीछे हटना है और कहां लचीला रहना है। हमारा गठबंधन मजबूत है। महायुति 2029 तक साथ है। उम्मीद है कि उसके बाद भी साथ रहेंगे।

**Q चुनाव में सीट आवंटन करते समय क्या महिलाओं की अनदेखी की गई?**

ऐसा नहीं है कि महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत सीट आरक्षित है, लेकिन हमने 55 प्रतिशत सीटें महिलाओं को दी है। हर चुनाव के बाद एक नई पीढ़ी चुनाव लड़ना चाहती है। 2022 में चुनाव नहीं हुए। फिर एक नई पीढ़ी चुनाव लड़ने के लिए तैयार हो गई। यह अच्छी बात है।

**Q बीजेपी ने मजबूत होते हुए भी मुंबई में शिंदे के साथ क्यों गठबंधन किया?**

हम भले ही मजबूत स्थिति में है, लेकिन शिवसेना को साथ लेकर चलना हमारी जिम्मेदारी है। क्योंकि बालासाहेब ठाकरे की विरासत एकनाथ शिंदे के साथ है। शिंदे सेना का वोट बैंक बना हुआ है। हम दोनों का वोट बैंक एक-दूसरे को मदद कर रहा है। इसलिए सीट बंटवारे के समय कम्प्रोमाइज करना पड़ता है। हमने कल्याण-डोंबिवली में समझौता किया, जलगांव में हमने 37 सीटें जीती थी, लेकिन हम 47 सीटों पर लड़ रहे है।



# BMC: शिवसेना की 90 सीटें बनेंगी मुख्य फैक्टर

## शिवसेना का अच्छा प्रदर्शन सत्ता के लिए होगा मददगार

Vijay.Pandey1@timesofindia.com

■ **मुंबई:** बीएमसी चुनाव में बीजेपी और शिवसेना गठबंधन में 90 सीटें उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास गई है। शिंदे के नेतृत्व में चुनाव लड़ रही पार्टी के चुनावी नतीजे मुंबई का अगला महापौर तय करने में मुख्य भूमिका अदा करेंगे। अगर ठाकरे परिवार के साथ रहा मराठी वोटर शिवसेना के साथ गया, तो फिर ठाकरे की सत्ता में वापसी मुश्किल है। शिवसेना में बंटवारे के बाद पहली बार बीएमसी चुनाव हो रहे है।

मुंबई में करीब 36% मराठी वोटर्स है। लोकसभा चुनाव में शिंदे के हिस्से में आई सीटों पर उद्धव सेना ने विजय हासिल की, केवल उत्तर-पश्चिम सीट पर शिवसेना के रविंद्र वायकर महज 34 वोटों से जीत दर्ज कर पाए थे। विधानसभा चुनाव में महायुति के तहत बीजेपी ने मुंबई की सीटों पर अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी मुंबई में अपना सिक्का नहीं जमा पाई थी। उद्धव ने 10 विधायकों के साथ मुंबई में अपनी जगह कायम रखी, जबकि शिंदे को केवल छह सीटें मिली। शिंदे ने आक्रामक तरीके से उद्धव के 55-60 नगरसेवकों का पार्टी में प्रवेश कराया। शिंदे ने बीएमसी चुनाव में सीट बंटवारे के दौरान भी सीट हासिल करने में रणनीति अपनाई और 90 सीटें पार्टी की झोली में ले ली। चुनावी रणनीतिकारों के मुताबिक, शिवसेना की इन 90 सीटों पर यदि पार्टी अच्छा प्रदर्शन करती है, तो महायुति को स्पष्ट सत्ता हासिल करने में मदद मिलेगी।



**सत्ता बंटवारे पर भी रहेगी नज़र**

महायुति की सत्ता आने पर सीटों की संख्या के आधार पर ही सत्ता का बंटवारा भी होगा। हर 7 से 8 नगरसेवक के पीछे एक स्थायी समिति का सदस्य चुना जाता है। सम्मानजनक सीटों के बाद फिर महापौर, स्थायी समेत विभिन्न समिति के अध्यक्ष पदों को लेकर सत्ता संतुलन स्थापित करना भी एक चुनौती होगी। पिछले तीन सालों में शिंदे ने खुद एक अच्छे समन्वयक के रूप में स्थापित किया है। एक उम्मीदवार के मुताबिक, हमें पार्टी नेतृत्व का पूरा समर्थन मिल रहा है। बीएमसी चुनाव के नतीजों के बाद हमें महानगर में संगठन विस्तार के लिए और अधिक जगह मिलेगी।

**विपक्ष पर नजर:** ठाकरे बंधुओं से अलग होकर चुनाव लड़ रही कांग्रेस की भूमिका सत्ता स्थापित करने में यदि निर्णायक हुई, तो जाहिर तौर पर वह उद्धव सेना के साथ ही रहेगी। स्पष्ट बहुमत न होने की स्थिति में समाजवादी पार्टी, एनसीपी, एआईएमआईएम जैसी पार्टियों के नगरसेवकों की संख्या भी निर्णायक साबित होगी।

> **एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना का एक वोट बैंक मुंबई में तैयार हो चुका है। मुंबई में बीजेपी मजबूत है, फिर भी युति धर्म का पालन करने के लिए बीजेपी ने सीट बंटवारे में समझौता किया है। हम महायुति का महापौर बनाने जा रहे है।**
> - *देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र*

## निर्विरोध जीत को लेकर HC में PIL दायर



■ **NBT न्यूज, ठाणे:** निर्विरोध जीत को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। सामाजिक कार्यकर्ता अजय नेब की इस याचिका में ठाणे महानगर पालिका क्षेत्र में प्रभाग क्रमांक 5(A), 14(A), 17(B), 18(B), 18(C) और 18(D) में हुई निर्विरोध निर्वाचन प्रक्रिया को अवैध बताया गया है। एडवोकेट विनोद उतेकर के जरिये दायर याचिका में चुनाव आयोग द्वारा घोषित चुनाव प्रोग्राम का सख्ती से पालन करने और सिर्फ एक उम्मीदवार के होने पर भी वोटिंग और काउंटिंग प्रक्रिया को पूरा करने की मांग की गई है।

याचिका में कहा गया है कि उम्मीदवारों को मतदान के बिना ही निर्वाचित घोषित किया गया है, जो NOTA के उद्देश्य प्रक्रिया के खिलाफ है। NOTA जैसे पर्याय के जरिये मतदाता अपनी असहमति दर्ज करा सकते है। एक ही उम्मीदवार होने पर अगर NOTA को ज्यादा मत मिलते हैं, तो नए चुनाव कराने की जरूरत पड़ सकती है। याचिका में सत्ताधारी दल से जुड़े उम्मीदवार के फायदे के लिए दूसरे उम्मीदवार पर दबाव डालकर बड़े पैमाने पर नाम वापस लेने पर भी ध्यान खींचा गया है। बता दें कि मनसे के ठाणे पालघर जिलाध्यक्ष अविनाश जाधव ने भी इससे पहले हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

# कोलाबा में नार्वेकर परिवार के दबदबे को मिली है तगड़ी चुनौती


## पांच में से तीन प्रभाग में नार्वेकर परिवार है चुनाव मैदान में

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई के प्रवेश द्वार गेटवे ऑफ इंडिया से सटे कोलाबा इलाके में इस बार चुनाव राजनीतिक प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के सामने अपने परिवार के तीन उम्मीदवारों को जिताने की बड़ी चुनौती है। यहां उनका मुकाबला सिर्फ विपक्ष से नहीं, बल्कि निर्दलीय उम्मीदवारों और महायुति में शामिल शिवसेना (शिंदे गुट) के प्रत्याशी से भी है।

**मकरंद और हर्षिता के वॉर्ड बदले**

नार्वेकर परिवार से हर्षिता नार्वेकर प्रभाग क्रमांक 225, मकरंद नार्वेकर प्रभाग क्रमांक 226 और डॉ. गौरवी शिवलकर नार्वेकर प्रभाग क्रमांक 227 से बीजेपी उम्मीदवार हैं। जबकि प्रभाग 222 पर बीजेपी से रीता मकवाना और प्रभाग 224 से शिंदे गुट से रुचि वाडकर उम्मीदवार हैं। पिछले बीएमसी चुनाव में प्रभाग क्रमांक 226 से हर्षिता नार्वेकर, प्रभाग क्रमांक 227 से मकरंद नार्वेकर चुनाव जीते थे। दोनों की सीट बदले जाने से कार्यकर्ता नाराज हैं।

AI Image



**कड़ा है मुकाबला**

प्रभाग 225 से हर्षिता को शिवसेना शिंदे गुट की पूर्व नगरसेवक सुजाता सानप से कड़ी टक्कर मिल रही है। इस सीट से पहले कांग्रेस और अब बीजेपी के कार्यकर्ता रवि मुरा चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोक बैठे थे, लेकिन आखिरी वक्त में वह पर्चा दाखिल नहीं कर पाए। अब वह हर्षिता के पक्ष में प्रचार कर रहे है। सूत्रों के मुताबिक, इस सीट पर बीजेपी के कार्यकर्ता बेमन से प्रचार कर रहे है।

■ **निर्दलीय उम्मीदवार से चुनौती**

प्रभाग क्रमांक 226 में मकरंद नार्वेकर को निर्दलीय उम्मीदवार तेजल पवार से टक्कर मिल रही है। पवार को विपक्षी पार्टियों का समर्थन मिल रहा है।

■ **पूर्व पुलिस अधिकारी से है सामना**


प्रभाग क्रमांक 227 से बीजेपी से डॉ. गौरवी को पूर्व पुलिस अधिकारी और शिवसेना उद्धव गुट की उम्मीदवार रहना मयूर शेख से कड़ी टक्कर मिल रही है। इस सीट पर जद(यू) से सुषम सालवी और निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. लीशा डिसूजा भी चुनाव मैदान में है।

## कांग्रेस उम्मीदवार को जान से मारने की धमकी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बीएमसी चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार प्रमोद नार्वेकर ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा धमकी दिए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। नार्वेकर का दावा है कि उन्हें चुनावी मैदान से हटने और प्रचार बंद करने की धमकी दी गई है। वाकोला पुलिस स्टेशन के अनुसार, प्रमोद नार्वेकर वॉर्ड नंबर 87 से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। बुधवार रात चुनाव प्रचार के बाद नार्वेकर सांताक्रूज पूर्व अपने कार्यालय गए थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उनके कार्यालय आया और उनसे नामांकन वापस लेने तथा चुनाव प्रचार बंद करने को कहा। आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

> वाकोला पुलिस ने एनसी दर्ज कर जांच शुरू की

पुलिस अधिकारी प्रकाश खांडेकर ने बताया कि नार्वेकर की शिकायत पर गैर-संज्ञेय मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि बीएमसी के चुनाव 15 जनवरी को होंगे, जबकि मतगणना और नतीजों की घोषणा 16 जनवरी को की जाएगी।






## बड़े पैमाने पर नामांकन रद्द करने से जुड़ी PIL खारिज

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बड़े पैमाने पर नामांकन फॉर्म रद्द किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी है। याचिका में कहा गया था कि निर्वाचन अधिकारी ने बिना ठोस आधार के नामांकन फॉर्म खारिज किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, इसलिए उनका याचिका दायर करने का हक नहीं बनता है। यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अली मीर ने दायर की थी। याचिका में दावा किया गया था कि बीएमसी के 227 प्रभाग के निर्वाचन अधिकारी ने सत्ताधारी पार्टी को फायदा पहुंचाने के लिए हजारों की संख्या में संभावित उम्मीदवारों के नामांकन मामूली कारणों के आधार पर रद्द किए हैं।

# नामांकन रद्द मामले में BJP कैंडिडेट निलेश को हाई कोर्ट से मिली राहत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** नवी मुंबई के प्रभाग क्रमांक-17 ए के बीजेपी कैंडिडेट निलेश भोजने को बॉम्बे हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। शुक्रवार को कोर्ट ने भोजने के नामांकन को रद्द करने वाले निर्वाचन अधिकारी के आदेश को निरस्त कर दिया है और भोजने की उम्मीदवारी को वैध करार दिया है। साथ ही भोजने का नाम वैध उम्मीदवारों की सूची में शामिल करने का निर्देश दिया और प्रभाग के चुनाव पर लगी रोक को हटा दिया।

कोर्ट ने कहा, मतदान निर्धारित कार्यक्रम के तहत कराए जाएं। मतपत्रों में नए सिरे से सुधार किया जाए, ताकि भोजने का नाम उसमें शामिल किया जा सके। बता दें कि रिटर्निंग अधिकारी ने शिंदे सेना के पदाधिकारी की शिकायत पर भोजने के नामांकन को अस्वीकार करने का निर्णय लिया था। शिकायत में भोजने पर अनाधिकृत निर्माण करने का आरोप लगाया गया था। गौरतलब है कि गुरुवार को कोर्ट ने उक्त प्रभाग के चुनाव पर अंतरिम रोक लगाई थी। शुक्रवार को चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अनखड की बेंच ने सुनवाई के बाद भोजने को चुनाव लड़ने के लिए योग्य घोषित किया। इससे पहले भोजने के वकील ने कहा, रिटर्निंग अधिकारी का आदेश पूरी तरह से अवैध है। उन्होंने कहा, अवैध निर्माण के आधार पर अयोग्यता का प्रावधान सिटिंग नगरसेवक पर लागू होगा न कि नगरसेवक का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार पर। वहीं, शिकायतकर्ता के वकील ने याचिका का विरोध किया। रिटर्निंग अधिकारी के वकील ने चुनाव पर लगी रोक को हटाने की मांग की। राज्य चुनाव आयोग के वकील ने कहा, ईवीएम में मतपत्र चिपकाने का काम प्रगति पर है। अब याचिकाकर्ता का नामांकन स्वीकार करना संभव नहीं है।



# कहीं पत्नी, तो कहीं बेटी-बहू हैं चुनाव मैदान में

## भायखला के प्रभागों में सियासी संग्राम तेज, रिश्तेदार आमने-सामने


Navin.Pandey@TimesofIndia.Com

■ **मुंबई:** दक्षिण मुंबई के भायखला विधानसभा क्षेत्र में इस बार बीएमसी चुनाव दिलचस्प हो गया है। यहां सिर्फ पार्टियों के बीच ही नहीं, बल्कि राजनीतिक विरासतों, रिश्तों और पुराने समीकरणों के बीच भी मुकाबला देखने को मिल रहा है। कहीं पूर्व विधायक की बेटी, बहू आमने-सामने हैं, तो कहीं मौजूदा विधायक की पत्नी चुनाव मैदान में उतरकर समीकरण बदल रही है।

**प्रभाग 207 में रोचक मुकाबला**

प्रभाग 207 में पिछली बार बीजेपी की सुरेखा लोखंडे बेहद कम अंतर से जीती थीं। इस बार बीजेपी ने रोहिदास लोखंडे को मैदान में उतारा है। उन्हें शिंदे सेना का समर्थन प्राप्त है। दूसरी ओर, शिवसेना उद्धव गुट और एमएनएस का गठबंधन है और यह सीट एमएनएस के खाते में गई है। एमएनएस से शलाका हरयाण और अखिल भारतीय सेना से योगिता गवली चुनाव लड़ रही है। योगिता पूर्व विधायक अरुण गवली की बेटी है। एक स्थानीय मतदाता कहते हैं, यहां हर गली में अलग गणित चल रहा है, थोड़े से वोट इधर-उधर हुए तो नतीजा पलट सकता है।

AI Image



**प्रभाग 208 : शिंदे सेना बनाम उद्धव सेना**

प्रभाग 208 में शिवसेना शिंदे गुट बनाम शिवसेना उद्धव गुट की सीधी टक्कर है। महायुति से शिंदे गुट के विजय लिपारे मैदान में है, उनके सामने उद्धव गुट से रमाकांत रहाटे है, जिन्होंने पिछला चुनाव यहीं से जीता था। कांग्रेस से सतीश खड़तले, एनसीपी से मंगेश बनसोड और निर्दलीय अरुण जैतपाल भी मुकाबले को रोचक बना रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है, यह सीट अनुभव बनाम संगठन की लड़ाई बन गई है।

**प्रभाग 211 में चुनाव बना दिलचस्प**

प्रभाग 211 एक सामान्य सीट है। यह मुस्लिम बहुल क्षेत्र है। यहां कांग्रेस ने वकार खान को टिकट दिया है। पिछली बार यहां से सपा के मौजूदा विधायक रईस शेख जीते थे, जो इस बार अपने सहयोगी को टिकट दिलाना चाहते थे, लेकिन सपा से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस के टिकट पर मैदान में है। एनसीपी से मोहम्मद शाकिर, 'आप' से असलम मर्चेंट और सपा से एजाज अहमद भी मैदान में है। समाजसेवी डॉ. अलाउद्दीन शेख कहते हैं कि मुकाबला कांग्रेस और सपा के बीच दिख रहा है।


**चर्चा में है प्रभाग 210:** प्रभाग 210 की चर्चा इसलिए खास है, क्योंकि यहां शिवसेना उद्धव गुट से सोनम जामसुतकर चुनाव लड़ रही है। उनके पति मनोज जामसुतकर भायखला विधानसभा से विधायक है। पिछली बार सोनम ने कांग्रेस के टिकट पर इसी सीट से जीत हासिल की थी, लेकिन अब उन्होंने पार्टी बदल ली है। कांग्रेस ने अनिल जाने और बीजेपी ने संतोष राणे को मैदान में उतारा है।

**प्रभाग 212 में टक्कर बहुकोणीय:** प्रभाग 212 में अखिल भारतीय सेना से गीता गवली मैदान में है, जो पूर्व विधायक अरुण गवली की बेटी है और पिछली बार यहां से जीत चुकी है। उनके सामने पूर्व विधायक यूसुफ अब्राहनी की बहू सपा से अमरीन अब्राहनी है। कांग्रेस, एमएनएस और संभाजी ब्रिगेड के उम्मीदवारों ने मुकाबला बहुकोणीय बना दिया है। यहां गीता और अमरीन की सीधी टक्कर ज्यादा चर्चा में है।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

# गायमुख: कंटेनर का खोया कंट्रोल, 11 वाहन टकराए

Anil Shinde



■ NBT न्यूज, ठाणे : शुक्रवार की सुबह घोडबंदर रोड पर गायमुख परिसर में सीमेंट की बोरियों से लदे कंटेनर का संतुलन बिगड़ने से करीब 11 वाहन आपस में टकरा गए। कई वाहन चकनाचूर हो गए। हादसे में एक ऑटो चालक सहित उसमें बैठी महिला और पुरुष यात्री जख्मी हुए। इसके अलावा एक टूरिस्ट कार चालक भी जख्मी हुआ है। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया और कोई हताहत नहीं हुआ। घायलों का इलाज जारी है, सभी खतरे से बाहर हैं।

**बड़ा हादसा टला, ऑटोरिक्शा चालक सहित 4 लोग हुए जख्मी**

पुलिस के अनुसार घटना के तुरंत बाद कंटेनर चालक भाग निकला। खबर लिखे जाने तक पुलिस उसकी खोज में लगी थी। मौके पर पहुंचे ट्रैफिक पुलिस, ठाणे मनपा डिजास्टर सेल तथा दमकल कर्मियों ने वाहनों को हटाया और सड़क पर गिरे ऑइल पर मिट्टी डाला, तब जाकर ट्रैफिक शुरू हुआ। इस सब में दो घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। घायलों में ऑटोचालक शिवकुमार बेचू प्रसाद यादव (56) को सिर पर, कार चालक रामबली बाबूलाल (22) को कमर, ऑटो यात्री अनीता दिनेश पेटवाल (45) तथा तस्कीर शफीक शेख (45) को चेहरे पर चोट आई है। घटना के चलते ट्रैफिक जाम लगने से सुबह के समय दो घंटे से अधिक दोनों तरफ का आवागमन बाधित हुआ, जिससे वहां से गुजर रहे वाहन चालकों को परेशान होना पड़ा। कासारवडवली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पति विदेश में, पत्नी से छेड़छाड़, केस दर्ज

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : रबाले पुलिस स्टेशन में एक युवक के खिलाफ एक महिला ने छेड़छाड़ और पीछा करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता का पति करीब एक वर्ष से काम के सिलसिले में विदेश में है। यह जानकारी आरोपी युवक को थी और उसने इसका गलत फायदा उठाने की कोशिश की। आरोपी कई बार पीड़िता के घर के सामने आकर खड़ा रहता था। वह घर की खिड़की में झांककर महिला को देखता और कहीं जाने पर उनका पीछा भी करता था। लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर महिला ने रबाले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को नोटिस जारी किया है। खबर लिखे जाने तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

## प्रॉपर्टी

### मुंबई प्रॉपर्टीज

#### चेंबूर

**AVAILABLE** FOR SALE 4BHK flat 10th Flr,Shankar Villas,13th Rd, Chembur, Mumbai -71,Contact :Nand Bijlani 9330042400

#### दादर

**DADAR-WADALA** 1 Bed 270 Furnished (90) 1 Bed 1400' (160) 440'(1.70) 475(1.80) 2 Bed (2.40) 540(1.60) 2.5 Bed (2.65) Shop 60'(45) 300'(295) 400+300 (5.50) Leave License buy/sale JaiJinendra Sangoi - 9222222237

**RUSTOMJEE** Crown 4 BHK 1700 Sq Ft 9.50 Cr High Ceilings / Done Up Pool, Gym, Kids Play Area Highrise Estates 99 200 11 888

#### नवी मुंबई

**FOR** sale 570 sq ft Furnished office at 2 nd floor IIT Park above Vashi Railway Station For details Contact : 9223343118

#### दक्षिण मुंबई

**WALKESHWAR** Sea Facing 3 BHK 9.45 Cr / Jodi Apt 24 Cr New Bldg Near Jain Derasar Boutique / Roof top Amenities Highrise Estates 99 200 11 888

#### ठाणे

**PRIME Flat at Naupada, Thane (w), 700 carpet with car park available for lease. Contact owner 9820241717**

#### वर्ली

**SEAFACING** Penthouse 25Cr 3400 Carpet + 2200 Terrace 4 Car Parks / Ready / OC Near Sea Link / Coastal Road Highrise Estates 99 200 11 888

#### कांदीवली पश्चिम

**कांदिवली-W** 2BHK + 3 बाथरूम 612 कार्पेट / 810 SBA, B-201, फतेह अपार्ट., लेडी फातिमा रोड, Opp. पोइसर बस डेपो , SV रोड, 1.29Cr (Nego) Call: मेहता 9323170266 (ब्रोकर कॅाप्रस्न)

#### महालक्ष्मी

**VALUE** Buy 4 BHK @ 11.90 Cr Carpet 2020 Sq Ft / 55th Floor Apt. with Panorama View Ready / OC / Amenities Highrise Estates 99 200 11 888

#### मलाड पश्चिम

**MALAD** (W) SV Road, Opp Jain Derasar for sale 1Bed 1.11cr, 2Bed-1.55cr All Incl. Poss. April 2026. 9821291100 / 7506063114.

#### अंधेरी पश्चिम

**PENTHOUSE** Duplex 7 bunglow 3 BHK 1100+ 750 terrace Higher flr, Sea view, 3 side open Ready posse. 5.50Cr Tirupati 9820028151, 9222339625

#### बांद्रा पश्चिम

**FLAT-FOR-SALE** Prime Property in Bandra (West). 1000Sq.ft Carpet, 2nd Floor, 2 Car Parks. Contact Owner: Mob: 8369074303 Email: sunilkhanna7007@gmail.com

**VALUE** Deal Off Pali Hill 4 BHK Carpet 1962 Sq Ft Done Up / Ready / New / OC Quote 11.40 Cr / 2 Car Parks Highrise Estates 9820058877

#### जुहू

**4BHK** (approx 2200) Premium Property for Sale ( 4 Parking ) with OC Gulmohar Cross Road Higher Floor with Open View. Interested Call - 9167270700.

JUHU SCHEME
4 BHK
Luxurious Exclusive
FLAT FOR SALE
3000 Sq. feet Carpet.
Ample car parking.
Ready possession with OC.
Higher floor-Excellent view.
New Building.
Please call VENKATESH (10 AM To 6 PM or WhatsApp.)
7020558483
rkm@indiarkm.com

COMMERCIAL, WAREHOUSE & INDUSTRIAL SPACE

COMMERCIAL PROPERTY FOR SALE
VASHI, NAVI MUMBAI
9000 CARPET SQ FT
PROPERTY HIGHLIGHTS:
- 9000 Carpet sq. ft. Column-free layout
- Easily Customizable
- 18 feet height in majority area
- 24x7 security
- Commercial Building
- Elevators & ample parking

LOCATION ADVANTAGES:
- Heart of Navi Mumbai's commercial core
- Close to Sanpada & Turbhe station
- Close to Sion-Panvel Expressway
- Close to Grain & Spice markets
- Union Bank of India within the compound

Contact : Mahendra Chheda - 9821118820

GET NOTICED

वैदिक ज्योतिष संस्थान रजी
ज्योतिष, हस्तरेखा, वास्तुशास्त्र एवं स्वरज्ञान
जानुआरी २०२६ से नये वर्गोंका आरंभ
निःशुल्क शिक्षण
हिन्दी माध्यम केन्द्र :
रविवार ९ से ११ ज्योतिष / मलाड ११ से १ वास्तु
गणेशदास खोडवाला कोलेज, एम. के. इ. एस. हाईस्कूल (एन. एल.) गेट नं ३, ५वा माला, १भादरण नगर, एस. वी. रोड, मालाड (प).
आचार्य अशोकजी 93222 61709
www.vedicjyotishsansthanmumbai.com / Email: vjtvv1@gmail.com
प्रवेश के लिये फोनसे पहलेसे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है.

### प्रॉपर्टी ऐन्सलेरीज

#### वाणिज्यिक परिसर (अचल संपत्ति)

**AVAILABLE** Commercial Space On Rent (Approx.2500 Sqft) Vikhroli (East), Nearby Railway Sttaion Mobile:- 9702546309

**NEAR** ISKON-JUHU, Small Office Space Available on RENT with Ready Furniture, Computers, AC. Contact - 9833535520.

**POSH** office Chakala Andheri E Rustomajee Central 2300 Carpet Fully Furnished 8 lac Per month Ready to occupy Tirupati 9819692697, 9820028151

**AVAILABLE** on Leave & Licence basis Office Premises Area 1800 sq.ft at Ground Floor in Commercial Building, Fort Mumbai. Immediate Possession with 2 wash rooms. Mobile: 9967922982 / 9757077037

**चेंबूर-अलीबाग,** सीरियल नंबर: 80/2, अलीबाग-चेंबूर बाईपास रोड, रॉयल एनफील्ड शोरूम के पास, पी एन जी शोरूम के ऊपर, बेसमेंट और पहली मंजिल मिलाकर लगभग 2500 वर्ग फुट का क्षेत्रफल किराए पर उपलब्ध है। संपर्क करें: 98220 54788

**अंधेरी** (पूर्व)- फ्रेश कमर्शियल ऑफिस बिक्री हेतु, 390 वर्ग फुट, ग्लास फसाड ऑफिस, नया फुली फर्निश्ड, WC सहित, पवोस नाका Metro Station / T2 Airport के पास। कम मेंटेनेंस। कीमत: ₹1.20 करोड़ (नेगोशिएबल) संपर्क :- 9702926907 / 7057705739.

## व्यक्तिगत

### नाम परिवर्तन

I have Changed My name from Nanda Kumari Pardeshi to Nannda Vinod Chaudarri as per Government Gazzatte No. (M-25220097)

I, Vaishnavi Gulakhe W/O, Pushkar Rajesh Lanke R/o 7/201 Steppes Vasant Lawns, Oswal Park, Thane West, 400601 have changed my name to Pavni Pushkar Lanke for all purposes.

I, Pinki Devi Wife of Upendra Kumar r/o Chanda Bigha, Bargawan, Nawada, Bihar - 805122 have changed my name from Pinki Devi to Pinki Kumari vide aff. No. 59AB864749 dt. 08/01/2026 at Nashik

I,KACHESHEVAR Valiba Sanap Father of Sanap Kailas Kacheshevar r/o Nimgaon, Sinnar, Nashik, M.H-422103 have changed my DOB from 01/07/1953 to 01/01/1953 vide aff. No 55AB674749 dt 07/01/2026 at Sinnar

I, Gokooli Mother of Shejal Ganpati Gangaram r/o Vithurayachi Wadi, Hingangaon, Sangli, M.H - 416405 have changed my name from Gokooli to Gokula Gangaram Shejal vide aff. No.59AB864745 dt. 08/01/2026 at Nashik

I Virandera Kumar Chadha/ V K Chadha S/O, Late Dr Inder Lal Chadha R/o Flat No. 2504, 25th Floor, A Wing, D B Woods, Off Film City Road, Gokuldham, Goregaon (E), Mumbai - 400063 have changed my name to Virendra Kumar Chadha

I, Pawar Sarika Sunil Wife of Pawar Sunil Nanaji r/o Kasav Mala, Devi Madir, Lam Road, Devlali, Nashik, M.H - 422401 have changed my name from Pawar Sarika Sunil to Sarika Sunil Pawar vide aff. No. 59AB864748 dt. 08/01/2026 at Nashik

I, Asha spouse of No 14330658Y Ex Sep Kadam Dilip Laxman of Vill/ PO- Dhamne, Teh- Mahad, Dist- Raigad(MH), PIN- 402302 have changed my name from Asha to Asha Dilip Kadam vide affidavit No. 2532041801269604278624 dated 08 Jan 2026.

I, Mayakka Wife of Shejal Ganpati Gangaram r/o Vithurayachi Wadi, Hingangaon, Sangli, M.H - 416405 have changed my name from Mayakka to Mayakka Ganpati Shejal vide aff. No. 59AB864744 dt. 08/01/2026 at Nashik

मैं पाचांगले अर्जुन प्रकाश आर्मी नं 15815068, पता पचांगवाड़ी पोस्ट कर्वेनगर, तहसील ... जिला ... महाराष्ट्र मेरे पिताजी प्रकाश गोपाल पाचांगले इनकी पुरानी जन्म तारीख 01/10/1938 थी वह बदलकर 03/08/1940 यह है है ... में 627 तारीख 06/01/2026

मैं पाचांगले अर्जुन प्रकाश आर्मी नं 15815068, पता पचांगवाड़ी पोस्ट कर्वेनगर, तहसील ... जिला ... महाराष्ट्र मेरे पिताजी का पुराना नाम पाचांगले प्रकाश गोपाल था वह बदलकर प्रकाश गोपाल पाचांगले यह है ... में 59721 तारीख 26/12/25

## आयोजन




## भर्ती

### पेशेवर नौकरी चाहने वाले

**REQ.** Business development telecallers good command on excel (CBD Belapur ) fluent English 8655849704 E - alipo consultancy72@gmail.com

### रिक्त पद

**ऑफिस** केलिए लड़के / लड़कियां चाहिए, जोगेश्वरी (वेस्ट), समय : सुबह - 9:00 से 5:30 संपर्क - 9819055023 / 9819055026

## भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

### अकादमिक

#### शिक्षक

**N.T.C.C.** High School Gate No - 7, Malawani ,Malad (W) Mumbai - 400095. Urgently Required Science Teacher - Qualification:- B.sc/ B.Ed /M.Sc. Secondary Academic Co-ordinator Qualification:- M.A B.Ed / M.Sc B.Ed / BA B.Ed Email ID - ntccschool@ yahoo.com Contact No - 9892879225.

### लेखा

#### अकाउंटेंट (लेखाकार)

**REQUIRE** opp. CST - 1) Accountant - knowledge of Tally Prime/ ERP 9, GST, TDS, TCS. 2) Data Entry Asst. No Age bar. Dhansukh - 9653332155, Email: oml@ orbitgroup.in

**KANDIVALI-(WEST)** Required for Accounts, Back Office (Knowing Tally, Excel) Minimum 5 Years Experience. Resume Whatsapp : 9820536726.

### प्रशासन

#### कार्यकारी अधिकारी

**REQUIRED** - Tender Head & Tender Executive for a Reputed Govt. Contractor - PAN India & Builder- Developer Firm located in Borivali (West) Requires a Full time with a minimum of 3-5 years of experience. Candidate must have strong knowledge of : BOQ, Tender Submission, Rate Analiysis Etc. Interested Candidates may contact us at : Whatapp Number : 9820662663 Email : rajay8291@gmail.com

#### कार्यालय सहायक

**WANTED:** Female Office Assistant at Santacruz - (W) Office Time:12to 8pm. Salary- 15,000. Call - 9821068214. (Freshers can also apply.)

#### चपरासी

**एक** रेप्यूटेड बिल्डर के ऑफिस में प्यून की आवश्यकता है। संपर्क : 9820860998.

### विपणन, विज्ञापन और बिक्री

#### बिक्री

CHEM SALES PERSON REQ
Graduate
(B.Sc.-Chem preferred)
Experience :
5-7 years in Chem Ind
Loc : Bom, Guj, Del, Hyd, Chennai & Cal
Post : RM & Sales Exe – 1 each
careers@dagaglobal.com

#### Tele Caller

**REQD.** Exp. Tele caller nr. Gorregaon(E)for DSA vertical work on a monthly fixed salary & incentive. 9664066052/ bwahd2005@gmail.com

#### विपणन (मार्केटिंग)

**REQ.** Sr. Sales / Marketing Male / Female for wedding cards Mfg. co. supplying to PAN India Retail store 10+ year exp. with marketing work from office only. Salary 35000/-. Borivali (W). Call: 7710987771.

### अन्य रिक्तियां

#### एकाधिक रिक्तियां

**OFF** Asst. - Adv. Excel / tender, Admin -HR ,SR. Accountant, Marketing Exect.,Interior Designer, Structural Eng., Draftsman-Arch., Legal Asst., PRO, CTC - 5 to 18 L p.a For Mfg Co. With Design House required at Head Off., WhatsApp - 9324804795

**सिक्युरिटी** गार्ड, सिक्युरिटी सुपरवाइज़र और ड्राइवर चाहिये. संपर्क: 115 – रिया कॉम्पलेक्स, Opp. नामदारी स्टेशन, विद्याविहार (वेस्ट) 9867202170 / 9920603611

#### पार्ट टाइम जॉब

**सुनहरा** अवसर ! कल्याण (प.) में एक प्रतिष्ठित कंपनी में पार्ट टाइम साथी सेवानिवृत्त कर्मचारियों और गृहिणियों के लिए, शिक्षण एसएससी या उससे ऊपर। आयु: 35 से 65 वर्ष। संपर्क 7738747001

**GOVERNMENT** Recognized Company Looking for Retired/ Bankers/Teachers/VRS/ NRI/ Housewives (Age 40to 70) Fixed Income+ PF+ ESIC...9820691548

#### सेवानिवृत्त व्यक्ति

**PART-TIME** Employment Opportunity with Training SP. for Retired & Housewives. Earn Fix+Variable Huge Income. Ltd Seats. (Age 45+) Call 98331 29963

#### सुरक्षा

**डोंबिवली** सिक्युरिटी कंपनी के लिए चाहिए सिक्युरिटी गार्ड वेतन 23000/– Mahim west– के लिए ड्युटी 12 घंटा . 9821071385/ 7518169627

### तकनीकी

#### सामान्य

**DIPLOMA/ITI** in electrical/electronics req for control panel/ industrial automotion projects company in Thane/ Bhiwandi. Freshers or 1-2 yrs exp. Whats App: 8104941938 E: powercoinindi@gmail.com

#### पर्यवेक्षकों

**ठाणे** / अंबरनाथ / पुणे (तळेगाव) यहाँ कंपनी के लिए अनुभवी सुपरवाईज़र चाहिये । संपर्क : 8767949277 / 9833793210

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

SOCIAL EVENT

जय श्री श्याम परिवार चूड़ीधाम ट्रस्ट, मुंबई
द्वारा आयोजित
26वां श्री श्याम महोत्सव
रविवार 11 जनवरी 2026
रजियादेवी गजानंद हॉल, डी.जी.खेतान इंटरनेशनल स्कूल, सुन्दर नगर के पिछे मालाड-पश्चिम, मुंबई
अखण्ड ज्योत, अलौकिक झाँकी, छप्पनभोग, श्री राणीसती दादीजी का मंगलपाठ एवं सुमधुर भजनों का भक्तिमय उत्सव
श्री राणीसती दादीजी का मंगलपाठ
दोपहर 1.15 से सायं 6:15 बजे
।। संगीतमय मंगलपाठ वाचक ।।
श्रीमती रितु शर्मा
महोत्सव कार्यक्रम
।। ज्योत प्रज्वलन ।। दोपहर 1 बजे
आरती : रात्रि 9 बजे
आप सपरिवार सादर आमंत्रित है।
भजनसंध्या
सायं 6:15 से रात्रि 9 बजे तक
।। आमंत्रित कलाकार ।।
श्रीमती सरिता ओझा–कोलकाता, श्रीमती रितु शर्मा, श्री राकेश बावलिया
मुख्य अतिथि : श्री रामप्रकाशजी बूबना–चेयरमैन–शारदा प्रोपकेम लि.
मंगलपाठ यजमान : श्रीमती कुसुम सुशीलजी भीमराजका
वैलेट पार्किंग उपलब्ध रहेगी
हार्दिक शुभकामनाओं सहित BEST ROADWAYS LIMITED 40


एकल श्रीहरि वनवासी विकास ट्रस्ट, मुंबई
देश के 9 करोड़ वनवासी बंधुओं को संस्कार शिक्षा के माध्यम से विकास की मुख्य धारा में शामिल करने हेतु कथा
श्री रामकथा
परम पूज्य श्री विजय कौशलजी महाराज की रसमयी वाणी में
मुख्य यजमान : श्री रामअवतारजी एवं गायत्रीदेवी मोदी
4 से 10 जनवरी 2026, दोपहर 3 से 6 बजे
11 जनवरी 2026, सुबह 10 से 1 बजे
कथा स्थल विष्णु हनुमान पार्क, बांगुर नगर गोरेगांव - पश्चिम, मुंबई
श्रीहरि रथ लोकार्पण ।। श्रीहरि रथ प्रायोजक ।। श्री विजय अग्रवाल
आज की कथा : श्री हनुमान चरित्र
दैनिक यजमान : श्रीमती रेखा महावीरप्रसाद गुप्ता
विशेष अतिथि : श्री रमेश पारेख Chairman-Gandhar Oil Refineries (India) Ltd
सत्यनारायण कावरा राष्ट्रीय संरक्षक | गोपाल केडिया राष्ट्रीय संरक्षक | विजय केडिया राष्ट्रीय महामंत्री | कैलाश अग्रवाल अध्यक्ष | श्यामसुन्दर खेतान कार्याध्यक्ष
सुभाष पी. केडिया महामंत्री | राकेश पंसारी कोषाध्यक्ष | मधु विजय केडिया अध्यक्षा | ममता लोया महामंत्री | नैना नीरज अग्रवाल कोषाध्यक्षा
सौजन्य : गोबिन्द सराफ - श्रीराम सिल्क मिल्स

श्याम भजन संध्या
“जलसा सांवरे का”
11 Jan
रविवार, दिनांक 11 जनवरी 2026
श्याम निशान यात्रा दोपहर 3.30 बजे (गणेश मंदिर से दादा कोंडदेव मैदान तक)
श्रीश्याम संकीर्तन महाप्रसाद सायं 5.30 बजे रात्रि 9.00 बजे
दादोजी कोंडदेव मैदान, विष्णु शिवम मॉल के पास, ठाकुर विलेज, कांदिवली (पूर्व), मुंबई - 400101
All Committee Members of Bharat Vikas Parishad, Kandivali-Branch
सौजन्य : सम्पतराय चपलोत

यादों के चिराग

NBT स्मृति




TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMDEVI User: cci Time: 01-09-2026 23:12 Color:






# CSMT फायरिंग कांड का मुख्य आरोपी हुआ गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सीएसएमटी स्टेशन के बाहर तकरीबन एक साल पहले हुई फायरिंग और सोने की लूट के मामले में एमआरए पुलिस ने मुख्य आरोपी को रायगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कैलाश उर्फ केपी (54) के रूप में हुई है, जो उल्हासनगर का रहने वाला है।

**35 मामलों का हिस्ट्रीशीटर निकला कैलाश उर्फ केपी**

डीसीपी डॉ. प्रवीण मुंढे के अनुसार, कैलाश के खिलाफ मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पुणे और धुले में 35 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी से एक पिस्टल, पांच राउंड जिंदा कारतूस और 12,91,100 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पिछले साल 6 जनवरी की रात पी. डिमेलो रोड पर ब्लू गेट के सामने यह वारदात हुई थी। स्कूटर से जा रहे एक व्यक्ति को 3 से 4 अज्ञात आरोपियों ने रोक लिया और उसके भतीजे पर गोली चला दी। इसके बाद आरोपी 47,27,000 रुपये मूल्य का सोना लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन मुख्य आरोपी कैलाश फरार था। एमआरए पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई के जगदीश कुलकर्णी के अनुसार, कैलाश हर अपराध के लिए अलग-अलग गैंग बनाता था। वारदात को अंजाम देने के बाद गैंग को भंग कर देता था, जिससे सुराग मिलने में कठिनाई होती थी।



**ऐसे पकड़ा गया आरोपी**

आरोपी कैलाश लगातार अपना हुलिया बदलकर दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में छिपकर रह रहा था। एमआरए पुलिस लगातार उसकी लोकेशन ट्रेस कर रही थी। हाल ही में सूचना मिली कि आरोपी रायगढ़ के बाजारपेठ इलाके में आने वाला है। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर उसे धर दबोचा।


# बेलासिस पुल का उद्घाटन टला

## आचार संहिता के चलते 26 जनवरी को हो सकता है शुरू

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ मुंबई : आचार संहिता की वजह से तैयार हो चुके बेलासिस फ्लाईओवर का उद्घाटन फिलहाल टल गया है। इस फ्लाईओवर की तय डेडलाइन 31 दिसंबर थी और तय समय के भीतर निर्माण कार्य पूरा भी कर लिया गया, लेकिन 15 दिसंबर को राज्य चुनाव आयोग की ओर से बीएमसी चुनावों की घोषणा के बाद से आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में किसी भी नए प्रोजेक्ट का औपचारिक उद्घाटन नहीं किया जा सकता। अब संभावना जताई जा रही है कि बीएमसी के नए महापौर के चुने जाने के बाद उन्हीं के हाथों इस फ्लाईओवर का उद्घाटन किया जाएगा।

2022 से अब तक प्रशासक के तौर पर बीएमसी कमिश्नर ही जिम्मेदारी संभाल रहे थे। 16 जनवरी को चुनाव परिणाम आने के बाद 227 नगरसेवक मिलकर महापौर का चुनाव करेंगे। बीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, नई निर्वाचित बॉडी के गठन और महापौर के पदभार संभालने के बाद ही तैयार हो चुके प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया जाएगा।




**मुंबई सेंट्रल को मिलेगी बड़ी राहत**

बेलासिस फ्लाईओवर मुंबई सेंट्रल के रेलवे ट्रैकों के ऊपर से गुजरता है और पूर्वी हिस्से में नागपाड़ा को पश्चिमी इलाके के ताड़देव से जोड़ता है। इसके शुरू होने से दक्षिण मुंबई में ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी। यात्रियों का समय बचेगा।

**कई सालों से अधर में लटका रहा यह प्रॉजेक्ट**


ब्रिटिशकालीन बेलासिस ब्रिज का निर्माण वर्ष 1893 में हुआ था और इसका नाम ब्रिटिश मेजर जनरल जॉन बेलासिस के नाम पर रखा गया था। पुराने ब्रिज को तोड़ने और नए निर्माण को लेकर लंबे समय तक असमंजस बना रहा। देरी के पीछे की मुख्य वजह थी परियोजना का जिम्मा महाराष्ट्र रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, बीएमसी या पश्चिम रेलवे में से कौन संभाले। डिजाइन को लेकर भी कई दौर की मंजूरी लेनी पड़ी, जिससे परियोजना वर्षों तक लटकी रही। अंततः केबल-स्टे डिजाइन को मंजूरी दी गई। परियोजना की लागत में बीएमसी ने 70 करोड़ रुपये और रेलवे ने 40 करोड़ रुपये देने पर सहमति जताई। नए फ्लाईओवर में लेन की संख्या बढ़ाकर छह कर दी गई है। अब काम पूरा हो चुका है, लेकिन उद्घाटन के लिए शहर को नए महापौर का इंतजार करना होगा।



# देसाई अस्पताल की कैंटीन पर FDA की हुई कार्रवाई

■ NBT रिपोर्ट,मुंबई: बीएमसी के सांताक्रूज स्थित वी. एन. देसाई अस्पताल में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। अस्पताल परिसर में संचालित कैंटीन बिना वैध फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) लाइसेंस के लंबे समय तक चलती रही। नियमों के अनुसार किसी भी अस्पताल कैंटीन के लिए FDA से लाइसेंस लेना और उसका समय पर नवीनीकरण कराना अनिवार्य होता है, ताकि मरीजों और कर्मचारियों को सुरक्षित व स्वच्छ भोजन मिल सके।

जानकारी के मुताबिक वी. एन. देसाई अस्पताल की कैंटीन का FDA लाइसेंस 22 मार्च 2025 को समाप्त हो चुका था, लेकिन इसके बावजूद कैंटीन का संचालन लगातार जारी रहा। न तो कैंटीन संचालक ने लाइसेंस रिन्यू कराने की पहल की और न ही अस्पताल प्रशासन ने ध्यान दिया। हाल ही में FDA की ओर से की गई जांच में यह मामला उजागर हुआ। इसके बाद विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कैंटीन को बंद कर दिया। FDA अधिकारियों का कहना है कि बिना वैध लाइसेंस के खाद्य सामग्री की बिक्री नियमों का उल्लंघन है।




**'सैकड़ों लोग अस्पताल की कैंटीन पर है निर्भर'**

गौरतलब है कि वी. एन. देसाई अस्पताल में रोजाना सैकड़ों मरीज, उनके परिजन और अस्पताल कर्मचारी कैंटीन पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर की गई यह लापरवाही चिंता का विषय है। फिलहाल FDA मामले की आगे की जांच कर रहा है। अब यह देखना होगा कि बीएमसी प्रशासन कैंटीन कॉन्ट्रैक्टर के साथ-साथ जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्रवाई करता है।

## NBT ऑफिस में मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद



Kaushik Naik

अमेरिकन साइकोलॉजिकल असोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं सीईओ डॉ. आर्थर सी. इवांस, हुकामा एनालिटिक्स लिमिटेड, लंदन के मुख्य मनोवैज्ञानिक डॉ. राइनर कुर्ज और फिलिंग माइंड्स की संस्थापक डॉ. चीनू अग्रवाल ने बदलते दौर में मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों, उनके समाधान और भारत की भूमिका पर चर्चा की।

# मुंबई में ठंड का असर, न्यूनतम तापमान में 3.5 डिग्री की गिरावट

Suraj.Pandey@timesofindia.com

■ मुंबई: महानगर में बीते दो दिनों में मौसम ने अचानक करवट ली है। न्यूनतम तापमान में करीब 3.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। जहां दो दिन पहले रात का पारा 20 डिग्री के आसपास था, वहीं गुरुवार रात यह गिरकर 16.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

मौसम विशेषज्ञ अथ्रेय शेट्टी के अनुसार, 1 जनवरी को हुई बारिश के बाद वातावरण में नमी आ गई थी, जो एक एंटी-साइक्लोनिक सिस्टम के कारण कई दिनों तक फंसी रही। इसी वजह से पिछले एक हफ्ते तक रात के तापमान सामान्य से अधिक बने रहे। हालांकि, बीते दो दिनों में यह एंटी-साइक्लोनिक सिस्टम कमजोर होकर हट गया, जिससे वातावरण में फंसी नमी बाहर निकल गई। नमी कम होते ही सूखी हवा का प्रभाव बढ़ा, जिसके चलते न्यूनतम तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई। यह मौसम कूल स्पेल अभी सोमवार तक जारी रह सकता है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 15 से 16 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। अगले सप्ताह की शुरुआत में तापमान में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि 20 जनवरी के आसपास किसी मजबूत मौसम प्रणाली के असर से एक बार फिर ठंड बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। वहीं दिन का तापमान 31 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा।




**डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली**
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा द्वारा अधिनियम के माध्यम से स्थापित)

**शैक्षणिक एवं अन्य शैक्षणिक स्टाफ पदों के लिए भर्ती सूचना**
**(आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के संबंध में सूचना)**

No. AUD/55-1(49)/Rect./2025/519 — दिनांक : 07.01.2026

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, जो कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा द्वारा अधिनियम के माध्यम से स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय है, योग्य उम्मीदवारों से शैक्षणिक पदों (प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर) तथा अन्य शैक्षणिक पदों (लाइब्रेरियन, असिस्टेंट लाइब्रेरियन और असिस्टेंट डायरेक्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) पर नियमित आधार पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदन करने की बढ़ी हुई अंतिम तिथियाँ इस प्रकार हैं:
ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 23.01.2026 (रात 23:59 बजे तक)
हार्ड कॉपी (दस्तावेज) प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 30.01.2026 (शाम 05:30 बजे तक)

योग्यताएँ, पात्रता मानदंड, सामान्य निर्देश, ऑनलाइन आवेदन फॉर्म, शुल्क भुगतान एवं अन्य विवरणों के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aud.delhi.gov.in पर जाएँ।

DIP/Shabdarth/Classified/0399/25-26 — कुलसचिव

उच्च शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार


# नवाब मलिक को अंतरिम राहत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य के पूर्व मंत्री और एनसीपी (अजित गुट) नेता नवाब मलिक के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के कथित आरोपों पर विशेष अदालत में चल रही कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगाई है। पिछले साल विशेष अदालत ने मलिक और तीन लोगों के खिलाफ केस को लेकर आरोप तय किए थे। इसके साथ ही आरोपियों के खिलाफ मुकदमे का रास्ता साफ कर दिया था। निचली अदालत ने मलिक के उस आवेदन को खारिज कर दिया था, जिसमें मलिक ने ईडी के पास मौजूद उन दस्तावेजों का विवरण मांगा था, जिन्हें चार्जशीट में शामिल नहीं किया गया था। निचली अदालत के इस आदेश को मलिक ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। जस्टिस श्याम चांडक के सामने मामले की सुनवाई हुई।

# भांडुप हादसा: आरोपी की बेल पर 13 को सुनवाई

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सेशन कोर्ट ने भांडुप बस हादसे से जुड़े आरोपी बेस्ट बस ड्राइवर संतोष सावंत की जमानत अर्जी पर 13 जनवरी को सुनवाई तय की है। पिछले महीने हुए इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई थी। जमानत आवेदन में सावंत ने दावा किया है कि सड़क पर भारी भीड़ और फेरीवालों के अतिक्रमण के कारण बस से उसका नियंत्रण छूट गया, जिससे दुर्घटना हुई।

# यादव संघ विवाद में चैरिटी कमिश्नर का सख्त कदम

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: यादव संघ में लंबे समय से चले आ रहे वर्चस्व और कमिटी पर कब्जे के विवाद पर जॉइंट चैरिटी कमिश्नर कार्यालय ने सख्त रुख अपनाया है। ट्रस्ट और उससे जुड़े स्कूलों के हितों को ध्यान में रखते हुए सहायक चैरिटी कमिश्नर शीतल मालवी को 'फिट पर्सन' नियुक्त किया गया है। अब संघ का पूरा कामकाज उन्हीं की निगरानी में चलेगा और किसी भी गुट के हस्तक्षेप पर रोक रहेगी। व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए एक इंस्पेक्टर की भी तैनाती की गई है।


# आज और कल 254 लोकल ट्रेनें रहेंगी रद्द

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: कांदिवली-बोरीवली सेक्शन पर छठी लाइन के काम को पूरा करने के लिए 30 दिनों का ब्लॉक जारी है, जो 18 जनवरी तक जारी रहेगा। शनिवार को 101 और रविवार को 153 लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। वहीं कई मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के आगमन और प्रस्थान समय में भी बदलाव आएगा, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, 10 जनवरी की रात को कांदिवली स्टेशन पर अप और डाउन फास्ट लाइन पर पॉइंट्स के इंसर्शन एवं डिस्मैंटलिंग के लिए मेजर ब्लॉक लिया जाएगा, जो रात 11.15 बजे से शुरू होगा। 10/11 जनवरी की रात को कांदिवली और मलाड स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर पॉइंट 101 के इंसर्शन के लिए मेजर ब्लॉक लिया जाएगा।

# महिला की हत्या का आरोपी अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : सांताक्रूज वेस्ट में बुधवार की रात अपने घर पर 37 वर्षीय महिला की कथित हत्या के मामले में पुलिस ने उसकी 35 वर्षीय महिला दोस्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने चाकू से पीड़िता के सीने पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों महिलाएं रिलेशनशिप में थीं और विवाद के बाद यह घटना घटी। मृतक सांताक्रूज वेस्ट इलाके में रहती थी और घरेलू सहायिका का काम करती थी। आरोपी को 12 जनवरी तक हिरासत में भेजा गया।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM6 User: cci Time: 01-10-2026 00:08 Color:



**4500** कर्मचारी भिवंडी मनपा चुनाव, 2026 संपन्न कराने को पूरी तरह तैयार हैं।



## इलेक्शन ब्रीफ

### भिवंडी में स्वीप टीम ने चलाया वोटर अवेयरनेस कैंपेन



■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी मनपा आम चुनाव के अंतर्गत आयुक्त अनमोल सागर, अतिरिक्त आयुक्त नयना ससाणे और स्वीप सेल के नोडल अधिकारी श्रीकांत परदेशी के मार्गदर्शन में शहर के नागरिकों को मतदान का महत्व समझाने के लिए विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गायत्री नगर क्षेत्र में थर्डजेंडर के लिए काम करने वाली संस्था 'किन्नर अस्मिता' के सहयोग से मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से रैली निकाली गई और मतदान की शपथ ली गई। धामनकर नाका पर '15 जनवरी को अवश्य मतदान करें' के नारे लगाए गए। इस दौरान कल्पना तलपाडे, राहुल नाहेकर, पंडित केणे, सनी ओवाल, विक्की जाधव, पंकज कुमार राउत सक्रिय रहे।

### चुनाव के दौरान पुलिस सक्रिय, 1.20 लाख की ड्रग्स जब्त

■ NBT न्यूज, भिवंडी : मनपा चुनाव के दौरान भिवंडी में मादक पदार्थों की तस्करी जारी है। ड्रग्स के खिलाफ मुहिम के तहत शांतिनगर पुलिस स्टेशन की टीम ने एमडी (मेफेड्रोन) की तस्करी में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 1.20 लाख रुपये की ड्रग्स बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार 8 जनवरी की मध्य रात में साईनगर स्थित निशा अपार्टमेंट के पास से हसन आमीर खान उर्फ हसन बंगाली (30) को संदिग्ध हालत में हिरासत में लिया। पुलिस टीम ने तलाशी में उसके पास से 1.20 लाख रुपये की 6 ग्राम मेफेड्रोन बरामद हुई। आरोपी हसन आमीर खान अपने मित्र शाहरुख उर्फ मक्की की मदद से मेफेड्रोन बेचने के लिए रखी थी। पुलिस हवलदार नीलेश महाले की शिकायत पर शांतिनगर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद आरोपी को पुलिस कस्टडी में भेजा गया है।

### चुनाव आयोग ने जब्त किए 16 लाख रुपये, पड़ताल जारी



■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : नवी मुंबई मनपा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के सख्त पालन के तहत एपीएमसी मार्केट के पास स्थित चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक वाहन से 16 लाख 16 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पालिका चुनाव के मद्देनजर शहर के प्रवेश मार्गों और प्रमुख स्थानों पर 24 घंटे निगरानी के लिए विशेष जांच टीमें तैनात की गई हैं। इन टीमों द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। इसी दौरान दोपहर के समय एपीएमसी मार्केट के पास एक वाहन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें बड़ी मात्रा में नकदी पाई गई। वाहन चालक एवं मालिक ने जांच दल को बताया कि वह एपीएमसी मसाला मार्केट का व्यापारी है और वाहन में रखी गई रकम व्यापार से संबंधित वैध राशि है। उसका दावा है कि यह पैसा पूरी तरह कानूनी है और बाजार के लेन-देन के लिए ले जाया जा रहा था। हालांकि, चुनाव आचार संहिता के चलते नियमों के अनुसार इतनी बड़ी नकद राशि मिलने पर महानगरपालिका की जांच टीम ने उक्त रकम को जब्त कर लिया है। चुनाव आयोग के अनुसार मामले की विस्तृत जांच की जा रही है, संबंधित दस्तावेजों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# हमारे और शिंदे के रहते 'लाडली बहना योजना' बंद नहीं होगी: CM

## मुख्यमंत्री ने अंधेरी और चेंबूर में की दो सभाएं, ठाकरे बंधुओं पर जमकर बोला हमला

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : अंधेरी और चेंबूर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ठाकरे बंधुओं पर जमकर हमला बोला और अपनी सरकार के काम गिनाए। लाडली बहना योजना की सराहना करते हुए दम भरा कि जब तक मैं और शिंदे हैं तब तक लाडली बहना योजना बंद नहीं होगी। राज्य में हमने 50 लाख लखपति बहना बनाई हैं और हमारी योजना एक करोड़ लखपति बहना बनाना है।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने ठाकरे बंधुओं पर हमला करते हुए कहा कि वे नासिक जाते हैं तो मुंबई की बात करते हैं, नासिक की बात नहीं करते। मुंबई पर 25 साल राज करने के बाद अपने काम तो गिनाएं। एक विकास काम दिखाने पर तीन हजार रुपये देंगे। मगर काम तो किए नहीं, तो गिनाए क्या? मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से विधानसभा चुनाव में महायुति को विजय दिलाई उसी तरह से बीएमसी के चुनाव में भी जिताए। अगले पांच साल की गारंटी हम देते हैं। उन्होंने मुंबई को स्लम फ्री करने का वादा किया।



नालासोपारा में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री का महायुति के नेताओं ने किया स्वागत।

# UMC चुनावः शिंदे का भाईचारे पर जोर

## 'दूध में शक्कर की तरह घुले हैं सिंधी-मराठी'



■ अरविंद त्रिपाठी, उल्हासनगर : उल्हासनगर की चुनावी सभा में राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भाईचारे पर जोर देते हुए सिंधी और मराठी समाज के एक-दूसरे में 'दूध में शक्कर की तरह' घुले होने की बात कही। सभा में मंच पर पूर्व विधायक पप्पू कालानी के साथ ओमी कालानी और पंचम कालानी भी मौजूद थे। शिंदे ने आपसी भाईचारे की बात करते हुए विकास, गठबंधन और सामाजिक एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उनका सपना उल्हासनगर को एक 'हैप्पी सिटी' के रूप में देखना है, जहां विकास, एकता और खुशहाली हो।

उल्हासनगर को 'हैप्पी सिटी' बनाने की बात

उपमुख्यमंत्री ने कहा, 'उल्हासनगर में दाल पकवान और वड़ापाव एक है, मतलब यहां की जनता भी एकसाथ है। यहां गठबंधन का मुख्य मुद्दा विकास है और विकास के एजेंडे पर ही शिवसेना, टीओके, साई पक्ष सहित अन्य दल एक साथ आए हैं।' सामाजिक एकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 'दूध में शक्कर की तरह' सिंधी और मराठी समाज एक-दूसरे में घुल-मिल गए हैं। ठाणे और उल्हासनगर के प्रति अपने लगाव को व्यक्त करते हुए शिंदे ने कहा कि ठाणे की तरह ही उल्हासनगर भी उन्हें बेहद प्रिय है, क्योंकि यहां की जनता ने डॉ. श्रीकांत शिंदे को चुनकर संसद में भेजा।

अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे महाराष्ट्र और मुंबई में हर जगह काम करने का मौका मिला। दाढ़ी वाला नहीं था, बल्कि लोगों की नींद उड़ाने वाला था। खुद को किसान परिवार से जुड़ा बताते हुए शिंदे ने कहा कि उन्होंने गरीबी देखी है। इसीलिए मुख्यमंत्री बनने के बाद माता-बहनों के लिए 'लाडली बहन योजना' शुरू की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर 'लाडली बहन योजना' बंद नहीं होगी।

# खत्म होगा गुंडाराज, चौथी मुंबई बनेगा वसई-विरार: CM

■ सुरेंद्र नेगी, नालासोपारा

वसई-विरार मनपा चुनाव को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नालासोपारा पूर्व के सेंट्रल पार्क गार्डन में BJP-शिवसेना (शिंदे), श्रमजीवी संगठन व आगरी सेना वाली महायुति की 'विजय संकल्प' सभा को संबोधित किया। स्थानीय पार्टी बहुजन विकास आघाडी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि सत्ताधारियों ने 30 साल में यहां गुंडाराज चलाया है। सत्ता रखकर उन्होंने यहां एटीएम की तरह काम किया। भ्रष्टाचार करके गरीबों को लूटा गया है।

नालासोपारा में फडणवीस ने भरी हुंकार, बविआ पर किया वार

मुख्यमंत्री ने कहा कि वसई-विरार को चौथी मुंबई बनाया जाएगा। अब यहां गरीबों के घर नहीं टूटेंगे, बल्कि उन्हें पक्का मकान दिया जाएगा। कोस्टल रोड, फ्लाइओवर ब्रिज, रिंग रूट, मल्टिस्पेशलिटी हॉस्पिटल को मंजूरी मिल चुकी है। साथ ही, अवैध घरों को SRA के माध्यम डिवेलप किया जाएगा। यह शहर मेट्रो और बुलेट ट्रेन स्टेशनों के नाम से जाना जाएगा। विरार से वाढवन बंदर तक कोस्टल रोड बनाने का प्रस्ताव किया जा रहा है। विरार में इंटरनैशनल एयरपोर्ट बनाने की तैयारी है।

उन्होंने जनता से विधानसभा जैसा परिवर्तन मनपा चुनावों में भी दोहराने की अपील की। सभा में बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, सांसद डॉ. हेमंत सावरा, वसई-विरार चुनाव प्रभारी पूनम महाजन, विधायक रविंद्र फाटक, राजन नाईक, राजेंद्र गावित, स्नेहा दुबे पंडित, विलास तरे आदि उपस्थित थे।

# शिवसेना, सरनाईक पर नहीं बोले फडणवीस!

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर

मीरा-भाईंदर में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने BJP कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिवसेना और प्रताप सरनाईक को लेकर टिप्पणी से दूरी बनाए रखी।

शहर में मुख्य मुकाबला BJP और शिवसेना के बीच माना जा रहा है। कार्यक्रम से पहले शिवसेना विधायक व परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने फडणवीस के स्वागत के बैनरों के माध्यम से खूब सुर्खियां बटोरी थीं, जिससे यह जिज्ञासा बढ़ गई थी कि मुख्यमंत्री अपने भाषण में शिवसेना और सरनाईक पर क्या रुख अपनाएंगे। लेकिन अपने लगभग 30 मिनट के संबोधन में फडणवीस ने न तो शिवसेना का नाम लिया और न ही सरनाईक पर टिप्पणी की। फडणवीस इस 'चुप्पी' ने राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज कर दी है। विधायक नरेंद्र मेहता ने प्रताप सरनाईक पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि सरनाईक ने BJP बनाम शिवसेना की लड़ाई को व्यक्तिगत बनाकर 'मेहता बनाम सरनाईक' का रूप दे दिया है।

महायुति सरकार द्वारा किए गए विकासकार्यों के नाम पर मांगा वोट

# 'यह डेमोक्रेसी नहीं, भीड़ का राज है'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : राज ठाकरे ने नासिक में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम नासिक में सत्ता में आए थे, तो नासिक महानगरपालिका पर 700 करोड़ का कर्ज था। हमने कर्ज-मुक्त कर दिया है। हमारे पांच साल के शासन के दौरान विपक्षी पार्टी ने हम पर किसी भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगाया। नासिक में अच्छी सड़कें बनीं और ऐसा हो सकता है। ये लोग समझ नहीं सकते। पांच साल में फडणवीस ने क्या कहा जब वे आए और चले गए? मुझे बताएं कि ऐसा क्यों हुआ।

नासिक में महायुति सरकार पर भड़के उद्धव और राज ठाकरे

राज ठाकरे ने आगे कहा कि नासिक न्यू मेट्रो प्रोजेक्ट, नासिक आईटी पार्क, फ्लाईओवर, रिंग रोड, सेमी हाई स्पीड रेलवे लाइन, आदिवासी शिक्षा की घोषणा की गई। फडणवीस ने कुछ नहीं किया और नासिक को गोद लेने की बात कहकर धर्म के नाम पर लड़ा रहे हैं। फडणवीस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लाडली बहन योजना में 1500 रुपये दिए जा रहे हैं, महंगाई कितनी बढ़ गई है।

वहीं, उद्धव ठाकरे ने कहा कि राहुल नार्वेकर विधानसभा अध्यक्ष हैं, स्पीकर को बिना भेदभाव के काम करना चाहिए। हम पर भाई-भतीजावाद का आरोप लगाने वाली बीजेपी नार्वेकर के घर में तीन उम्मीदवार देती है। राज्य के चुनाव आयुक्त दुम दबाकर बैठे हैं। यह डेमोक्रेसी नहीं है। यह भीड़ का राज है। अगर हम आज खड़े नहीं हुए, तो तूफान मुड़ जाएगा। अगर हिंदुत्व का पर्दा न होता, तो तपोवन के लिए जमीन नहीं दी जाती। तपोवन यहां काटा जा रहा है। ताडोबा में खनन के लिए जमीन दी जा रही है।

# भिवंडी मनपा प्रशासन वोटिंग कराने को रेडी

## चुनाव की आवश्यक तैयारियां पूरी, चला रहे जागरूकता अभियान

■ विजय कुमार सिंह, भिवंडी

मनपा आयुक्त एवं चुनाव अधिकारी अनमोल सागर के नेतृत्व में 15 जनवरी को होने वाले मनपा के आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। मतदान और मतगणना प्रक्रिया के लिए आवश्यक लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान के लिए 820 कंट्रोल यूनिट और 1640 बैलेट यूनिट की जांच और सीलिंग का काम पूरा हो चुका है। नागरिकों के मतदान करने के लिए शहर के विभिन्न इलाकों में कुल 750 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान संपन्न कराने के लिए 4500 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।


मतदान के दौरान मतदाताओं के लिए छायादार मंडप और पीने के पानी की व्यवस्था की गई है। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए डोली और व्हीलचेयर का प्रबंध भी किया गया है। मतदान केंद्र वाली इमारतों में मुख्य चिकित्सा विभाग द्वारा प्राथमिक चिकित्सा किट और 'आशा' कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा, प्रत्येक चुनाव निर्णय अधिकारी के कार्यालय में ऐम्बुलेंस सहित एक मेडिकल टीम तैनात की गई है। शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पर्दानशीन महिला मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 350 महिला कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।

अतिरिक्त आयुक्त-1 एवं आचार संहिता टीम के नोडल अधिकारी विठ्ठल डाके के मार्गदर्शन में सहायक आचार संहिता टीम प्रमुख समीर जवरे और उनके सहयोगियों ने अब तक दो मामलों में कुल 12.66 लाख रुपये की नकदी जब्त की है। आचार संहिता उल्लंघन का 6 मामला दर्ज किया गया है। आचार संहिता टीम चुनाव प्रचार के दौरान नियमों के उल्लंघन पर कड़ी नजर रख रही है।

अतिरिक्त आयुक्त-2 एवं मानव संसाधन प्रमुख नयना ससाणे तथा उपायुक्त (चुनाव) विक्रम दराडे के मार्गदर्शन में मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों और उनकी टीम ने इस चुनाव के लिए कुल 4500 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है।

चुनाव कार्य के लिए 100 क्षेत्रीय अधिकारी भी नियुक्त हैं। इन कर्मचारियों को 25 और 26 दिसंबर, 2025 को पहला प्रशिक्षण दिया गया। 6 और 7 जनवरी, 2026 को दूसरा प्रशिक्षण संपन्न हुआ। अनुपस्थित 1009 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया था, जिसके बाद अगले प्रशिक्षण में उपस्थिति बढ़ी।

AI Image



### वोटिंग की तैयारियां

- **820** कंट्रोल यूनिट
- **1640** बैलेट यूनिट
- **750** वोटिंग सेंटर
- **4500** कर्मी तैनात

### विशेष बूथ की तैयारी

महिलाओं को मतदान करने के लिए गैबीनगर स्थित मनपा स्कूल नंबर 22/62 में विशेष 'पिंक बूथ' और गोपाल नगर स्थित डाईकर स्कूल में एक 'मॉडल बूथ' तैयार किया जाएगा।

" हमने जगह-जगह बड़े पैमाने पर मतदाता जागरूकता मुहिम चलाई है। शहर के नागरिकों से अपील की गई है कि उनका वोट शहर के विकास के लिए है। ऐसे में, मनपा के आम चुनाव में मतदान करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें।
-अनमोल सागर, मनपा आयुक्त एवं चुनाव अधिकारी

# ट्रैफिक जागरूकता के लिए अभियान

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : नवी मुंबई में यातायात नियमों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से नवी मुंबई ट्रैफिक पुलिस की ओर से सीवुड स्थित नेक्सस मॉल में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से आम नागरिकों, युवाओं और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के महत्व की जानकारी दी गई। ट्रैफिक पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव, तेज रफ्तार से वाहन चलाने, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने के गंभीर परिणामों के बारे में लोगों को समझाया।

# HC से राहत, तो ऐक्टिव हुए भोजने

## NMMC चुनाव में ट्विस्ट, रद्द नामांकन वैध से मुकाबला दिलचस्प

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : वॉर्ड क्रमांक 17-अ से BJP उम्मीदवार निलेश भोजने ने हाई कोर्ट से राहत मिलने के बाद खुशी जताई है। निलेश भोजने ने कहा कि वह अब पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे। उन्होंने मांग की है कि जिन अधिकारियों ने दबाव में आकर उनका नामांकन गलत तरीके से रद्द किया था, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।



अब प्रभाग 17-अ में मुकाबला और कड़ा होने की संभावना है। यहां शिवसेना जिला प्रमुख किशोर पाटकर मैदान में है। उनकी राह आसान मानी जा रही थी। लेकिन, अब उनका मुकाबला नीलेश भोजने से होगा।

# BJP से नहीं, बल्कि नाईक जनता पार्टी से मुकाबला: म्हस्के

## नवी मुंबई में शिंदे सेना ने जारी किया घोषणापत्र, वादों की बरसात

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : नवी मुंबई मनपा चुनाव के लिए शुक्रवार को एकनाथ शिंदे की शिवसेना की तरफ से घोषणापत्र जारी किया गया। इस मौके पर सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि नवी मुंबई में उनकी लड़ाई BJP से नहीं, बल्कि नाईक जनता पार्टी से है। उनका इशारा नाईक परिवार की ओर था। घोषणा-पत्र में नवी मुंबईकरों से जुड़े बुनियादी मुद्दों पर कई अहम वादे किए हैं। पार्टी ने दावा किया है कि यदि सत्ता में आई तो शहर के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद ने नाईक परिवार पर साधा जमकर निशाना

शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि नवी मुंबई में BJP के मूल कार्यकर्ताओं को टिकट नहीं दिया गया है, बल्कि नाईक परिवार की हां में हां मिलाने वाले लोगों को दिया गया है। जनता को नंदी बैल नगरसेवक के रूप में नहीं चाहिए, जो मालिक के कहने पर पूंछ हिलाता हो। इसीलिए शिवसेना बीजेपी के मूल कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर महानगर पालिका में शिवसेना का महापौर बनाएगी और जनता के लिए हमेशा पालिका के द्वार खुले रहेंगे, जिससे उसे पालिका अपनी लगेगी।



### संजीव नाईक का पत्र किया सार्वजनिक

शिवसेना उपनेता विजय नहाटा ने साल 2012 में भारतीय सांसदों द्वारा लिखे उस पत्र को सार्वजनिक किया, जिसमें संजीव नाईक के हस्ताक्षर थे। नहाटा ने कहा कि 40 सांसदों के एक समूह ने अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा को एक पत्र लिखकर पीएम मोदी को अमेरिका का वीजा नहीं देने की अपील की थी। इससे साबित होता है कि इनका BJP से कोई लेना देना नहीं है। आज तक उन लोगों ने BJP के शीर्ष नेतृत्व पर विपक्षी पार्टियों की तरफ से होनेवाले आरोपों पर बयान नहीं दिया है। ये लोग सिर्फ अपने परिवार के बारे में विचार करते हैं, बाकी किसी से उनका कुछ लेना देना नहीं है।

### घोषणा-पत्र की मुख्य बातें

- नवी मुंबईकरों को 24 घंटे पानी
- सुनियोजित पार्किंग स्टेशन बनाना
- फेरीवाला नीति को लागू करना
- 5 वर्षों तक पानी बिल, प्रॉपर्टी टैक्स में वृद्धि नहीं
- 500 वर्ग फुट तक के घरों को संपत्ति कर से छूट
- SRA, SRD और क्लस्टर योजनाओं का क्रियान्वयन
- शहर को प्रदूषण मुक्त रखना

# BJP के गढ़ में शिंदे सेना की धूम

## प्रभाग 1, 6, 7 और 8 का चुनावी गणित चुनौतीपूर्ण

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर

BJP का गढ़ माने जाने वाले भाईंदर (वेस्ट) में शिवसेना (शिंदे गुट) ने चुनावी मुकाबला रोचक बना दिया है। परिसर में शिवसेना नेता प्रताप सरनाईक लगातार ऐक्टिव हैं, जिससे BJP खेमे में हलचल है। यहां प्रभाग 1 स्लम बहुल है, तो प्रभाग 6, 7 और 8 नई-पुरानी रिहाइशी इमारतों से सजा है। इन्हीं प्रभागों में मनपा मुख्यालय, तहसील कार्यालय, भीमसेन जोशी अस्पताल, मैक्सस मॉल जैसे प्रमुख प्रशासनिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठान आते हैं।

हर प्रभाग में औसत 30 हजार वोटर हैं, जहां 80 से 90% वोटर हिंदीभाषी हैं। इनमें बड़ी संख्या मारवाड़ी, गुजराती, उत्तर भारतीय लोगों की है, जो डेढ़ दशक से BJP के पारंपरिक वोटर हैं। प्रभाग 7 और 8 में 5-10% मुस्लिम और ईसाई वोटर्स हैं। पिछले मनपा चुनाव (2017) में 16 नगरसेवकों में 15 BJP और एक शिवसेना का था। BJP के 15 नगरसेवकों में 11 नगरसेवक हिंदीभाषी थे। प्रभाग 6 ऐसा वॉर्ड है, जहां BJP कैंडिडेट आसानी से चुनाव जीत सकता है। लेकिन, इस बार टिकट वितरण को लेकर दोनों प्रभागों में नाराजगी है। BJP से सुनीता जैन को छोड़कर बाकी तीन उम्मीदवार नए हैं। ऐसे में, चार उम्मीदवारों के पैनल में सारा दामोदर भरत कोठारी पर है। शिवसेना के पैनल के कुणाल पुरोहित और उदय मोदी 1 दशक से सक्रिय हैं।

पिछले चुनावों में प्रभाग 8 से BJP के 3 और शिवसेना से केटलिन परेरा ने जीत दर्ज की थी। BJP ने सुरेश खंडेलवाल को छोड़कर 3 नए उम्मीदवार दिए हैं। डॉ. सुशील अग्रवाल का टिकट काटे जाने से अग्रवाल समाज नाराज है। ऐसे में, शिवसेना को मौका मिला है।

AI Image



### 2 जिगरी दोस्तों के हाथ प्रभाग 1 और 7

प्रभाग 1 और 7 बागडोर BJP में क्रमशः रवि व्यास, ध्रुवकिशोर पाटील और दरोगा पांडे और अशोक तिवारी के हाथ में है, जो मंजे हुए राजनीतिक खिलाड़ी हैं। फिर भी, प्रभाग 7 में BJP की पूर्व नगरसेविका व निर्दलीय रक्षा भूतानी BJP के वोटबैंक में सेंध लगा सकती हैं। प्रभाग 1 में पूर्व नगरसेवक व शिवसेना से ओमप्रकाश गाडोदिया व निर्दलीय रीटा शाह शह और मात का राजनीतिक खेल बिगाड़ सकती हैं।

### शिवसेना को मिला मौके का फायदा

इन प्रभागों में BJP मजबूत संगठन के साथ मैदान में है, तो शिवसेना अपने उम्मीदवारों से उम्मीद बांधे है। हालांकि, BJP के बागी और पार्टी के टिकट बंटवारे से नाराजगी ने शिवसेना को इन प्रभागों में पांव पसारने का मौका दिया है। शिवसेना नेता व परिवहनमंत्री प्रताप सरनाईक ऐसा मौका किसी भी हाल में खोना नहीं चाहते, इसलिए वह लगातार ऐक्टिव हैं।

## स्टेट अपडेट

### राजनीतिक दल नेताओं की कर रहे है खरीद-फरोख्त : अजित पवार

■ भाषा, पुणे : उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को राजनीति में वैचारिक प्रतिबद्धता में लगातार गिरावट पर चिंता व्यक्त की और आरोप लगाया कि अधिकतर राजनीतिक दलों ने अपने मूल सिद्धांतों को त्याग दिया है और वे अपने समर्थकों की संख्या बढ़ाने के लिए विभिन्न हथकंडे अपना रहे हैं। एनसीपी प्रमुख पवार ने एक इंटरव्यू में कहा, दल बदलना बहुत आम हो गया है, जिसमें नेताओं को प्रलोभन देकर या दबाव डालकर पार्टी बदलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने पुणे और पिंपरी-चिंचवड में स्थानीय भाजपा नेतृत्व पर अपने जुबानी हमले जारी रखे।

### '5 साल में शिंदे, पवार की राजनीति खत्म'

■ आईएएनएस, धुले : महाराष्ट्र के धुले में आयोजित एक जनसभा में एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस पर तल्ख टिप्पणी की और पार्टी द्वारा लगाए गए उस आरोप का जवाब दिया, जिसमें एआईएमआईएम को भाजपा की 'बी-टीम' कहा गया। ओवैसी ने कहा, ऐसे आरोप सच्चाई से ध्यान भटकाने की कोशिश हैं। ओवैसी ने महाराष्ट्र की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए दावा किया कि आने वाले 5 वर्षों के बाद जब फिर से चुनाव होंगे, तब न तो एकनाथ शिंदे रहेंगे और न ही अजित पवार। ओवैसी ने कहा, उनकी पार्टी ही जनता की आवाज को मजबूती से आगे ले जा सकती है।

### 'जालना में MVA बनाएगी मेयर'

■ आईएएनएस, जालना : कांग्रेस की महाराष्ट्र ईकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने दावा किया है कि महाविकास अघाड़ी (MVA) जालना नगर-निगम में मेयर बनाएगी। उन्होंने कहा, चुनाव प्रचार का दौर अभी शुरू हुआ है और आने वाले दिनों में बड़े नेता प्रचार के लिए मैदान में उतरेंगे। फिलहाल, एमवीए का जोर डोर-टू-डोर अभियान पर है। महाविकास अघाड़ी के भीतर बातचीत का दौर थोड़ा लंबा चला, लेकिन कांग्रेस की ओर से सभी सहयोगी दलों के साथ समन्वय बनाने का प्रयास किया गया। उन्होंने माना कि कम्युनिकेशन गैप है, लेकिन अब स्थिति स्पष्ट है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 10-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTM7 User: ajay.karekar Time: 01-09-2026 21:18 Color:

# विकास पथ पर अग्रसर बहराइच

## आकांक्षी जिला कार्यक्रम बना प्रगति का आधार

'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' के तहत बहराइच की प्रगति एक समग्र और बहुआयामी दृष्टिकोण से संचालित हो रही है, जो समावेशी विकास और मूल्यांकन योग्य परिणामों पर केंद्रित है। पांच प्रमुख क्षेत्रों में मुख्य प्रदर्शन संकेतकों का स्कोर इस प्रकार हैं:

| स्वास्थ्य व पोषण | शिक्षा | कृषि एवं सिंचाई | वित्तीय समावेश व कौशल विकास | बुनियादी सुविधाएं |
|---|---|---|---|---|
| स्कोर 88.6 (जून 2025) | स्कोर 78 (जून 2025) | स्कोर 31.5 (जून 2025) | स्कोर 48.1 (जून 2025) | स्कोर 90.1 (जून 2025) |
| 30% | 30% | 20% | 10% | 10% |

**बहराइच का चैंपियंस ऑफ चेंज कम्पोजिट स्कोर 62.5 (जून 2025)**

नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आकांक्षी जिला कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से समग्र सुधार के मामले में बहराइच उत्तर प्रदेश के उभरते हुए शीर्ष जिलों में शामिल हो गया है और देश के कई अन्य आकांक्षी जिलों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।






### दुधवा व कतर्नियाघाट को मिली विस्टाडोम ट्रेन की कनेक्टिविटी

उत्तर प्रदेश में देश की पहली विस्टाडोम जंगल सफारी ट्रेन शुरू की गई है, जो यात्रियों को रेल के माध्यम से अनोखा वन्यजीव अनुभव देती है। यह ट्रेन तराई क्षेत्र के घने जंगलों से होकर बिछिया, बहराइच (कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य के पास) से मैलानी (दुधवा टाइगर रिजर्व का प्रवेश द्वार) तक 107 किलोमीटर का बेहद खूबसूरत सफर तय करती है।

इस ट्रेन के विशेष रूप से डिजाइन किए गए कोच में बड़ी कांच की खिड़कियां और पारदर्शी छत है, जिससे यात्री जंगल, घास के मैदान, आर्द्रभूमि और वन्यजीवों को करीब से देख सकते हैं। यह अनुभव जीप सफारी से अलग और अधिक आरामदायक है, जहां यात्री शांति से बैठकर पक्षियों और वन्यजीवों को देख सकते हैं और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकते हैं।

धीमी गति से चलने वाली यह ट्रेन कतर्नियाघाट, दुधवा और किशनपुर के जंगलों और खुले प्राकृतिक क्षेत्रों से होकर गुजरती है, जिससे क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता साक्षात्कार पर देखने को मिलती है। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार की 'वन डेस्टिनेशन, थ्री फॉरेस्ट्स' इको-टूरिज्म योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य प्रकृति संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा देना है।



बहराइच स्थित कतर्नियाघाट एक शांत वन्यजीव अभ्यारण्य है, जो घने जंगलों, समृद्ध जैव विविधता और गिरवा नदी के लिए जाना जाता है। यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य, संरक्षण और इको-टूरिज्म का एक दुर्लभ और आकर्षक संगम प्रस्तुत करता है।


### बहराइच जिले का आधार: कृषि

- माइक्रो इरिगेशन के अंतर्गत आने वाला क्षेत्र मार्च 2018 में 0.28% था, जो अगस्त 2025 तक बढ़कर 10.25% हो गया।
- मनरेगा के तहत पुनर्जीवित किए गए जल निकायों की संख्या मार्च 2018 में 46 थी, जो अगस्त 2025 तक बढ़कर 790 हो गई।
- खरीफ फसल बीमा (प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना) का कवरेज मार्च 2018 में 22.46% से बढ़कर मार्च 2025 में 34.19% हो गया।
- रबी फसल बीमा (पीएमएफबीवाई) का कवरेज भी मार्च 2018 के 25.1% से बढ़कर मार्च 2025 में 32.17% तक पहुंच गया।
- कृषि ऋण में अर्ध वार्षिक अवधि के दौरान 50.70% की वृद्धि दर्ज की गई।
- प्रमाणित बीजों का वितरण मार्च 2018 के 92,170 क्विंटल से बढ़कर मार्च 2025 में 1,82,989 क्विंटल हो गया, यानी इसमें दोगुनी बढ़ोतरी हुई।
- ई-नाम से जुड़ी मंडियों की संख्या मार्च 2018 में 2 थी, जो अगस्त 2025 तक बढ़कर 3 हो गई।
- गेहूं की कीमत प्राप्ति में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो मार्च 2018 में -12.31% से बढ़कर मार्च 2025 में +3.09% हो गई।

### शिक्षा सुधार से जुड़ी पहल

**शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत जिले के स्कूलों में बीते कुछ वर्षों में कई प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। शिक्षा के तहत मुख्य फोकस क्षेत्रों में सीखने के परिणाम, साक्षरता दर, छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर), ट्रांजिशन रेट, बुनियादी सुविधाएं और पाठ्य पुस्तकों का वितरण शामिल हैं।**

- प्राथमिक से उच्च प्राथमिक स्तर पर छात्रों का ट्रांजिशन रेट मार्च 2018 में 72.43% था, जो अप्रैल 2025 तक बढ़कर 92.5% हो गया। यह छात्रों के बेहतर प्रतिधारण और निरंतरता को दर्शाता है।
- उच्च प्राथमिक से माध्यमिक स्तर पर ट्रांजिशन रेट भी बेहतर हुआ है, जो मार्च 2018 में 84.11% से बढ़कर अप्रैल 2025 में 89.44% तक पहुंच गया।
- अप्रैल 2025 तक सभी स्कूलों में बालिकाओं के लिए कार्यशील शौचालय उपलब्ध हो गए हैं, जिससे 100% कवरेज हासिल हुआ है। मार्च 2018 में यह आंकड़ा 97.26% था।
- स्कूलों में पेयजल सुविधाओं में भी लगातार सुधार हुआ है। मार्च 2018 में 98.26% से बढ़कर अप्रैल 2025 तक यह 100% कार्यशील स्थिति में पहुंच गई है।
- माध्यमिक स्तर पर बिजली की सुविधा भी पूरी तरह उपलब्ध हो गई है। मार्च 2018 में जहां यह 84.93% थी, वहीं अब 100% कवरेज हासिल कर लिया गया है।
- पाठ्य पुस्तकों के वितरण में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है। अप्रैल 2025 तक 100% स्कूलों में बच्चों को एक माह के भीतर पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई गईं, जबकि मार्च 2018 में यह आंकड़ा शून्य था।
- कायाकल्प अभियान के अंतर्गत 3000 स्कूलों का नवीनीकरण।






### पर्यावरण-अनुकूल कला को बढ़ावा



- यूपी के बहराइच में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत गेहूं के डंठल (गेहूं का डंठल) से बनी पारंपरिक और पर्यावरण-अनुकूल कला को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है, जो जिले की ग्रामीण विरासत से गहराई से जुड़ी हुई है।
- स्थानीय कारीगरों द्वारा अपनाई जाने वाली यह विशिष्ट कला बेकार समझे जाने वाले गेहूं के डंठलों को आकर्षक सजावटी और उपयोगी वस्तुओं में बदल देती है, जो रचनात्मकता के साथ-साथ सतत विकास का भी संदेश देती है।

### बहराइच का बुनियादी ढांचा विकास




**ऑल वेदर रोड**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत कार्य


100% कवरेज (2018-2025)

100% पूर्णता


**पेयजल (पीने योग्य पानी)**


पेयजल (40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन): ग्रामीण बस्तियां

100% ग्रामीण बस्तियां




### चित्तौरा झील का पुनरुद्धार विरासत पर्यटन को नई गति





चित्तौरा झील का विकास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संतुलित क्षेत्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत बहराइच जैसे जिलों को पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन के क्षेत्र में प्रोत्साहन और निवेश मिल रहा है। बहराइच में स्थित चित्तौरा झील (चित्तूर झील) तथा महाराजा सुहेलदेव स्मारक के विकास कार्यों का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया था।



### स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के प्रयास

- जिले के स्वास्थ्य उपकेंद्रों में आवश्यक उपकरण, फर्नीचर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, साथ ही बिजली, पानी और इन्वर्टर जैसी बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं।
- 378 नई एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) की नियुक्ति की गई है।
- विभिन्न स्वास्थ्य एवं वेलनेस केंद्रों का निर्माण किया गया है।
- स्वास्थ्य उपकेंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के निर्माण से दूरदराज और दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में एनसीडी स्क्रीनिंग, टीकाकरण, परिवार नियोजन सेवाएं, संस्थागत प्रसव आदि सभी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।
- वर्ष 2024 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा और 25 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाण-पत्र प्राप्त हुआ।
- टीबी-मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वर्ष 2023 में 15 ग्राम पंचायतों और वर्ष 2024 में 87 ग्राम पंचायतों को टीबी-मुक्त घोषित किया गया।
- सरकारी मेडिकल कॉलेज, बहराइच चिकित्सा शिक्षा, आधुनिक सुविधाओं और स्थानीय समुदायों को सुलभ व गुणवत्तापूर्ण इलाज प्रदान करके क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बना रहा है।

बहराइच मेडिकल कॉलेज



### वित्तीय समावेशन और कौशल विकास

- कम लागत वाला बांस बी2 बाजार स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को अपने उत्पादों को दिखाने और बेचने के लिए उचित मंच उपलब्ध कराता है।
- स्वयं सहायता समूह उत्पादों को बी2 'ब्रांड बहराइच' की साझा पहचान के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे ब्रांडिंग और दृश्यता में सुधार हो रहा है।
- यह पहल मजबूत उत्पादन क्षमता के बावजूद स्वयं सहायता समूहों को ब्रांडिंग और मार्केटिंग से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करती है।
- इसके माध्यम से स्वयं सहायता समूह सदस्यों की मार्केटिंग, वित्तीय प्रबंधन और उद्यमिता क्षमताओं में वृद्धि हो रही है।
- साथ ही, इससे स्वयं सहायता समूह सदस्यों में आत्मविश्वास बढ़ रहा है, आय सृजन के अवसर बन रहे हैं और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती मिल रही है।
- पोर्टल पर पंजीकृत कुल प्रशिक्षुओं में से प्रशिक्षण पूरा करने वाले अप्रेंटिस का प्रतिशत (वेटेज 1.25) मार्च 2025 में 77.09% था, जो अप्रैल 2025 में बढ़कर 87.85% हो गया।

#### लखपति दीदी

सामुदायिक संसाधन व्यक्ति (सीआरपी)
**1,417**

संभावित लखपति दीदियां (पीएलडी)
**1,10,988**

डिजिटल आजीविका रजिस्टर (डीआर)
**3,03,568**

#### कनेक्टिविटी

राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-927): बहराइच को बाराबंकी और लखनऊ से जोड़ता है

निकटतम हवाई अड्डा: चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (लखनऊ)

नई परियोजना: पर्यटन और आकांक्षी जिलों से कनेक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्य से बहराइच से खलीलाबाद (श्रावस्ती के रास्ते) तक एक नई ब्रॉडगेज रेल लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

### बाराबंकी-बहराइच हाईवे बनेगा उत्तर प्रदेश का पहला डिजिटल हाईवे

- 101 किलोमीटर लंबा, चार लेन वाला बाराबंकी-बहराइच हाईवे उत्तर प्रदेश का पहला डिजिटल हाईवे बनने की दिशा में अग्रसर है। इससे सड़क सुरक्षा, यातायात की दक्षता और कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इस परियोजना में ऑप्टिकल फाइबर केबल, 24×7 नेटवर्क उपलब्धता, एनपीआर कैमरे और आधुनिक लाइटिंग सिस्टम जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल करेगा, जिससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।
- यह हाईवे एनएच-927 का हिस्सा होगा और बाराबंकी को श्रावस्ती एयरपोर्ट, एनएच-27 और भारत-नेपाल सीमा से जोड़ेगा। मार्ग के साथ तीन मीटर चौड़ी डक्ट में ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाई जाएगी, जिससे मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बेहतर होंगी। कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए कंपनियां इस मार्ग के किनारे भूमि भी लीज पर ले सकेंगी।
- यह परियोजना महादेवा कॉरिडोर के चलते बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए तैयार की गई है और उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का लक्ष्य रखती है। वर्तमान में इस मार्ग पर प्रतिदिन करीब 25,000 वाहन चलते हैं, जिससे संजय सेतु पुल पर दबाव बढ़ता है। चार लेन विस्तार से बाराबंकी, बहराइच, गोंडा और बलरामपुर जिलों के लोगों के साथ-साथ नेपाल जाने वाले यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी।
- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की देशव्यापी डिजिटल हाईवे पहल के तहत यह परियोजना दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और हैदराबाद-बेंगलुरु कॉरिडोर की सफलता के बाद एक और अहम कदम है, जो भारत के सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

READER ENGAGEMENT INITIATIVE

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in